सर्वनाश
श्री जैन जवाहर पुस्तकालय
1380
एक ही प्याला
?

दक्षिण हैद्राबाद

जीवरक्षा ज्ञान प्रचारक मंडली

सं० १९७१ विक्रमी] स्थापना [सन १९१५ इस्वी

उद्देश

अहिंसा प्रत्येक सामाजिक नीति का सच्चा और प्रजा मुख्य अंग है। इस तत्त्व का निश्चय कर सर्वसाधारण में सतत प्रचार करना इस मंडली का मुख्य उद्देश है। यह मंडली निम्न लिखित सुधारों का आग्रह पूर्वक सम्भव व प्रयत्न पूर्वक प्रचार करेगी

(अ) "इंद्रियज्ञान वाले" सब प्राणियों को हरेक प्रकार की निर्दयता से बचाने का प्रयत्न करना

(आ) वैज्ञानिक आत्मिक, नित्य नैयामिक और आयुर्वेदिक दृष्टया शुद्ध शाकाहार से व मद्यपानादि मादक द्रव्यों के त्याग से होनेवाले लाभ, प्रजा को समझाना

(इ) धर्म अथवा रूढि के नाम से प्रचलित पशुपक्षि आदि निर्दयता पूरित प्रथाओं को संपूर्णतया बंद करने के लिये अधिकारी वर्ग से विनंति करना और प्रजामत तदनुकूल करना

(ई) परदेश से मंगवाया हुआ अथवा मंडली द्वारा खास रचवा कर विविध भाषाओं में प्रकाशित किया हुआ अहिंसा संबंधी साहित्य जनता में बांटना

(उ) जन कल्याण के अराजकीय प्रश्नों को अपनाना

एक ही प्याला

?

प्रयोजक

आमुख

मद्य या दारु पीने से कैसी २ हानियां होती हैं प्रायः सब समझदार लोक जानते हैं धर्मशास्त्रों में इस का कड़ा निषेध किया गया है व्यवहार में लोक दारु के व्यसनी जनों का विश्वास कम किया करते हैं व गुन्हागार एवं सजाबार भी पाये जाते हैं वैद्य हकीमों की राय है कि दारु के पीने से उन्माद आदि बीमारियां व अकाल मृत्यु हो जाती है शराबी व उस के कुटुंब परिवार को सदा दरीद्री सताया करती है ऐसी एक नहीं अनेक बुराईयों के दिखने पर भी कैसे आश्चर्य व दुःख की बात है कि मद्यपान देशभर में दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। देश की भलाइ चाहने वालों का कर्तव्य है कि वे इस अनर्थ से बचने के लिये प्रजा का ध्यान शीघ्र आकर्षित करें व ऐसी पुस्तकें पत्रिकायें वॉलपापरें आदि साहित्य का विविध भाषाओं में प्रचार एवं ओदर भाषण आदि लोकजागृति के साधनादि अनेक प्रकारों से इस बढ़ती हुइ आपत्ति को रोकने का प्रयत्न करें

यह छोटी पुस्तक श्री बंबई लक्ष्मी आर्ट प्रिंटिंग प्रेस के मालिक सेठ पुरुषोत्तम विश्राम मावजी द्वारा सुवर्णमाला मासिक में प्रकाशित मद्यपान की करनी" नामक सचित्र कहानी पर से परिवर्धित कर लिखी गइ है, यह कृतज्ञता पूर्वक व्यक्त किया जाता है आशा है कि वाचकगण इसे पढ़ कर मित्र मंडल में इस में की उपदेश का प्रचार करेंगे उपर्युक्तानुसार साहित्य छपाने में धनसहायता के लिये भी प्रार्थना है

निवेदक

बी. जी. स्टेशन रोड, हैद्राबाद (दक्षिण) } लालजी मेघजी

श्री मफतरी.

सर्वनाश
या
एक ही प्याला

१

(१)

मोहमयी मुंबा नगरी में गोपालराव नाम के गृहस्थ रहते थे पूर्वजों की प्राप्त की हुई स्थावर मिल्कत की वार्षिक आमदनी सिवाय सवा सौ रुपये मासिक वेतन था अर्थात् आर्थिक हालत अच्छी थी आप की पत्नी रमाबाई रूप गुणवती आज्ञाकिता नारी थी आप का एकलौता पुत्र रंगराव होनहार नवयुवक अभी आर्ट्स कॉलेज में अभ्यास कर रहा था तरुण रंगराव का विवाह कुलवती सुशीला लड़की से किया गया था जिस का नाम था इंदिरा इन्दिरा उर्फ लक्ष्मी अपने नामानुसार लक्ष्मी का अवतार थीं व लज्जाविनयादि गुणों से दोनों कुलों की शोभा को बढ़ा रही थीं इंदिरा की गोद एक लड़का व एक लड़की से हरीभरी होने से पुत्रवती बहू पर रमाबाई का अधिक प्रेम था पौत्रपौत्री की बालक्रीड़ा देख कर वृद्धा रमाबाई फूली न समातीं व उस का समय वात्सल्य रस में व्यतीत हो जाता था इस प्रकार गोपालराव का सुखी कुटुंब मानों प्रेम का शांतिधाम था

जिस किसी को निर्धनता गरीबी का दु:ख हो, किसी को अपने मन के अनुकूल स्त्री न मिली हो, किसी को पुत्र

का काम न हो अथवा पुत्रवधू के कारण घर में सास-बहू की लडाई हो, किसी को पौत्र पौत्री नसीब न हुए हों इस प्रकार आधि व्याधि उपाधि पीडित कोई दु:खी प्राणी जब हमारे चरित्र नायक गोपालराव का कुटुंबसुख देखते तब उन के मुख से यह शब्द एकाएक निकल जाते थे कि "इस गृहस्थ के गृहस्थाश्रम को धन्य है" परमेश्वर किंवा कुदरत की कृपा से पुण्यवान प्राणी संसार में भी स्वर्गतुल्य सुखों का भोग कर सकते हैं इस का उस प्रेक्षक को प्रत्यक्ष अनुभव हो जाता था, हमारे इस कथन की सत्यता जांचने के लिये पाठकगण कृपया सामने के पृष्ठ पर 'सुखी कुटुंब' का चित्र नंबर १ देखें,

(२)

परंतु संसार परिवर्तनशील है भाग्य का चक्र हमेशां घूमते रहता है सदाकाल सुख किस का रहा है ! गोपालराव इस के अपवादरूप क्यों कर हो सकते ? किसी ने ठीक कहा है कि 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' गोपालराव नवीन रोशनी के याने सुधारक पथी सद्गृहस्थ थे धर्मधर्मों को वहम समझ कर कभी के त्याग चुके थे आहार विहार एवं खानपान में स्वतंत्रता का प्रतिपादन बडे जोर से अपनी बातचीत में बारबार किया करते थे यद्यपि अभी तक उन के घर में मद्यपान किंवा मांसाहार का प्रत्यक्ष प्रवेश न हुआ था तथापि श्रीमान् की राय में इन चीजों का उपयोग करने में कुछ भी बुराई न थी। इस जमाने में प्रचलित छोटे २ व्यसनों का याने चाय सिगरेट आदि का यथेच्छ उपभोग किया करते थे जीवन की इन अनियमितता के कारण कुछ

(चित्र नम्बर १)

सुखी कुटुम्ब

(चित्र नम्बर २)

एक ही प्याला

दिन हुए अजीर्ण व्याधि आप को सताने लगी बदहजमी से बचने का उपाय आप के कुछ मित्रोंने कोई उत्तेजक पेय याने गुलाबी नशेदार पीना रोजाना पीनेकी सिफारिश की उनका अभिप्राय था कि उत्तम प्रकार की ब्रान्डी या व्हिस्की जैसी दारु यदि नित्य थोडी २ माफकसर ली जाय तो तन्दुरुस्ती को फायदा होगा इस के अनुमोदन में किसी एक डॉक्टर साहब ने अपनी सम्मति प्रगट कर दी कि ऐसा करने से आराम रहेगा इन सब बातों का परिणाम यह हुआ कि एक दिन मित्रमंडली के आग्रहवश भोलाशिकार बन के गोपालराव ने मद्यपान का श्रीगणेश शुरु कर ही दिया एक ही प्याला पिलाने वाले मित्रों में गोपालराव दोनों हातों से निषेध करते हुवे चित्र नंबर २ में पाये जाते हैं।

(३)

जिस ने विवेक को त्याग दिया उस का सर्वनाश अवश्यभावि है गोपालराव का दारू का व्यसन व्यसनी मित्रों की संगति में प्रति दिन बढने लगा धीरे २ उस दुर्व्यसन ने आप पर ऐसा अधिकार जमाया कि नित्य मद्य सेवन किये बिना चैन न पाते मित्रों के आग्रहयुक्त आमंत्रणों से आप उन के यहा मिजबानी पार्टीयों में जाया करते थे दारु भी वहा रहती थी कईबार मित्रों को अपने घर पर पार्टी में बुलाते थे उन के स्वागत में कई बोतलें खलास की जाती थीं इन मिजबानीयों की रातों में गोपालराव के घर में सब मित्रों द्वारा जो गडबड धींगामस्ती व नाच कूद गाना रोना मचाया जाता था उस से सारा घर कॉप ऊठता था बिचारी रमाबाई

अपने पति की यह विपरीत अवस्था देख, मन ही मन किस प्रकार सिसक जाती इस की कल्पना कीजिये उस के कोमल हृदय में गहरी चोट आई किन्तु लाचार! अनेक बार विनति करने पर भी पतिदेव ने उस की एक न मानी। औंधे घडे पर पानी! ऐसी पति की दुर्दशा देख वह अबला फूट २ कर रोती, आसुओं की धारा बहाती, इधर गोपालराव अपने मतवाले मित्रों सहित मद्यपान के मजे में मस्त रहा करते थे। पूर्ण व्यसनाधीन दशा में उन के मित्रों का नृत्य सामने के पृष्ठ पर चित्र नबर ३ में देख कर आप अवश्य दु खी होंगे

(४)

जिस घर के वडिल याने मुख्य पुरुष दुराचार के तरफ झुकते हैं उन का अनुकरण छोटे बच्चे वगैरा किया करते हैं उन की बूरी चाल का बूरा सस्कार दूसरों पर पड जाता है गोपालराव की उपर्युक्त चेष्टाओं का उन के पुत्र रगराव पर विपरीत परिणाम हुआ पिताजी नित्य मित्र मडल में इतनी बोतलें स्वाहा कर जाते हैं इतनी इस दारु में क्या माधुरी होगी यह सहज प्रश्न तरुण रगराव के चपल मस्तिष्क में बारबार घूमने लगा एक बार दारु का स्वाद चखने के लिये वह उत्कठित हो गया व चुपचाप कोई न देख सके ऐसे एकांत की ताक में रहने लगा एकांत मिलते ही थोडासा चखने का उस ने निश्चय कर लिया दुर्भाग्यवश उसे एक दिन ऐसा प्रसग मिल गया घर में दूसरा कोई नहीं है ऐसा देख उस ने आलमारी खोली व एक बोतल में से एक ही प्याला भर के थोडा सा चखने के लिये उगली डुबोकर चाट देखा! खबरदार

(चित्र नंबर ३)

पूर्ण व्यसनाधीन दशा में

(चित्र नंबर ४)

प्रथम आस्वादन

रगराव ! क्या तूने कभी नहीं सुना कि दारु पीने से बुद्धिनाश होता है ? क्या तूने अपनी आंखों से नहीं देखा कि दारु पीनेवालों की कैसी दुर्दशा होती है ? तू पढा-लिखा समझदार होते हुवे इस समय तेरी सुधबुध कहां गई ? सम्हल जा ! अंध व्यसन से अपने आप को बचा ले ! क्या ! तेरी पत्नी इंदिरा व तेरे बालकों के लिये तेरे दिल में कुछ भी दया नहीं है ? होशियार ! इस एक ही प्याले को स्पर्श करने का कुविचार कभी मत कर, परन्तु अरे ! कांपते हुवे हाथ से उसने यह प्याला उठा लिया, इतना हि नहीं, उस अविचारी मूर्ख ने पी भी डाला !! (चित्र नंबर ४) देखें

(५)

आम फलन्त परिवार सों, मधुक फलन्त पत खोय ।
ता को रस सामन पिये, काहे न निर्लज्ज होय ? ॥

चोरी छुपी से दारु पीते २ रगराव का व्यसन धीरे २ प्रबल होते चला प्रारंभ में वह अपनी पत्नी इंदिरा से छुपा कर पिया करता था किन्तु ऐसा कहां तक चले ? अंत में एक दिन इंदिरा ने देख लिया कि रगराव मेज पर बैठे मद्य का प्याला भर रहा है । पत्नी ने देख लिया यह मालूम होते ही वह निर्लज्जता धारण कर कहने लगा "मेरी तबीयत के सुधार के लिये दवा के तौर पर एक ही प्याला लेता हु" ऐसा कहे कर बात को टाल दी

दुर्भागी इंदिरा ! तेरे पति को दुर्भाग्य ने घेर लिया है उस को बचाने के लिये तू अपने अंत करण की दुःखी आह उसे सुनाने का व्यर्थ प्रयत्न कर रही है । देवि ! इस

में सदेह नहीं कि तू अपना कर्तव्य पालन कर रही है किन्तु भोली ! तेरे सदुपदेशक हित वचन सुनने के लिये अभागे रंगराव के कान कहां हैं ? इस कि बुद्धि मद्य के प्याले में डूब चुकी है ! अब तेरे लिये एक उपाय बाकी है कि उस दयालु परम पिता परमात्मा की प्रार्थना कर कि वह प्रभु तेरे रंगराव को असत् से सन्मार्ग पर ले जाये, घोर अंधेरे में से उजियाले में प्रयाण कराये प्राणनाथ के समीप निष्फल प्रार्थनायें करती हुई गृहदेवी इंदिरा को चित्र नंबर ५ में देखिये

(६)

मद्य पी कर मतवाला बना हुआ रंगराव मध्य रात्रि के शुमार पर बाजार से घर को लौट रहा था बेहद पीने के कारण उस का पैर जमीन पर न टिकता था उस का मस्तिष्क घूम रहा था एकाएक उसे चक्करी आ गई और वह धाह सा भूमि पर गिर पडा अच्छा हुआ जो पास में बहती हुई नाली की किनार पर पत्थरों से कपाल फूटते बच गया ! इधर गटार की बाजू में बेहोश पडे हुए रंगराव और जीवरहित शरीर याने मुर्दा इस में कुछ विशेष भेद नहीं दिखता यह वाचकगण देख सकते हैं अरे रे ! मद्यपान के कारण इस मनुष्य देह की कैसी दुर्दशा ! मृत शरीर पर ज्यों गीध कौवे लोंचने के लिये टूट पड़ते हैं उसी प्रकार बेहोश शराबी के खीसे पाकीट चोर डाकूओं द्वारा टटोले जाते हैं, ये उसे उल्टापुल्टा कर धन हरण कर लेते हैं परम कृपालु परमात्मा ने मनुष्य को बुद्धिका दान दिया है जिससे भला बुरा जान सके किन्तु अविचार व प्रमाद से जन बुद्धि को तिलांजलि दी जाती है, मद्य के प्याले में

(चित्र नंबर १)

निष्फल प्रार्थनायें

(चित्र नम्बर ६)

पैदलों की हालत

मत बुद्धि को डुबो दी जाती है तो परम पिता परमात्मा की आज्ञा उल्लंघन का पाप होता है जिसकी शिक्षा याने फल स्वरुप यों बुद्धिरहित जड देह की ऐसी दुर्देशा चोर डाकूओं के द्वारा होना स्वाभाविक है शराबी के चेतनारहित शरीर को चोर लूट सकते हैं, रोग अपना सहारक पना आसानी से डालते हैं कारण जिस देह में विवेक बुद्धि रूपी दीपक नहीं, जहां सार विचार सहित सुमति का निवास नहीं ऐसे अंधेरे उजाड घर में चूहे घूस का होना कोई आश्चर्य नहीं ! बेशुद्ध होकर पडा हुआ रंगराव लुट रहा है यह तो ठीक, परंतु ऐसी बेहोशी की हालत पाने के लिये, घर के दाम गंवाके लोकों में अप्रतिष्ठा कमाने के लिये उस ने आज तक अपने घर की बहुतसी अमूल्य चीजें दारुवालों की दुकान पर या सावकार के यहां गिरवी रख चुका है यह कैसी दुःखद घटना है प्रत्यक्ष अपनी जन्मदात्री माता और पत्नी व बालकों के मुख में से अन्न का कौर व अंग पर से ओढने का वस्त्र खींच कर बेचने में उसने शरम नहीं की रंगराव के देह की दुर्देशा बेहोशी की हालत में चित्र नंबर ६ से दिखती है

(७)

अरे यह कौन अभागा औरत को पीट रहा है ? वही सुधारक शिरोमणि गोपालराव का छोकरा पुत्र रंगराव जिसने अपने मद्यपी पिता का अनुकरण कर 'बाप से बेटा सवाया' प्रत्यक्ष कर दिखाया व अपने सर्वनाश को आमंत्रण दिया रंगराव का व्यसन उत्तरोत्तर बढते ही गया जिस प्रकार किसी ऊंचे पहाड की चोटी पर से लुढकता हुआ बडा पत्थर उतार की ओर अधिकाधिक वेग से गिरता हुआ किसी से नहीं रोका जा सकता किन्तु उसे रोकने की चेष्टा करने वाले का कपाल फोड कर उसे भी अपने साथ ले गिराता है उसी प्रकार रंगराव अब ऐसी हद तक पहुंच गया था कि उसका सुधार

भसभससा प्रतीत होने लगा आगे वर्णित हो चुका है कि घर की बहुतसी चीजें, औरत के जेवर भी बेच के पी चुका था अब बेचने के लिये घर में बाकी ही क्या था ? अर्थात् पत्नी के गले का सौभाग्यचिन्ह—मंगलसूत्र पर—पतिदेव रूपी शनि महाराज की नजर पड़ी। मंगलसूत्र तोड़ देने के लिये इंदिरा को फरमाया गया! हिन्दु धर्मानुसार सौभाग्यवती स्त्री अपना सौभाग्यचिन्ह—मंगलसूत्र नहीं तोड़ सकती इस लिये इंदिराने नम्रतासे पतिदेव को बहुतेरी विनतियां कीं परन्तु लात मार के उसे गिरा दी गई व उस बिचारी का गला घोंट कर जबरदस्ती मंगलसूत्र तोड़ ही लिया, और गुस्से से अनेक प्रकार की गंदा गालियां देते हुवे उसे बेतकी छड़ी से जानवर के समान पीटने लगा

वाचक गण! जहां हार्मोनियम बाजा का संगीत सुनाई देता था आज उसी घर में औरत व बच्चों का यह रोना चीखना कैसा? लक्ष्मी के समान लाड में पली हुई इंदिरा आज जानवरों के जैसी बेत की छड़ीयों से पीटी जा रही है इस का क्या कारण है? यह किस का प्रताप है? सज्जनो! यह उस 'एक' ही प्याले की करतूत है जिसे पहिले दवाई के तौर पर पिया गया था! यह उस एक ही प्याले का पराक्रम है जिस के कारण रंगराव के बच्चे आज सुखी रोटी के लिये तरसत हुवे नंगे भूखे रो रहे हैं चित्र नंबर ७ में उस हतभागी कुटुंब को देखें

(८)

उत्तमक पेय या गुलाबी नशा समझ कर पिया हुआ एक ही प्याला! इस प्याले में यह मतवाला भयरम है या उन निराधार विधवाओं व अनाथ बालकों के आंसुओं से यह प्याला लबालब भरा हुआ है? इस एक ही प्याले में श्रीकृष्ण का यदुवंश डूब गया, इस एक ही प्याले में नित्य कई कुटुंब डूब रहे हैं, फिर भी इस की मोहनी नहीं छूटती! कैसा

(चित्र नम्बर ७)

हतभागी कुटुम्ब

(चित्र नंबर ८)

करअदारी

मोहकता ! छोटीसी वामन मूर्ति ने महा प्रतापी बलिराजा को अपने साडे तीन कदमों के तले पाताल में दबा दिया था यह पुराण में प्रसिद्ध है परन्तु इस छोटे से प्याले का पराक्रम उससे कुछ कम नहीं !

सुस्ती टालने व हुशारी बढाने के लिये पीये गये उस प्याले ने गोपालराव की बीमारियां बढाने में कुछ कसर न रखी उन के त्रिविध ताप, आधी व्याधि उपाधी अत्यत बढा दिये शारीरिक कष्ट याने रोगवश पथारीमें पडे रहते, उठ न सकते थे, नौकरी छूट गई थी, पैसे न होने से दवा का ठीक प्रबध न हो सकता था खानेपीने में भी कठिनाईयां प्रतीत होती थीं इस पर भी एकलौता पुत्र रगराव अट्टल दारुबाज हो कर उतार चढाव में मस्त रहता था यह उन को बडा मानसिक दु ख था अधूरे में पूरा मारवाडी सावकार का कर्जा बढ गया था व सूद मिला कर भारी रकम देनी हो गई थी जिस की भरपाई करना गोपालराव के लिये बिलकुल असभव था सावकार क्यों दया करता ? उसने सरकार में दावा दाखिल किया व डिक्री हासिल की डिक्री बजा लाने के लिये पोलिस के दो जवानों कारकून सहित गोपालराव के घर पर जप्ती लाई गई घर में जो कुछ रहा सहा था सब हरांभ किया गया मूर्ख रगराव अब कपाल पर हाथ दे कर नसीब को व्यर्थ दोष देता हुआ सावकार के बहिखाते की ओर निराशा से देखते बैठा है, गोपालराव अधमरी हालत में चौपायी पर लेटे हुव सहुतेरा पछता रहे हैं किन्तु जैसी करनी वैसी पार उतरनी देखें चित्र नबर ८

(९)

किसी ने क्या खूब कहा है कि जब सकट आते हैं तो एक दो नहीं फौज की फौज आती है दुर्दैवी गोपालराव के भाग्य में इस से अधिक दु ख देखने बदे थे

आज घर में केवल एक ही रुपया था वह भी रमाबाई-

इंदिरा के सीनेपिरोने के काम की मजदूरी का मिला था उस में से आठ आने का अनाज लाकर घर में डाला व बाकी के आठ आने ले कर रंगराव ने बाजार के तरफ चल दिया।

सायंकाल का समय था रंगराव सीधा दारुवाले की दुकान पर गया उस ने आठ आनी दे कर अखीर का एक ही प्याला लिया व पी गया वाचकगण, रंगराव को क्या मालूम कि यह उस का अखीर का एक ही प्याला था?!

प्याला पी कर मतवाला रंगराव, विना उद्देश सडक पर से गुजरने लगा विशाल रस्ता उस के चलने के लिये बस न था यह इस बाजु से उस बाजु, दोरी तूटे हुवे पतंग के माफक गोते लगा रहा था कि सामने से आती हुई मोटरकार के साथ झपट पडा मोटर उसे गिरा कर पलायन हो गई रात का समय था, रस्ता चलनेवाले थोडे थे रंगराव खून से भरा हुआ बेहोश पड रहा था धीरे २ लोक जमा हो गये किसी दयालु पुरुष ने पानी मँगवाया व रंगराव के मस्तक पर छिनक के उसे शुद्धि में लाने का यत्न किया इतने में पोलिस आ गई व रंगराव को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुचाया गया राहदारियोंमें से किसीने रंगराव को नहीं पहिचाना, यदि पहिचान सकते तो उस के घर पर समाचार दिये जाते किन्तु कोई क्यों न हो, मनुष्य के जैसा ज्ञानवान प्राणी, दारु के व्यसन के आधीन हो ऐसी दुर्दशा को प्राप्त होता है यह प्रत्यक्ष देख सब प्रेक्षकगण दारु का तिरस्कार एवं दारुबाज के लिये दया का भाव व्यक्त करने लगे (चित्र नंबर ९)

(१०)

मध्य रात्रि हो गई, अभी रंगराव घर नहीं आया देख, उस की पत्नी इंदिरा व माता रमाबाई को अतिशय चिंता होने लगी मित्रों के यहां कहीं मिजमानी में गया होगा समझ कर राह बहुत देखी कभी २ रंगराव नित्य रातको बडा देरी से घर आया करता था परंतु आज के जितनी देरी कभी न हुई थी

(चित्र नम्बर ९)

मद्यपान का परिणाम

उन बिचारी अबलाओं को क्या खबर कि छाकटा रगराव आम मोटर की टक्कर का शिकार हो अस्पताल का महेमान बना हुआ है? पति के कुशल सबंधी चिंता से इंदिरा आमरात में बिलकुल नहीं सोयी बीमार गोपाळराव की सुश्रुषा में रमाबाई को नित्य रत लगा हुआ ही करता था रात्रि कैसे भी व्यतीत हुई प्रभात होते ही किसी पड़ोसी को रगराव के मित्रों के घर तपास के लिये भेजा गया किन्तु कुछ पता न चला! अखीर किसी ने समाचार पत्र में छपा हुआ वृत्तात सुनाया कि "कल रात्रि के समय कोई नवयुवक दारु के नशे में किसी मोटरकार से टकरा कर बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुचाया गया था उस का देहान्त हो गया है युवान का नाम व पता मालुम न होने से उस का मृत देह पहिचानने के लिये उक्त अस्पताल में खुला रक्खा गया है प्रमागण आ के उस देह को देख सकते हैं उस के सगेसबधी जनों को मृतदेह सस्कारार्थ दिया जा सकेगा"

इहवृत्त के शीर्षक से छपे हुवे शोक समाचार वर्तमान पत्र के पृष्ट पर चित्र नंबर १० में देखिये

(११)

यह दु खदायक समाचार सुन कर रमा इंदिरा का अत करण फाक उठा परतु धीरज धरके कुछ सबधी जनों को स्थानिक अस्पताल में तपास के लिये भेजे उन्होंने मृत रगराव का देह घर पर ले आने का प्रबध किया, उस का अग्निसस्कार किया गया उस समय रगराव की मातुश्री रमाबाई व उस की पत्नी इंदिरा ने किस कदर करुण विलाप किया होगा उस का वर्णन नहीं हो सकता उस की केवल कल्पना हो सकती है उन बिचारी अबलाओं के दयाजनक रुदन से तथैव अनाथ बालकों की आहो पुकार से वह घर स्मशान के तुल्य भयकर दिखने लगा

पुत्र का देहान्त हो गया यह समाचार बीमार पथारीवश वृद्ध गोपाळराव को मालुम होते ही उन पर बिजली पड़े जैसा आघात हुआ वे सुनते ही बेहोश हो गये, फिर होश में आ

कर बिलख २ कर रोने लगे परतु 'पछताये क्या होत जब चिड़िया चुग गई खेत ?'

गोपालराव को समस्त ससार शून्य दिखने लगा किसी प्रकार इस दु खी जीवन का अत कर देने का उन्होंने निश्चय कर लिया उन की पत्नी रमाबाई सेवासुश्रूषा निमित्त हमेशा हाजिर रहा करती थी एक रात को रमाबाई को कुछ नींद आ गई देख कर गोपालराव ने अपना निश्चय पूर्ण करने का अवसर पा लिया समीप में मेज पर शीशी में जहरी दवा जो सिर्फ लगाने की दवा थी उसे पी लिया उस कातिल जहर ने गोपालराव का जीवन—दीपक बुझा दिया।

रमाबाई जागी तो क्या देखती है? पति मीठी नींद में शात सो रहे हैं! बहुत रातों से नींद नहीं आयी, आज कुछ सो गये होंगे समझ कर कुछ समय ठहर गई। अखीर धीरज न रही। पति को हिला कर जगा रही है परतु पति कहां? मद्यपान के महालोक में अपनी करनी का फल चाखने के लिये पति ने कभी को जन्म दिया था

अभागिणी रमाबाई का सौभाग्यसूर्य अस्त हो गया उस की आंखों में अधेरा छा गया, गोपालराव की मृत्युसय्या के पास बैठ कर रोती हुई उस बिचारी विधवा की दशा देख कर कैसी भी कठिन छाती के पुरुष को दया आयेगा गरमी से लोहा भी पिघल जाता है फिर मनुष्य की क्या कथा। चित्र नबर ११

(१२)

गोपालराव के मरण से एक समय के सुखी परतु वर्तमान में अभागी कुटुब का आधारस्तभ बैठ गया पुत्र का अकाल मृत्यु के बाद पति की आत्महत्या इन एक के बाद एक आनेवाली आपत्तियों की परपरा से रमाबाई का चित्त भ्रमित सा होगया फिर भी धैर्य से रहासही जिंदगी के दिन कष्ट से गुजार रही थीं रगराव की विधवा इंदिरा व उसके बेटाबेटी की जोड़ी उसके अधकारमय जीवनमार्ग में आशा का एक मात्र किरण था रगराव का बेटा मधुकर कम बदा

(चित्र नम्बर ११)

करुण दृश्य

(चित्र नम्बर १२)

दुःखमय अंत

हो जायगा इसी आशातंतु के सहारे रमाबाई जी रही थीं

परंतु क्रूर देव को यह कब मंजूर था? यह इंदिरा कोमल हृदय की लड़की थी पतिकी अकालमृत्यु व ससरे की आत्महत्या जैसी दुःखों की परंपरा से उस का धैर्य गल गया बरफ की तूफान युक्त वर्षा को कमलिनी कैसे सह सकती? अखीर उस ने अपने छोटे २ बच्चों व वृद्धा सास को भाग्य के भरोसे छोड़ना ठान लिया एक अंधेरी सूमसाम रात्रि में एकान्त देख कर घर के कुंवे में इंदिराने आत्मसमर्पण कर दिया, आत्महत्या कर ली

इंदिरे! तूने यह क्या किया! तेरी वृद्धा सास रमाबाई की न सही, तेरे कोमल बालकों की भी तुझे दया न आइ? किन्तु बेटी तेरा क्या उपाय? जिस ने कभी दुःख के दिन देखे न थे, जो पिता के घर में व पति के मकान में गृहदेवता तुल्य मान सन्मानसे पली थी, वह ऐसे कठोर दुःखों की परंपरा को कैसे सह सकती?

भारतवासी भाईयो व बहेनो! क्यापी गोपालराव के भोलेपन पर आप को दया आती है? डाक्टर रंगराव के लिये आपके दयालु अंतःकरण में करुणाभाव उत्पन्न होता है? दुर्भागी विधवायें रमा इंदिरा व उन अनाथ बालकों की पुकार सुन आपका दिल पसीजता है? तो आओ! इन सब अनर्थों के मूलरूप उस एक ही प्याले का बहिष्कार करो! आप उस मोहक प्याले के फंदे में कभी न फँसो, व और भाईयों को इसकी मोहनी से छुड़ाओ! यदी तुमको अपनी माँ बहेनों के सुख की थोड़ा भी परवा है, रमा इंदिरा की दुःखी पुकार से तुम्हारे अंतःकरण में दयारस उत्पन्न हुआ है, तो इस पुण्यभूमि से मद्यपान का दुर्व्यसन नष्ट होने के लिये समस्त भारतवासियों को सद्बोध प्रदान करो, सत्य ज्ञान का प्रचार करो, इस विषय पर बोध देनेवाली पुस्तकें पत्रिकायें प्रकाशित कर के नवीन संतानों को मद्यपानसे बचनेका ज्ञान प्रदान करो, जिस से मद्यपान के कारण होनेवाला ऐसा दुःखमय अंत कभी न देखना पड़े चित्र नंबर १२

गायन

खाना खराब कर दिया, बिल्कुल शराबने,
जो कुछ कि न देखा था, दिखाया शराब ने ॥१॥
इज्जत के बदले जिल्लतें इस के सबब मिली
मुफलिस बने मरीज बनाया शराब ने ॥२॥
बुलबुल की तरह बाग में लेते थे बूए गुल,
सबास नालियों गिराया शराब ने ॥६॥
मैदाने जंगमें थे कभी जो कि शहसवार,
कीचड़ की नालियों में गिराया शराब ने ॥४॥

x x x x x

पी कर शराब क्यों न करे, शोरोशर बशर,
पहले तो शर बशर में है, और फिर शराब में ॥५॥

जीवरक्षा ज्ञान प्रचारक ग्रंथमाला

सूचिपत्र

विक्रय पुस्तक का नाम	हिन्दी	गुजराती	मराठी	उर्दु	तेलगी	कानडी	अंग्रेजी	मुल्य
पुत्र बलि या पशुबलि !	,,	,,	,,		,,	,,		॥ आना
देवीभक्तों से अपील	,,		,,		,,			। आना
पब्लिक से अपील	,,		,,	,	,,			। आना
नागपूजा या नागपीडा !	,,		,,		,,			। आना
जीवरक्षा भजनावली	,,	,,		,,				। आना
दयाजनक दृश्य	,,	,,			,,		,,	२ आने
नियमोप नियम	,						,,	अमूल्य
अहिंसा संगीत रत्नावली	,,		,,		,,			१ आना
रूपरेखा	,,							॥ आना
सवनाश या एक ही प्याला !	,,							१ आना
सुवर्ण पिंजर		,,						१ आना
मिजलस या मोठमे मार्गे		,,						॥ आना
सर्व प्राणी नी सेवा								॥ आना
आहार मु आरोग्य मु					,,			॥ आना
देवीआज्ञा (सात्विक पूजा प्रकाश)			,,					। आना
मनुष्य योग्य स्वाभाविक आहार					,			॥ आना
ग्राम देवता					,,			॥ आना
अहिंसा					,			। आना
क्रिश्चियन्स व मांस भक्षण					,			। आना
गाई की कहानी				,,				॥ आना
जानवरों की फरियाद				,				। आना

Printed at the Lakshmi Art Printing Works
Sankli St P..ulla Bombay 8

बर्मा शरणार्थी सेवा
कार्य-विवरण

卐

मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी
दिसम्बर १९[illegible]

तुलसीराम सरावगी
सेवा-मन्त्री

हमारे प्रमुख सहायक—

माननीय प० हृदयनाथ कुंजरू

माननीय श्री एस० एम० श्रग

अपनी ओर से

जिस समय शरणार्थी सेवा-कार्य का भार सम्हाला गया था उस समय इस बात की कल्पना भी नहीं की गयी थी कि शरणार्थी इतनी बड़ी तादाद में ऐसी दुर्दशा में आयेंगे। कार्य का आरम्भ ऐसा हुआ कि फिर हजारों शरणार्थियों की हर तरह की व्यवस्था करना हमारे कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवकों की दैनिक दिनचर्या सी हो गयी। जैसे जैसे कार्य विस्तृत रूप पकड़ता गया, वैसे वैसे कठिनाइयां भी बढ़ती गयीं। युद्धजनित स्थिति के कारण खाद्य-पदार्थ पर्याप्त संख्या में नहीं मिलने लगे और इधर सेवा-कार्य में हाथ बटानेवाले अनेक सहयोगी भी तात्कालिक स्थिति के कारण कलकत्ता से हट गये। तो भी सेवा-कार्य चालू रहा और इसका मूल कारण था परमात्मा की प्रेरणा से हमारे इने-गिने कार्यकर्ताओं का उत्साह। हमें उत्साही एवं साहसी कार्यकर्ता मिले, पर्याप्त आर्थिक सहायता मिली; बड़ों का सहारा मिला और सब की सहानुभूति मिली। जहां तक बन सका, बिना किसी भेद-भाव के शरणार्थियों की अपेक्षा से अधिक मदद की गयी। कलकत्ते के अलावा डीमापुर, इम्फाल, सिल्चर, गौहाटी, [illegible] आदि स्थानों में सेवा-केन्द्र खोले गये और आसाम पर होनेवाली बम-वर्षा के बीच डटे रह कर ये केन्द्र चालू रखे गये। बड़ा काम था और परिस्थिति को देखते हुए भूलों का रहना स्वाभाविक था। इस विशाल सेवा-कार्य को इतनी सुन्दरता के साथ सम्पन्न करने का श्रेय है कार्यकर्ताओं को और भूलों का जिम्मेदार हूँ मैं।

संक्षिप्त विवरण आपके सामने है। इसमें कहां तक सफलता मिली; सोसाइटी द्वारा की गयी इस सेवा से मारवाड़ी जाति के प्रति देशवासियों एवं सरकार की क्या भावना बनी; यह आपके देखने और समझने की बात है।

विनम्र—

दिसम्बर १९४३

तुलसीराम सरावगी,

सेवा-मन्त्री।

— विवरण —

सन् १९४२ का प्रारम्भ बर्मा एवं मलाया प्रवासी भारतीयों और ब्रिटिशजनों के दुर्भाग्य का कारण बन कर आया। ब्रिटेन एवं अमेरिका के खिलाफ जापान की युद्ध घोषणा ने उनकी स्थिति को खतरे में डाल दिया था। श्यामदेश में उसकी विजय और फिर एवं मलाया की लड़ाई ने उनके दिलों में आतंक पैदा कर दिया और जब संयुक्त राष्ट्रों की फौजें परिस्थितिवश पीछे हटने लगीं और एक के बाद दूसरा स्थान जापानी अधिकार में आने लगा तो उनकी हिम्मत टूट गयी। रंगून और सिंगापुर पर जापानियों द्वारा की गयी भीषण बम वर्षा ने उनके रोंगटे खड़े कर दिये। एक भरोसा था कि जापानी युद्ध के जमने पर पीछे हटा दिये जायेंगे लेकिन वह भी मिटता गया। परिस्थिति ने उनको घर छोड़ने के लिये बाध्य किया और वे भारत लौटने के लिये उतारू हो गये। सदा की भाँति उन्होंने स्टीमरों एवं जहाजों द्वारा भारत लौटने की सोची लेकिन युद्धजनित परिस्थिति के कारण जहाजी सुविधा अनुकूल न हो सकी। साधारण भारतीयों के लिये तो जहाजों पर जगह पाना बड़ी मुश्किल का काम हो गया। जिनकी जन्मभूमि यूरोप या अमेरिका थी या जिनके पास रुपयों का बल था वे या तो नानाप्रकार की तकलीफें सहकर भी जहाज द्वारा आने के लिये कटिबद्ध हो गये, उन्हें तो किसी न किसी प्रकार जहाजों पर जगह मिल गयी लेकिन जिनकी जन्मभूमि यूरोप या अमेरिका नहीं थी और न जिनके पास रुपये का ही जोर था, उन्हें सिवाय पैदल भारत पहुँचने के कोई और चारा न मिला। बर्मा से भारत अनेक पैदल रास्ता दुर्गम पहाड़ियों घने जंगलों और हिंसक जीवों से भरा था। कदम कदम पर खतरा था। प्रकृति जहाँ इन अभागों के खिलाफ थी, वहाँ बर्मियोंने भी अपनी प्रान्तीयता का पूरा परिचय दिया। भारतीयों के खिलाफ उनके द्वेष भाव को हिंसात्मक रूप देने का उन्हें यही मौका मिला और हजारों भारतीय बर्मियों के हाथों के घाट रास्ते में उतार दिये गये। भारत के इतिहास में यह प्रथम अवसर था कि भारत और बर्मा की सीमा पैदल पार की गयी। इसके पहिले रास्ते की भयंकरता के कारण इन रास्तों का कभी उपयोग नहीं किया गया था। लेकिन करता क्या न करता! एक तरफ जापानियों की भयंकर बम वर्षा। मौत मुँह बाये चुनौती दे रही थी और एक तरफ रास्ते की तकलीफ! लेकिन किसी ने उम्मीद तक न की थी कि पैदल भारत लौटना इतना महँगा पड़ेगा। किसी ने स्वप्न में भी न सोचा था कि जब तक वे भारत

बर्मा-मलाया प्रवासी भारतीय सन्तानें पुनः स्वदेश में

८—१० कम्बलें दीं, पारसी एवं गुजराती महिलाओं ने सक्रिय सहयोग दिया और चारों तरफ चद्दरों एवं धोतियों का पर्दा तान कर प्रसव कराया गया। रात के तीन बज चुके थे जब कि स्वयं सेवक दल वापिस लौट रहा था।

१९ जनवरी को कार्य का श्री गणेश ऐसा हुआ कि करीब करीब सदैव शरणार्थी जहाजों से आने लगे। सोसाइटी के सामने एक लम्बी राह थी जिस पर चलने के लिये सहारे की सख्त आवश्यकता थी। सर्वप्रथम श्री सेठ रामसहायमलजी मोर ने प्रथम दिन का खर्च २२४ रु० ९ आना ३ पाई देकर शरणार्थी फण्ड का प्रारम्भ कराया। बाद में देश की सहानुभूति इस कार्य की ओर इतनी बढ़ी कि फण्ड की कमी कभी महसूस भी न हुई।

जहाजों द्वारा आगमन—जहाज के आने की सूचना पोर्ट-पुलिस द्वारा घण्टे दो घण्टे पहिले मिलती थी और उतने समय में सोसाइटी के कार्यकर्त्ता एवं स्वय सेवक आवश्यकतानुसार नास्ते के लिये दूध, बिस्कुट, चाय फल वगैरह लेकर जेटी पर पहुँच जाते। अक्सर ऐसा होता कि जितने आदमियों के आने की सूचना मिलती थी, उससे कहीं दोचार गुने अधिक आते थे। इस तरह एक कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ता था। लेकिन बाद में उपाही जरूरत से काफी अधिक सामान लेजाया जाता और जहाँ तक सम्भव होता, मदद की जाती। जहाज पर से हमारे यात्री अपने स्वागत की तैयारियाँ देख अपनी समस्त तकलीफें और भूख-प्यास भूल जाते और उन्हें लगता कि अब वे अपने देश—अपने भारत में हैं। यूरोपियनों, बर्मियों, क्रिश्चियनों, यहूदियों आदि को भी पूरी मदद बिना किसी भेद भाव के दी जाती। ज्योंही जहाज जेटी पर पहुँचता तो स्वयं सेवक यात्रियों को स्टीमर से उतरने में मदद करते। बुड्ढों, स्त्रियों एवं बच्चों को पूरी सहायता कर जहाज से उतारते और फिर सभों को नास्ता कराया जाता। बाद में सभों को सवारियों द्वारा धर्मशालाओं वगैरह में ठहराया जाता। सोसाइटी के डाक्टर भी फर्स्ट-एड के सभी सामानों से सुसज्जित नर्सों एव कम्पाउन्डरों के साथ मौजूद रहते। कई दिनों से भूखे शरणार्थियों को उससे काफी मदद मिलती। रंगून का पतन हो जाने के बाद जहाजी सुविधा पाने में और भी दिक्कतें होने लगी। सैकड़ों मील की यात्रा पैदल समाप्त कर लोग बर्मा के बन्दरगाहों पर पहुँचते जहाँ से व जहाजों पर चढ़ाये जाते। पैदल यात्रा और नाना प्रकार की तकलीफों से उन्हें कई प्रकार के रोग होने लग गये और जब सिर्फ अक्याब ही बर्मा का एकमात्र बन्दरगाह जहाजों को शरणार्थियों के उपयोग में आने के लिये रहा तो रोगियों की संख्या काफी बढ़ गयी। इस बात की आशंका हो गयी थी कि उनके संक्रामक रोग कहीं कलकत्ते में न फैल जाय लेकिन सोसाइटी सेंटजानएम्बुलेंस ब्रिगेड के कम्पाउण्डरों की सावधानी के कारण एवं रोगियों के इलाज का प्रबन्ध अस्पतालों में होने के कारण स्थिति काबू में रही तौ भी जहाजों पर तो रोग फैल ही जाता था। ता १० अप्रेल ४२ को जो जहाज

शरणार्थी ट्रामों द्वारा स्यालकोट स्टेशन से कैम्प ले जाये जाते

बर्मा स्थित एजेंट आदि जिम्मेदार व्यक्तियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया और [illegible] शीघ्र हस्तक्षेप करने की अपील की। सोसाइटी में कलकत्ते के प्रमुख व्यक्तियों की एक सभा भी की गयी जिसमें एक प्रस्ताव द्वारा ऐसी भेद भाव पूर्ण नीति की निन्दा की गयी और ऐसे कर्मों को सदा के लिये बन्द कर देने की मांग की गयी। [illegible] के परिणाम-स्वरूप स्थिति में काफी सुधार हो गया और रंगून पोर्ट के अधिकारियों ने निश्चय किया कि हरेक जहाज पर एक जिम्मेदार आफिसर रहेगा जो इस बात का ध्यान रखेगा कि यात्रियों के साथ अनुचित बर्ताव न होने पावे और न अनुचित लाभ [illegible] उठाया जाय।

जिस समय पैदल भारत आनेवाले शरणार्थी भी रेल द्वारा स्यालदा स्टेशन पहुँचने लगे और उनकी संख्या भी काफी होने लगी तो सोसाइटी के कार्यकर्ताओं के सामने विकट प्रश्न उपस्थित होगया कि दैनिक ८—१० हजार की संख्या में पहुँचने वाले शरणार्थियों की सेवा का सर्वांगसुन्दर प्रबन्ध कैसे हो। रेलवे भी दैनिक ५— हजार तक को भी कलकत्ते से रवाना करने में असमर्थ थी अतः सोसाइटी के कैम्पों में कई हजार यात्रियों को १—२ दिन तक प्रतीक्षा करनी पड़ती और जब तक वे कैम्प में ठहरते, सोसाइटी उनके भोजन वगैरह का पूर्ण प्रबन्ध करती तथा अन्य कार्यकर्ताओं को भी ठहराने एवं भोजनादि से मदद की जाती इसलिये सेवा-कार्य में कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक परिश्रम करना पड़ता। मई के महीने में बर्मा के सभी बन्दरगाहों पर जापानी अधिकार हो जाने से स्टीमरों से शरणार्थियों का आना बन्द होगया तो [illegible] शक्ति पैदल आनेवालों की मदद में लगा दी गयी।

जिस रूप में और जितनी संख्या में शरणार्थी स्टीमरों द्वारा कलकत्ते आते थे, [illegible] [illegible] हुए यह सम्भव न हो सका कि शरणार्थियों की पूरी पूरी संख्या रखी जा[illegible]। तो भी जहां तक हमारे पास आंकड़े हैं उसके अनुसार, करीब १० [illegible] शरणार्थी जहाजों से आये।

पैदल मार्ग द्वारा आगमन —फरवरी के प्रथम [illegible] से रेल द्वारा भी शरणार्थी आने लगे। ये वे लोग थे जिन्होंने महीनों पहिले बर्मा छोड़ा था और पैदल भारत आये थे। ये शरणार्थी प्रारम्भमें [illegible] और बाद में मणिपुर एवं [illegible] रास्ता [illegible] पर [illegible] एवं [illegible] से ट्रेन द्वारा कलकत्ते भेजे जाते थे। [illegible] के मजिस्ट्रेट [illegible] शरणार्थियों की कलकत्ते पहुँचनेवाली संख्या तार द्वारा [illegible] [illegible] सोसाइटी के कार्यकर्ता स्यालदह स्टेशन पर पहुँच जाते। [illegible] ट्रेनें [illegible] और [illegible] ट्रेनें रात के तीन [illegible] बजे तक पहुँचती [illegible] कार्यकर्ताओं को [illegible] स्टेशन पर [illegible] प्रबन्ध में लगा रहना पड़ता। बी० ए० रेलवे [illegible] ट्रेनें [illegible] प्लेटफार्म पर आती। सोसाइटी के कार्यकर्ता [illegible] में [illegible]

करते और फिर प्लेटफार्म पर उन्हें भोजन कराया जाता। बच्चों के लिये दूध और फल की विशेष व्यवस्था की गयी थी। डाक्टर एवं कम्पाउण्डर दवा लिये मौजूद रहते और आवश्यकता होने पर रोगियों को विभिन्न अस्पतालों में भेज दिया जाता था। इसके बाद उन्हें हवड़ा स्टेशन ले जाया जाता था। प्रारम्भ में सवारी का कोई प्रबन्ध न हो सका था। दैनिक २—३ हजार की संख्या में पहुँचनेवालों की सवारी सियाम ट्राम के और हो ही क्या सकती थी? यह दो मील लम्बी राह पैदल ही तय करनी पड़ती थी। राह की तकलीफों से थके-मांदे शरणार्थियों के लिये यह काफी कष्टदायक होता था। अतः सोसाइटी ने कलकत्ता ट्रामवे कम्पनी लिमिटेड से अपील की कि इन थके-मांदे शरणार्थियों को हवड़ा तक ले जाने के लिये अपनी कुछ ट्रामें बिना किसी चार्ज लिये सदैव दे। शरणार्थी स्वागत समिति के उप-सभापति मि॰ जे॰ एस॰ ग्राहम ने इस अपील का पूरा समर्थन किया और ट्रामवे कम्पनी ने शरणार्थियों की हालत देख अपनी कई ट्रामें सदैव इस्तेमाल के लिये देनी शुरू कर दीं। जितने भी शरणार्थी रात में आते ट्रामों द्वारा हवड़ा भेजे जाते। कुछ मिलाकर कलकत्ता ट्रामवे कम्पनी लिमिटेड ने १२५७ ट्रामें दीं, जिससे करीब सवा लाख शरणार्थियों ने लाभ उठाया।

कलकत्ता पुलिस ने भी अपनी लौरियाँ इस्तेमाल के लिये सोसाइटी को दी थी एवं पुलिस के आदमियों ने कार्यकर्ताओं को पूरा सहयोग दिया। पोर्ट पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मि॰ डी॰ भट्टाचार्य आई॰ पी॰, जे॰ पी॰ ने शरणार्थियोंकी सराहनीय मदद की। उनके कार्यों को देखकर हम भूल जाते कि ये पुलिस के एक उच्चाधिकारी हैं। हमें एक प्रमुख श्रेणी के कार्यकर्ता का बोध होने लगता। सोसाइटी ने जिस रूप से शरणार्थियों की मदद की उसे एक हद तक सफल बनाने का श्रेय मि॰ डी॰ भट्टाचार्य को है।

हवड़ा स्टेशन से पुलिस द्वारा शरणार्थियों की भी टिकिटें करवा कर उन्हें उनके निर्दिष्ट स्थानों के लिये रवाना कर दिया जाता। शरणार्थियों में दक्षिण-भारतीयों को संख्या अधिक रहती थी और अगर हम कहें कि ७५% प्रति शत से भी अधिक शरणार्थी दक्षिण भारत के होते थे तो अत्युक्ति न होगी। इस तरह शरणार्थियो को दक्षिण ले जाने का पूरा दायित्व बी एन रेलवे पर था। बी॰ एन॰ रेलवे प्रतिदिन अधिक से अधिक तीन हजार तक कलकत्ते के बाहर भेजने का प्रबन्ध कर सकी और आने वालों की संख्या इस से कहीं अधिक होने के कारण शरणार्थियों को रेलवे की प्रतीक्षा २ ३ दिन तक करनी पड़ती। तबतक और कई हजार शरणार्थी कलकत्ते आ इकट्ठे होते और तब उन्हें ठहराने के स्थानों की कमी महसूस की जाने लगी। तब रेलवे के अधिकारियोंने १२ नम्बर गुड शेड शरणार्थियों को ठहराने के लिये दिया जिसमें करीब तीन हजार तक को ठहराने की गुञ्जाइश थी। सोसाइटी का मेडिकल स्टाफ यहां भी मौजूद रहता और सभी तरह की दवायें रखी जाती।

बी॰ एन॰ रेलवे, ई॰ आई॰ रेलवे एवं ई॰ बी॰ रेलवे के अधिकारियों एवं स्थान-

म्याफ ने हमारे कार्य में काफी हाथ बटाया। बी० एन० रेल्वे के प्रचार विभाग के अफसर मि० बी० सी० मल्लिक ने जो सहयोग हमें दिया उससे हमारी रेल्वे सम्बन्धी कठिनाइयां काफी हद तक कम होगयी और उनके इस सहयोग के लिये वे हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

प्रतिदिन कई स्पेशल ट्रेनें दक्षिण-भारत के लिये रवाना होती एवं सोसाइटी के कार्यकर्ता मौजूद रह कर उन्हें बैठने में मदद करते। गर्मी के दिनों में ताड़ के पंखे भी वितरित किये गये और कई स्पेस पंखों का उपयोग किया गया।

दक्षिण-भारत जानेवालों की संख्या का पता इन्ही आंकड़ो से लग सकता है कि सिर्फ बगाल नागपुर रेल्वे ने सब मिला कर ११५ स्पेशल ट्रेने और ४३९ रिजर्व डिब्बे दिये जिससे करीब सवा दो लाख शरणार्थी बाहर भेजे जा सके। भारत की रेल्वे के इतिहास में यह प्रथम अवसर था कि इतनी स्पेशल ट्रेनों का उपयोग सिर्फ एक निर्दिष्ट स्थान के लिये किया गया।

पहले बताये गये प्रमुख कार्यकर्ताओं के अलावा सर्व श्री पुरुषोत्तमदासजी गुजराती नन्दलालजी जालान गिरधरलालजी गुजराती मानसिंहजी भिवानीवाला, रामकुमारजी मारवणी रामचन्द्रजी वगड़, बैजनाथजी सोनी रूपचन्दजी शर्मा, सत्यप्रकाशजी देसाई केशरदेवजी जालान बी० एन० पाण्डे राजकिशोर सिंह आदि ने जिस उत्साह और लगन के साथ कार्य किया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाय, थोड़ी है। रात के तीन-तीन बजे तक जाग कर गाड़ियों की प्रतीक्षा करना धर्मशालाओं एवं गुड शेड में हजारों शरणार्थियों को भोजन कराना स्टेशन पर मौके-बे-मौके ट्रेन आने में देरी समझ अपना अस्तित्व भूल कर सो रहना और ट्रेन की धकधकाहट सुनते ही पुनः कार्य के लिये मुस्तैद हो जाना व्यापार, शिक्षा और परिवार की चिन्ता अभागे बर्मा-शरणार्थियों की मदद में भूल जाना हमारे ही कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवकों का कार्य था और उन्हीं की सेवाओं का परिणाम था कि शरणार्थियों ने पहली बार महसूस किया कि हां! आज वे अपने देश में पहुँच गये हैं। वे भारत में हैं और भारतीय उनके दुख में हाथ बटा रहे हैं। सभी स्वयं-सेवकों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने निजी भाई बहिनों की तरह शरणार्थियों की सेवा की। उन्हें सोसाइटी क्या धन्यवाद दें? किस रूप से हम धन्यवाद दें? धन्यवाद देंगे और दे रहे हैं चार लाख बर्मा-शरणार्थी जो उन्हें कभी न भूल सकेंगे। धन्यवाद दे रही है भारत की मूक जनता जिनके दिलों में सोसाइटी के साथ साथ उनके प्रति भी विश्वास और श्रद्धा पैदा हो गयी है।

पैदल आनेवाले शरणार्थियों की दुर्दशा :—पैदल-राह द्वारा भारत आनेवाले शरणार्थियों की दुर्दशा जहाजों द्वारा आनेवाले शरणार्थियों से भी अधिक थी। जहाज पर की तकलीफें तो सिर्फ चन्द एक दिनों की ही रहती थी लेकिन पैदल आनेवालों की तकलीफें हफ्तों—बल्कि महीनों तक की थी। बर्मा से भारत आने का मार्ग बड़ा दुर्गम

ऊंची नीची घाटियों को पार करते हुए भारत-बर्मा मार्ग पर शरणार्थी ।

(पैन्सू मार्ग पर हमारे विशेष प्रतिनिधि द्वारा लिया गया चित्र)

हमारे प्रमुख कार्य-कर्त्ता—

श्री भालचन्द्र शर्मा

श्री बाबूलाल पोद्दार

श्री गणेशप्रसाद सराफ

श्री डूंगरमलजी लोहिया

श्री रामचन्द्र शर्मा

श्री रामकृष्ण सरावगी

उनको भी टिकिटें हो जाने पर धर्मशालाओं से उन्हें पुलिस द्वारा दी गयी लारियां गाड़ियों आदि से इकट्ठा ले जाया जाता और वहां राह में खाने के लिये बिस्कुट वगैरह दे कर गाड़ी में सवार करा दिया जाता। सोसाइटी के कई स्वय सेवक धर्मशालाओं में दिन भर के लिये नियुक्त किये जाते और रातके वक्त भी सम्हाल की जाती।

भोजन व्यवस्था—शरणार्थियों के ठहराने की व्यवस्था होने में किसी विशेष कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन कठिनाई पड़ी भोजन व्यवस्था करने में। आठ दस हजार आदमियों का भोजन दोनों वक्त के लिये तैयार करवाना बड़ी कठिनाई का काम था। एक बहुत बड़े भोजन घर की स्थापना की गयी थी जहां रात दिन भोजन तैयार किया जाता था। स्टीमरों एवं ट्रेनों से आनेवाले शरणार्थियों की संख्या कई बार मालूम पड़ जाती और कई बार नहीं लेकिन जब भी जितने शरणार्थी आये, कम से कम समय में इस विभाग ने भोजन तैयार करके दिया। रात के तीन-तीन बजे तक भट्टियां जलती रहती। सोसाइटी के कार्यकर्ता धर्मशालाओं एव स्टेशनों के बीच भोजन

> कलकत्ते के केन्द्र ता० ११-५-४२ को १३७४२ शरणार्थी आये। सेवा-कार्य के सिलेसिले में एक केन्द्र में सबसे बड़ी सख्या की उपस्थिति।

के सामान के लिये आते जाते रहते और हरेक वक्त गरम भात, पूड़ी दाल, साग सब कुछ इस विभाग से सप्लाई होता रहता। प्रतिदिन हजारों शरणर्थियों को भोजन प्रदान करने का पूरा श्रेय इसी विभाग को है। श्रीलादूरामजी सुरेका ने इस विभाग को पूरी मेहनत से सम्हाला। जब शरणार्थियों की सख्या एक दिन में १३५०० तक पहुच गयी थी तब भी इस विभाग ने साहस कम न होने दिया और जब तक ये १३५०० शरणार्थी पेट भर भोजन न कर चुके, तब तक किसी ने सांस तक नहीं ली। सोसाइटी की शुद्ध सस्ती-पूड़ी मिठाई की दुकान भी कुछ अरसे तक बन्द रक्खी पड़ी। यहीं पूड़ी और साग तैयार किया जाता था। यों तो कई सहयोगी संस्थाओं की ओर से भोजन कराने का प्रबन्ध स्टेशनों पर रहा लेकिन प्रमुख भार सोसाइटी ने ही सम्हाला। तुलापट्टी सेवा संघ ने भी सोसाइटी के साथ अपना यथा सम्भव भोजन देकर कार्य में हाथ बटाया। बिना किसी भेद-भाव के हिन्दू-मुसलमान, सिख एग्लो इण्डियन क्रिश्चियन यहूदी आदि आदि के शरणार्थियों की सेवा की गयी।

सड़कों पर शरणार्थियों की लाशें पड़ी रहतीं। कुछ भूख और प्यास के कारण और कुछ बर्मियों की दुश्मनी के कारण इस हालत पर पहुँचे। यहाँ वैसी ही एक लाश जिसने स्वदेश लौटने का स्वप्न भर देखा। (विशेष चित्र)

अस्पताल के काम और पद्धति की सर्वसाधारण ने प्रशंसा की और कई सम्माननीय व्यक्तियों ने समय समय पर इसका निरीक्षण भी किया और पूर्ण सन्तोष प्रकट किया। इस [illegible] की सफलता से प्रसन्न होकर भारत सरकार ने ५०००) रु० की सहायता दी है। अस्पताल की संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नलिखित है—

भरती किये गये—६१९
ठीक हुए—५२१
मृत्यु— ९८

श्रीमेघराजजी सेवक ने अस्पताल की स्थापना में काफी प्रयास किया। वस्तुतः उन्हें इसको स्थापित करने का पूरा श्रेय है। उनके बाद श्री रामकृष्ण सराफजी को यह भार सौंपा गया था जिन्होंने काफी मेहनत से सुन्दरता के साथ इसे सम्हाला और चलाते रहे। जब शरणार्थी आने बन्द होगये और पुराने रोगी ठीक होकर चले गये तो इसे बन्द कर दिया गया। मारवाड़ी वाणिज्य विद्यालय एवं गोविन्द भवन के ट्रस्टियों एवं मन्त्रियों को उनकी मदद के लिये हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

सोसाइटी के शरणार्थी अस्पताल म शरणार्थियों की मृत्यु सख्या १५% जहां अन्य अस्पतालों में यह ७५% तक पहुंच गयी थी।

मेडिकल सेवाओं के सिलसिले में सोसाइटी ने दूसरा जो प्रमुख काम किया वह स्त्रियों के प्रसव कराने का प्रबन्ध था। शरणार्थी स्त्रियों में बहुत सी स्त्रियां गर्भवती होती थी। हमारे अस्पताल में प्रसव कराने का प्रबन्ध न किया जा सका था अतः स्थानीय मातृसेवा सदन में इसका प्रबन्ध किया गया जहाँ पूरी सम्हाल के साथ कार्य किया गया। मातृसेवा सदन के पदाधिकारी और हमारे धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने हमारे इस कार्य में हाथ बटाया।

इसके अलावा जब कांग्रेस मेडिकल मिशन की स्थापना की गयी और उन्होंने [illegible] बाजार में एक हजार रुपयों के लिये अपील निकाली तो सोसाइटी ने अपने शरणार्थी फण्ड से एक हजार रुपया देकर मदद की।

जो रोगी हमारे अथवा अन्य किसी अस्पताल में भरती किया गया था उसके परिवार [illegible] चलाने वाला नहीं [illegible] पड़ता था अतः रोगियों के परिवारों के खाने की व्यवस्था की और महीने दो महीने जब तक रोगी अस्पताल में रहा [illegible] की व्यवस्था की गयी। [illegible] रोगियों के परिवार को [illegible]

दिन से अधिक न रहे लेकिन कुछ ऐसे रोगी थे जिनके कारण परिवार को करीब दो महीनों तक रहना पड़ा।

कलकत्ते के सरकारीएवं सार्वजनिक—दोनों ही तरह के अस्पतालों ने शरणार्थी रोगियों को स्थान द कर हमें सहयोग दिया। बंगाल के सर्जन-जनरल की रोगियों के लिये स्पेशल बड़ी का प्रबन्ध विभिन्न अस्पतालों में करने की तत्परता और रोगियों के प्रति पूरी सहानुभूति सम्मान के साथ याद रखी जायगी।

ठीक संख्या तो बतानी असम्भव है लेकिन करीब दो लाख शरणार्थियों ने सोसाइटी द्वारा मेडिकल-सेवायें प्राप्त की।

अन्य स्थानों में कैम्पों की स्थापना —जापान की प्रगति के कारण जब समुद्र मार्ग द्वारा भारत आने में पूरा खतरा हो गया तब पैदल मार्ग से अधिक शरणार्थी आने लगे। चटगांव के अलावा दो और नये रास्ते— मणिपुर और सिलचर हो कर खुल गये। सोसाइटी न निश्चय किया कि सिर्फ कलकत्ते में ही सेवा कार्य करने से उनकी पूरी मदद न हो पायगी—आवश्यकता है इस बात की कि उनके भारत प्रवेश क साथ ही उनके दुखों में यथासम्भव कमी की जाय और इसलिये डीमापुर, इम्फाल, मणिपुर, सिलचर, फुलेरताल, लखिमपुर, हैलाकांडी, गौहाटी आदि स्थानों में कैम्प कायम किये गये जहां हमारे कार्यकर्त्ताओं ने जा जा कर कार्य किया। इन कैम्पों के सेवा-कार्यो की अलग रिपोर्ट आपको आगे मिलेगी।

विभिन्न स्थानों में कैम्प खोलने के अलावा सोसाइटी ने कई उदारचेता मारवाड़ी सज्जनों से पत्र व्यवहार कर कटिहार, लालमनिहाट कुस्टिया, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, दिल्ली, कटक, बदरपुर बालासोर, बोनगांव आदि स्थानों में सेवा केन्द्र स्थापित करवाये। इस दिशा में कलकत्ते के सुप्रसिद्ध फर्म मेसर्स सूरजमल नागरमल द्वारा की गयी महान सेवायें स्मरणीय रहेंगी। इस फर्म ने राय साहब मदनगोपाल मावसिंहका के संचालन में पार्वतीपुर, गमन्दो भीडो आदि स्थानों में शरणार्थियों की पूरी मदद की। इनके अलावा मेसर्स मगनीरामजी बांगड़ एवं आनन्दरामजी गजाधर, श्रीकृष्णजी बेरीवाल, हरिकृष्णजी जालान की ओर से भी कलकत्ते में शरणार्थियों के लिये भोजन व्यवस्था की गयी थी। चटगांव की नवयुवक रिलीफ सोसाइटी ने वहां मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के सहयोग से काफी पैमाने पर सेवा कार्य किया। करीब ६५००० शरणार्थियों की दवा भोजन, वस्त्रादि से सेवा की गयी और करीब १५०००) रु खर्च किया। नवयुवक रिलीफ कमेटी के मन्त्री श्रीसागरमलजी सोमानी एवं गुलाबचन्दजी सोमानी बाबू भीमजी नारायणजी, उदयचन्दजी पेड़ीवाल, दानमलजी सुरेशचन्दजी आदि कार्यकर्त्ताओं ने बड़ी लगन एवं सेवा-भाव से कार्य किया। अखिल-भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की बंगाल, आसाम एवं उड़ीसा प्रान्तीय शाखा सभाओं ने शरणार्थियों की सेवा सराहनीय रुप से की और सोसाइटी की प्रेरणा से सैकड़ों स्थानों पर सेवा कार्य प्रारम्भ होगया।

भारत बर्मा-मार्ग का एक और चित्र। (निजी चित्र)

शरणार्थी अनाथ बालक—मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के धर्मार्थ शरणार्थी सेवा कार्य के सिलसिले में एक और महत्व पूर्ण कार्य हुआ और वह था अनाथ बच्चों को सम्हालना। सैकड़ों बच्चों के मां बाप एवं अभिभावक रास्ते की भयंकर तकलीफों के कारण मर गये और सैकड़ों के रंगपुर वगैरह की धम धाड़ी के कारण अलग अलग हो गये। जिन बालकों का कुछ होश था, वे अपने अन्य भारतीय भाइयों के साथ ही भारत के लिये रवाना हो गये थे, जिन्हें कुछ होश न था कि क्या हो रहा है, उन्हें किसी करुण हृदय शरणार्थी ने अपने साथ रखने की महान सेवा की। कई एकों की जबानी हमें मालूम हुआ कि जब वे राह में थे तो देखा कि बच्चे के अभिभावक की लाश पड़ी है और बच्चा एक तरफ पड़ा रो रहा है। शरणार्थी भी अपनी तकलीफ में दया और उदारता न भूले थे, बच्चा साथ ले लिया गया और कलकत्ते लाकर सोसाइटी को सौंप दिया गया। ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने आये। और उन उदाहरणों की सचाई के सबूत स्वयं बालक ही होते थे। जब ये भूले भटके बच्चे अपने मां-बाप और अभिभावकों से कदाई दूर

जब भूले भटके अथवा अनाथ शरणार्थी बालकों से
पूछा जाता कि 'अब तुम्हें कहाँ जाना है?' तो
भोला सा जवाब मिलता—'हिन्दुस्तान।'
क्या मालूम उन्हें कि वे उनके हिन्दुस्तान में हैं!

सिलचर, श्रीमापुर आदि स्थानों के हमारे कैम्पों से गुजरते तो वहाँ इन्हें सम्हाल लिया जाता। जब उनसे यह पूछा जाता कि "अब तुम्हें कहाँ जाना है?" तो भोला सा जवाब मिलता "हिन्दुस्तान।" उन्हें यह भी पता न रहता कि वे उनके हिन्दुस्तान में पहुँच गये हैं। भारत में अपने परिवार वालों के नाम कई एकों को मालूम थे, कई एकों को नहीं। भारत की सीमा पर अवस्थित हमारे केन्द्रों से ये बच्चे कलकत्ते भेज दिये जाते। स्यालदह और हवड़ा स्टेशन पर भी ये मिलते थे और वहाँ से भी ये सोसाइटी में ले आये जाते थे। इनकी संख्या इतनी अधिक हो गयी कि एक अलग शरणार्थी अनाथालय स्थापित करने की आवश्यकता पड़ी। और, मारवाड़ी बालिका विद्यालय एवं गोविन्द भवन के ऊपर के भागों में इसकी स्थापना की गयी। इस अनाथालय में करीब १५० बच्चों के रखे जाने की व्यवस्था थी। सभी उम्र के बच्चे रखे जाते। यहाँ पर रखे गये सबसे छोटी उम्र के शरणार्थी बच्चे की उम्र सिर्फ दो वर्ष की थी। यह बच्चा किसी शरणार्थी द्वारा रास्ते में अपने किसी परिवार-जन की लाश के पास रोता पड़ा पाकर उठा लिया गया था और कलकत्ते में इसे शरणार्थी अनाथालय में भरती कर लिया

हरेक शरणार्थी केन्द्र में दवा की पूर्ण व्यवस्था रहती और डाक्टर सदैव मौजूद रहते ।

रणार्थी काम पर लगाये गये। कई फर्मों द्वारा हजारों आदमियों की माँग भी की गयी लेकिन बहुत कम ने रहना पसन्द किया कारण सबसे पहिले वे अपने स्थान पर पहुँच परिवार वालों से मिलना चाहते थे। मेसर्स सूरजमल, नागरमल, केशोराम काटन मिल्स लिमिटेड आदि फर्मों का पूर्ण सहयोग रहा। सेवा-कार्य में भी आदमियों की आवश्यकता पड़ने पर शरणार्थियों को ही प्रथम स्थान दिया जाता था। जब भारत सरकार के ओवर-सीज डिपार्टमेन्ट के इन्चार्ज माननीय मि० एम. एस. अणे ने दिल्ली में शरणार्थियों के भविष्य के प्रश्न पर विचार करने के लिये कानफरेन्स बुलाई तो श्री तुलसीरामजी सरावगी भी आमन्त्रित किये गये थे। सरावगीजी ने कानफरेन्स के सामने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जिनमें से एक यह भी था कि आसाम में मारगरेटा से आगे भारत-बर्मा की सीमा के आस पास जो शरणार्थी मानसून के कारण भारत आने में कतई असमर्थ होगये हैं और उनकी हालत ऐसी है कि न तो वे पीछे ही लौट सकते हैं और न आगे ही बढ़ सकते

> पण्डित जवाहरलाल नेहरू—
>
> " इस सुदूर स्थान (आसाम) में सोसाइटी जो सेवा कार्य कर रही है, उसेदेख मुझे खुशी हुई। "
>
> (विश्वमित्र २८ अप्रेल '४२)

उन शरणार्थियों की मदद अन्नादि से करने की नितान्त आवश्यकता है। भारत सरकार ने यह सुझाव स्वीकार किया और तब हवाई जहाजों द्वारा इन फँसे हुए शरणार्थियों को, जिनकी संख्या कई हजार थी, अन्न और वस्त्र पहुँचाया गया और इस तरह एक बड़ी संख्या अकाल मौत के मुँह जाती जाती बची। सोसाइटी चाहती थी कि दक्षिण भारत एवं अन्य कुछ स्थानों में काटेज-इन्डस्ट्री केन्द्र खोले जाँय जहां पर काम कर ये शरणार्थी भारत में अपनी जीविका कमाने लायक हो जायँ लेकिन देश की मौजूदा संकटपन्न स्थिति एवं नये नये प्राकृतिक कोपों के कारण यह स्कीम कार्यान्वित न की जा सकी।

धन्यवाद एवं कृतज्ञता प्रकाशन —बर्मा शरणार्थियों की सेवा करने के लिये हमें केन्द्रीय एवं प्रान्तीय सरकार से आर्थिक मदद के साथ साथ हर तरह की सुविधायें प्राप्त होती रही हैं। खासकर भारत सरकार के ओवर सीज डिपार्टमेंट के मेम्बर इन-चार्ज माननीय मि० एम. एस. अणे, इसी विभाग के सेक्रेटरी मि० जी. एस. बोजमैन, सिलचर के डिप्टी कमिश्नर, डीमापुर, मारगरेटा एवं सिलचर के कैम्प कमाण्डर, बंगाल सरकार के

तात्कालीन सिविल डिफेन्स विभाग के मिनिस्टर मि० सन्तोषकुमार बसु, बंगाल सरकार के स्पेशल इवेकुएशन आफिसर मि० के० सेन आई० सी० एस० बंगाल के सर्जन जनरल आदि सरकारी आफिसरों ने जिस सार्वजनिक सेवा-भाव से प्रेरित होकर हमें अपना सहयोग प्रदान किया, उसके लिये हम आभारी हैं।

धर्म-शरणार्थी सेवा कार्य को सफल बनाने के लिये कलकत्ता एवं अन्य स्थानों से वैयक्तिक अथवा सामूहिक रूप से जिन सज्जनों ने हमें आर्थिक सहयोग दिया है, उनकी सोसाइटी अत्यन्त आभारी है। हरेक सेवा-कार्य में आर्थिक मदद की अत्यन्त आवश्यकता होती है और ऐसी मदद देनेवालों को जितना धन्यवाद दिया जाय थोड़ा है।

आल इण्डिया सेवा समिति इलाहाबाद एवं इसके प्रधान मन्त्री माननीय डा० पं० हृदय नाथ कुँजरू, एम० एल० ए० ने हमें बराबर सहयोग और मदद दी। पं० कुँजरू ने समय समय पर हमें अपनी बहुमूल्य सलाहें दी और गवर्नमेंट से शरणार्थी सेवा-कार्य के लिये हमें मदद दिलाने में पूरा हाथ बटाया अतः सोसाइटी उनकी अत्यन्त आभारी है।

इस सेवा कार्य में प्रारम्भ से ही सोसाइटी के हितचिन्तकों ने काफी दिलचस्पी रखी। श्री ब्रजमोहनजी बिड़ला द्वारा किये गये पथ-प्रदर्शन के लिये तो हम आभारी हैं ही, साथ ही उन्होंने हमें कभी भी आर्थिक कठिनाइयां महसूस न होने दी। सोसाइटी आपकी उदारता एवं सामयिक सलाहों के लिये चिरऋणी है। इनके अलावा सर अब्दुल हलीम गजनवी मि० एम ए० एच इस्पहानी, मि गगन बिहारी मेहता आदि के भी हम आभारी हैं जिन्होंने समय समय पर हमें अपनी बहुमूल्य सलाहें दी हैं।

शरणार्थी स्वागत समिति (Evacuees Reception Committee) के उप-सभापति मि जे एस० ग्राहम तथा सेक्रेटरी मि० डब्ल्यू बाक्सैस मुस्लिम इवाक्वीज रिसेप्शन कमेटी के अवै० मन्त्री मि एस० एहसान, नव विधान रिलीफ मिशन के श्री शनाकान्त नियोगी साउथ इण्डियन इवाकुएसन कमेटी के सभापति मि० सी० एस० रंगास्वामी हिन्द मव कमेटी के सभी सदस्य आदि सहयोगियों को अनेकानेक धन्यवाद है।

सोसाइटी उन सभी सम्माननीय व्यक्तियों का हार्दिक धन्यवाद देती है जिन्होंने समय-समय पर सोसाइटी के कलकत्ता एवं आसाम स्थित केन्द्रों का निरीक्षण कर अपनी बहुमूल्य रायें हमें दी।

रिजर्व बैंक के डायरेक्टरस् एवं अन्य पदाधिकारियों के नोट परिवर्तन में मदद एवं सहानुभूति रखने के लिये हम उनके आभारी हैं।

अमृत बाजार पत्रिका हिन्दुस्तान स्टेण्डर्ड एडवांस दैनिक बसुमति आनन्दबाजार पत्रिका युगान्तर, विश्वमित्र लोकमान्य समाज सेवक (कलकत्ता) हिन्दुस्तान टाइम्स हिन्दुस्तान (देहली) हिन्दू, इण्डियन एक्सप्रेस (मद्रास) टाइम्स आफ इण्डिया, आवाज

I have heard with great pleasuro of the splendid service which your Society is rendering to stranded and helpless evacuees reaching Calcutta at the present time This work of compassion and charity which you are rendering to thousands of destitute persons irrespective of caste creed and colour is worthy of the highest commendation and I desire to express my warm appreciation of the service which you are so notely rendering at this time

(१७-३ ४२)

सरोजिनी देवी नायडू—

It has given me great pleasure to visit the premises of the Marwari Relief Society and to see their permanant work of benefactions In addition I have visited the many various Relief Camps which are being conducted for the thousands of helpless evacuees from Burma. These camps are a good send to the poor helpless sufferers and I would like to reiterate what many public workers have said everywhere in praise of the wonderful and consistent philanthrophy practised by the good institution

I wish the Society and its devoted workers increasing success in its noble humanitarian work

(५ ५-४२)

मा० मि एन० बी० खरे—

भारत सरकार के प्रवासी विभाग के वर्तमान इन्चार्ज—

The Marwari Relief Society Calcutta have done and are doing extremely useful work for the benefit of the evacuees from Burma and Malaya It is working purely on humanitarian considerations irrespective of caste creed or colour I am informed that the Society has given a helping hand to thousands of poor and deserving people. This is an example which is well worth Commendation and encouragement from all philanthropic people in this country The Society deserves encouragement and help and I wish it every success.

(३०-६-४१)

जस्टिस आर० टी० शार्प, रंगून हाईकोर्ट के जज—

As the representative of His excellency the Viceroy for the purchase on behalf of this war purposes fund of clothing and other similar articles for use by Evacuees from Burma, I have been much interested and impressed by the great amount cf good work being done by the Marwari Relief Society

(२०-५-४२)

श्रीयुत बृजमोहनजी बिड़ला—

I am very glad to notice the work being done by the Society in connection with the evacuees comming from Burma I hope the society will continue to render humanitarian service in future and be a source of inspiration to others

(१०-३-४२)

पं० गोदावरीश मिश्रा, उड़ीसा सरकार के अर्थ मन्त्री—

Dear Mr Saraogi,

Your Marwari Relief Society has rendered a yeomans service in the cause of the Burma Evacuees. Thousands have been benefited by the society But for your timely help so sincerely given most of those unfortunate brethren of ours would have been put to endless difficulties I thank the members of the society for this help and I particularly thank you for taking so much interest

(२८ ४ ४२)

प्रसिद्ध देश भक्त खरशीद बेन—

It has been an interesting visit to see all the Marwari Relief Society's work. I wish them all success and all honour is due to them for their humanitarian work Their service to the motherland is precious and God will give them strength

(२०-५-४२)

मि सी• फेयरवीदर कलकत्ता पुलिस कमिश्नर—

I take this opportunity of congratulating your Society for the very great service it has rendered and is rendering to the unfortunate evacuees

(१८-४ ४२)

मि एम• ए एच• इसहानी, कलकत्ता कारपोरेशन के भूतपूर्व डिप्टी मेयर—

In appreciation of the admirable service that your organisation is rendering to the evacuees irrespective of caste and creed I am enclosing herewith a cheque for Rs 150 you will honour me by utilising this amount as you consider best

May your Society grow stronger every day to continue its admirable service to humanity in distress

(९-२-४२)

मि• जान एच• स्पेयर,
चेयरमैन—यूरोपियन एण्ड एंग्लो इण्डियन इवेकुइज रिसेप्शन कमेटी—

I am well aware of the activities of the Marwari Relief Society in connection with the arrival of evacuees in Calcutta. I think the work which your Society is doing is beyond praise and the manner in which arrivals are taken care of, goes to prove how well organised are your activities. With compliments

(१० ३-४२)

सिद्धि भक्त, नेपाल सरकार के प्रतिनिधि—

We come and pay visit to the Marwari Relief Society and are shown round all section of the relief work We are highly impressed by their works We feel they are doing magnificent work all round

(७-५-४२)

मि० एम० एस० अणे—भूतपूर्व भारत सरकार के प्रवासी विभाग के इन्चार्ज—

I have heard with great pleasure the reports of the Relief work carried on by the Marwari Relief Society in aid of the Evacuees from Burma and Malaya The Society's work is carried on purely on humanitarian considerations and takes no account of caste, creed and colour in the dispensation of its relief I am sure thousands of suffering Evacuees have received the benefits and the society has thereby earned the eternal gratitude of these people rendered destitute by the war

The example set by the Marwari Relief Society of Calcutta is one which I hope will be largely emulated by all classes all over India The number of Evacuees coming in is growing more and more and they could stand in need of all the generosity and hospitality that can be shown to relieve them of their distress and sufferings I heartily thank the members of the Society for the assistance they have been rendering to the Government by their activities in aid of these suffering Evacuees.

(११ १-४२)

सर चार्ल्स मी० मोर्टन, चेयरमैन इवेकुइज रिसेप्शन कमेटी—

I confirm that the Calcutta Evacuees Reception Committee of which I am the chairman greatly appreciate the excellent work done by your Society The Vice chairman confirms that the representatives of your Society have been a model of Co-operation and help I feel sure we may count upon the continuance of your valuable service

(१२ १-४२)

ए एफ० कनले,
रंगून हाइकोर्ट के चीफ-जज—

Mr Saraogi has shown me the various activities of the Marwari Relief Society in connection with the Evacuees from Burma and we have been most interested in all that we have seen A very great work is being done and Indians from Burma have every reason to entertain feelings of the greatest gratitude to the Society

(२८ ५ ४२)

मि मोहनलाल ए॰ शाह प्रेसिडेण्ट—इण्डियन चेम्बर आफ कामर्स कलकत्ता—

It is a well known fact that the services of the Marwari Relief Society for all kind of humanitarian work is unique and it is also gratifying to note that aid is extended irrespective of caste, creed and colour

It is indeed a matter of great credit to all the workers of this Society like yourself for running this organisation so efficiently

(१३ ३-४२)

डा मुखर्जी रेड्डी—भूतपूर्व डिप्टी स्पीकर सेन्ट्रल असेम्बली—

Sir

We cannot sufficiently thank the Marwari Relief Society of Calcutta for their kindness and sympathy to our children of this Province It is our earnest prayer that the provincial organisations of the kind should get mutually acquainted with each other's work and thus co-operate for the benefit of the destitute and poor orphan children of our motherland

(मद्रास २८-८-४१)

मि ए एस॰ सैयदजी
भारत सरकार के प्रवासी विभाग के चीफ-वेलफेयर आफिसर—

I have had the honour and pleasure of visiting the hospital and have been impressed with the thoroughness of its organisation I saw some of the orphans As I am one of the evacuees who have tracked from Burma, I am not surprised at their condition I am glad and grateful that organisations exist in this great city to take care of such orphans God Almighty can alone appreciate such great work I wish every success to the organisation and its organisers

खानसाहिब एन॰ सोराबजी—

Dear Sir

It gives me great pleasure in taking this opportunity of writing to you and informing you that my family and myself have arrived safely at our destination Katteor Thanks to the splendid Railway arrangements and facilities which you have been so kind to have arranged for us We had a most comfortable journey

I cannot express to you adequately my gratefulness at all the kindness that you had shown to us during our stay in Calcutta. After the hardships and trials which we had passed through in Burma, the generosity and kind consideration touched us and we shall always remember with pleasure our stay at the Digambar Jain Dharmshala and of the kind help and attention which we received from you.

(८-५-४२)

मि॰ जे॰ एस ग्राहम थामस चेयरमैन—इवेकुइज रिसेप्सन कमेटी—

I have great pleasure in testifying to the invaluable help which your Society is giving ungrudgingly to all classes and communities of evacuees who have arrived in Calcutta from Burma and Malaya. Whether these unfortunate people have arrived by sea or by rail your representatives have invariably met ships and trains and rendered the fullest assistance in providing for their comforts.

As Vice-chairman of the Evacuees Reception Committee I personally thank your Society for all you have done and are doing in succouring the needy and for the great help you have been to me. My particular thanks go to Mr Saraogi

(१०-२-४२)

काशी नागरीप्रचारिणी सभा

(स्थापित सं० १९५० वि०)

अड़तालीसवाँ वार्षिक विवरण

सं० १९९७

हिंदी की संस्थाओं की संख्या जिनकी नामावली नागरी प्रचारिणी पत्रिका ४५-४ में प्रकाशित हो चुकी है—

असम	३	बड़ोदा	२	सिंध	४
उत्कल	२	बिहार	१६	हैदराबाद	१
कश्मीर	२	मद्रास	७	दक्षिण अफ्रिका	१
दिल्ली	४	मध्यप्रांत	७	फारस की खाड़ी	१
पंजाब	७	मध्यभारत	६	ब्रह्मदेश	१
बंगाल	६	युक्तप्रांत	४०		
बंबई	१२	राजपूताना	८		
					१३०

भिन्न भिन्न प्रांतों में 'हिंदी' पत्र की ग्राहक-संख्या

संयुक्त प्रांत	७८७	राजपूताना	३७
बिहार	६६	अजमेर	३
बंगाल	७	उदयपुर	१
ग्वालियर	२	जयपुर	५
ब्रह्म देश	१८	जोधपुर	३
मद्रास	१४	बीकानेर	८७
मैसूर	२	पंजाब	१६१
बंबई	१२९	दिल्ली	११
सिंध	१	काश्मीर	२५
मध्यभारत	७	मध्यप्रांत	९
हैदराबाद (दक्षिण)	२४		१३९९

विषय-सूची

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

का

अड़तालीसवाँ वार्षिक विवरण

सभा के अधिवेशन

भगवान् की असीम कृपा से नागरीप्रचारिणी सभा, काशी का यह अड़तालीसवाँ वर्ष पूर्ण हुआ। इस वर्ष साधारण सभा के १० और प्रबंध-समिति के १२ अधिवेशन हुए। साधारण सभा की सामान्य उपस्थिति ११ ६ और प्रबंध-समिति की १०.७५ रही।

सभासद

गत वर्ष सभा के सभासद ८०६ थे। इस वर्ष २९१ नए सभासद बने। किंतु ८ सभासदों का देहांत हो गया और ७ ने त्यागपत्र दिया। नियम ३१ के अनुसार शुल्क न देने से ४२ और निश्शुल्क सूची के दोहरान पर ८ सभासद पृथक् हुए, जिससे वर्ष के अंत में सभासदों की कुल संख्या १०३२ रही। इनमें १८ विशिष्ट, १२६ स्थायी, ४८ मान्य, ८१८ साधारण और २२ निःशुल्क रहे। इस वर्ष महिला सभासदों की संख्या ४७ रही।

गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कुल २२६ सभासदों की वृद्धि हुई। पिछले कुछ वर्षों पर दृष्टि रखते हुए यह वृद्धि कुछ आशाजनक अवश्य है, किंतु यदि इस बात पर विचार किया जाय कि (हिंदी भारतवर्ष में सबसे अधिक लोगों की मातृभाषा है) और (यह सभा-हिंदी की सबसे पुरानी और सबसे अधिक सेवा करनेवाली सर्वभारतीय संस्था है तो इसके सभासदों की यह अल्प संख्या नहीं के बराबर है।)

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

का

अड़तालीसवाँ वार्षिक विवरण

सभा के अधिवेशन

भगवान् की असीम कृपा से नागरीप्रचारिणी सभा, काशी का यह अड़तालीसवाँ वर्ष पूर्ण हुआ। इस वर्ष साधारण सभा के १० और प्रबंध-समिति के १२ अधिवेशन हुए। साधारण सभा की सामान्य उपस्थिति ११ ६ और प्रबंध-समिति की १०-७५ रही।

सभासद

गत वर्ष सभा के सभासद ८०६ थे। इस वर्ष ३९१ नए सभासद बने। किंतु ८ सभासदों का देहांत हो गया और ७ ने त्यागपत्र दिया। नियम ३१ के अनुसार शुल्क न देने से ४२ और निःशुल्क सूची के दोहराने पर ८ सभासद पृथक् हुए, जिससे वर्ष के अंत में सभासदों की कुल संख्या १०३२ रही। इनमें १८ विशिष्ट, १२६ स्थायी, ४८ मान्य, ८१८ साधारण और २२ निःशुल्क रहे। इस वर्ष महिला सभासदों की संख्या ४७ रही।

गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कुल २२६ सभासदों की वृद्धि हुई। पिछले कुछ वर्षों पर दृष्टि रखते हुए यह वृद्धि कुछ आशाजनक अवश्य है, किंतु यदि इस बात पर विचार किया जाय कि (हिंदी भारतवर्ष में सबसे अधिक लोगों की मातृभाषा है) और (यह सभा हिंदी की सबसे पुरानी और सबसे अधिक सेवा करनेवाली सर्वभारतीय संस्था है तो इसके सभासदों की यह अल्प संख्या नहीं के बराबर है।)

कुछ सभासदों ने इस कमी को पूरा करना आरंभ कर दिया है, जिनमें बीकानेर के श्री रामलौटनप्रसाद का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उनके प्रयत्न से बीकानेर में इस समय ९४ सभासद हो गए हैं। इसके लिये सभा उन्हें धन्यवाद देती है। काशी के बाद अब सभा के सभासदों की सबसे अधिक संख्या बीकानेर में ही है। इससे बीकानेर की जनता का सभा और हिंदी के प्रति प्रेम और उत्साह प्रकट होता है।

इस वर्ष सभा के जिन आठ सभासदों की मृत्यु हुई है उनमें सबसे अधिक क्षति हुई है सभा के मान्य सभासद, सभापति तथा हिंदी के मर्मज्ञ विद्वान् आचार्य रामचंद्र शुक्ल की मृत्यु से। उनके न रहने से सभा और हिंदी-साहित्य की जो महान् क्षति हुई है, उसकी पूर्ति होती नहीं दिखाई देती। आचार्य शुक्लजी के शरीरत्याग के कुछ ही दिनों के भीतर सभा के दूसरे मान्य सभासद प्रसिद्ध भाषा-मनीषी डाक्टर सर आर्थर ग्रियर्सन की मृत्यु ने हिंदी पर दूसरा प्रहार किया। बीकानेर के श्री मुन्नालाल चौका यद्यपि सभा के नए सभासद थे, फिर भी वे सभा के परम सहायक थे। बीकानेर में सभा के सदस्य बनाने में उन्होंने बड़ी सहायता की थी। दिल्ली के श्री केदारनाथ गोयनका भी हिंदी के अनन्य भक्त थे और उसकी उन्नति के प्रयत्न में बराबर लगे रहते थे। माधव कालेज उज्जैन के अध्यापक श्री रमाशंकर शुक्ल 'हृदय' एम० ए० मध्य भारत के उदीयमान कवि और साहित्यप्रेमी युवक थे। सभा को अपने सभी दिवंगत सभासदों के देहावसान पर दुःख है तथा वह उनके कुटुंबियों के प्रति हार्दिक समवेदना प्रकट करती है।

पदाधिकारी तथा प्रबंध-समिति के सदस्य

२१ वैशाख, १९९७ को सभा के वार्षिक अधिवेशन में इस वर्ष के लिये सभा के ये पदाधिकारी चुने गए थे—

सभापति — पं० रामचंद्र शुक्ल
उपसभापति—पं० रामनारायण मिश्र
,, ,, —पं० रमेशदत्त पांडे
प्रधान मंत्री—पं० रामबहोरी शुक्ल
साहित्यमंत्री—बा० रामचंद्र वर्मा
अर्थमंत्री—बा० जीवनदास

किंतु १८ माघ को पं० रामचंद्र शुक्ल का देहांत हो जाने के कारण २१ फाल्गुन को राय साहब ठाकुर शिवकुमार सिंह उनके स्थान पर शेष काल के लिये सभापति चुने गए।

उक्त वार्षिक अधिवेशन में प्रबंध-समिति के निम्नलिखित सदस्य चुने गए—

सं० १९९७-९९ के लिये

बा० राधेकृष्णदास काशी, बा० सहदेव सिंह, काशी, राय सत्यप्रत, काशी, श्री कृष्णानंद, काशी, रायबहादुर रामदेव चोखानी कलकत्ता, डा० सच्चिदानंद सिन्हा, पटना, और पं० जगद्धर शर्मा गुलेरी, लायलपुर (पंजाब)।

सभा के नियम ४९ तथा ५१ के अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति होने पर निम्नलिखित सज्जन प्रबंध-समिति के सदस्य हुए—

सं० १९९७-९८ के लिये

बा० मुरारीलाल केडिया, काशी, प० केशवप्रसाद मिश्र, काशी, बा० ठाकुरदास एडवोकेट, काशी, राय साहब ठा० शिवकुमार सिंह काशी, श्री दत्तो वामन पोतदार, पूना, श्री व्योहार राजेंद्रसिंह, जबलपुर, और सरदार माधवराव विनायकराव किबे, इंदौर।

सं० १९९७ के लिये

बा० कृष्णदेवप्रसाद गौड़, काशी, राय कृष्णदास, काशी, पं० वंशगोपाल झिंगरन, काशी, पं० विद्याभूषण मिश्र, काशी, बा० हरिहरनाथ टंडन, आगरा, पं० अयोध्यानाथ शर्मा, कानपुर, और पं० रामेश्वर गौरीशंकर ओझा, अजमेर।

किंतु उपर्युक्त वार्षिक अधिवेशन में ही यह निश्चय हुआ था कि इस वर्ष से प्र० स० के सदस्यों की संख्या २१ से बढ़ाकर ३९ कर दी जाय, और साधारण सभा को अतिरिक्त चुनाव का अधिकार दिया गया था। उसके अनुसार ५ ज्येष्ठ १९९७ को साधारण सभा में निम्नलिखित सज्जन प्र० स० के सदस्य चुने गए—

सं० १९९७-९९ के लिये

पं० चंद्रबली पांडे, काशी, राय साहब पं० श्रीनारायण चतुर्वेदी, लखनऊ, पं० भोलानाथ शर्मा, बरेली, श्री भँवरलाल नाहटा, सिलहट,

बा० मूलचंद्र अग्रवाल, कलकत्ता (ब्रह्मदेश के लिये); और बा० लक्ष्मी नारायण सिंह 'सुधांशु', पूर्णिया (उत्कल के लिये)।

सं० १९९७-९८ के लिये

बा० व्रजरत्नदास, काशी; पं० श्यामसुंदर उपाध्याय, बलिया; पं० श्रीचंद्र शर्मा, जम्मू, डा० हारानंद शास्त्री, बड़ोदा, श्री ना० नागप्पा मैसूर, और श्री पी० बी० आचार्य, मद्रास।

सं० १९९७ के लिये

श्रीमती कमलाकुमारी काशी, स्वामी हरिनामदासजी उदासीन, सक्खर (सिंध), श्री सुधाकर जी, दिल्ली, श्री सत्यनारायण लोया, हैदराबाद (दक्षिण); श्री जी० सच्चिदानंद, मैसूर (सिंहल के लिये); और श्री पुरोहित हरिनारायण शर्मा, जयपुर।

राय साहब ठाकुर शिवकुमार सिंह के सभापति चुन लिए जाने पर उनके स्थान पर २१ फाल्गुन, १९९७ के साधारण अधिवेशन में पं० लक्ष्मीप्रसाद पांडेय प्रबंध समिति के सदस्य चुने गए।

इस वर्ष सभा के आय-व्यय-निरीक्षक पं० सूर्यनारायण आचार्य चुने गए थे। पर उन्हें अवकाश न था। इससे उनके स्थान पर बा० गुलाबदास नागर चुने गए।

आर्यभाषा पुस्तकालय

गत वर्ष पुस्तकालय की आय २४६१।।।=)।१३ थी और व्यय ३३८४)७३ था। इस वर्ष २४३१)।११ आय हुई जिसमें १०००) प्रांतीय सरकार से, ३६०) म्युनिसिपल बोर्ड, बनारस से और १०७१)।११ सहायकों के वार्षिक चंदे तथा फुटकर दान से प्राप्त हुआ। इस वर्ष व्यय ३०७६।।।)।।= हुआ, जिसमें ९८१।।) पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं में १६८५।।।=) वेतन में और २२९।।।=) रोशनी आदि में हुआ। ८५)।।।= जिल्दबंदी के सामान में लगा। (जिल्दबंदी के लिये विशेष रूप से नियुक्त किए गए दफ्तरियों का वेतन ऊपर वेतन की रकम में ही सम्मिलित है।) १२४) फुटकर व्यय हुआ।

गत वर्ष पुस्तकालय के सहायकों की संख्या ८० थी, इस वर्ष ११७ रही। इस वर्ष भी कुछ सहायकों के यहाँ दो वर्ष या इससे अधिक का चंदा बाकी रहने से उनकी अमानत की रकम में पुस्तकों का मूल्य तथा चंदा लेकर, पुस्तकालय के नियम १४ के अनुसार उनके नाम सहायक-श्रेणी से पृथक् करने पड़े, जिसका सभा को खेद है।

गत वर्ष २०३ पत्र पत्रिकाएँ आती रहीं। इस वर्ष ६० पुरानी पत्र-पत्रिकाओं का आना बंद हो गया और ४१ नई पत्र पत्रिकाएँ आने लगीं। इस प्रकार इस वर्ष पुस्तकालय में कुल १८४ पत्र पत्रिकाएँ आती रहीं।

गत वर्ष पुस्तकालय के हिंदी-विभाग में १५२८२ मुद्रित पुस्तकें थीं। इस वर्ष ६१८ नई पुस्तकें आई। अब इस विभाग में मुद्रित पुस्तकों की संख्या १५९०० है।

गत वर्ष पुस्तकालय के हस्तलिखित पुस्तक-विभाग में ८३१ पुस्तकें थीं। इस वर्ष ४ पुस्तकें आई। अब ८३५ हस्त-लिखित पुस्तकें हैं।

द्विवेदी-संग्रह तथा रत्नाकर-संग्रह में पत्र-पत्रिकाओं के अतिरिक्त क्रमशः २७७३ तथा १५२४ पुस्तकें हैं।

गत वर्ष अँगरेजी-विभाग में २३३६ पुस्तकें थीं। इस वर्ष ७९ नवीन पुस्तकें आई। अब इस विभाग में २४१५ पुस्तकें हैं। इनके अतिरिक्त संस्कृत, मराठी, बँगला, गुजराती, उर्दू आदि की भी पुस्तकें हैं। इन सब की सूची प्रस्तुत कराने का आयोजन हो रहा है।

इस वर्ष पुस्तकालय २७९ दिन तथा वाचनालय ३३८ दिन खुला रहा और नित्य के पढ़नेवालों की सामान्य संख्या १२० थी। सहायकों ने लगभग ३५०० पुस्तकें पढ़ीं।

इस वर्ष दाशमिक-वर्गीकरण पद्धति के अनुसार हिंदी विभाग के दर्शन, धर्म, समाजशास्त्र, भाषा, विज्ञान, उपयोगी कला, ललित कला, साहित्य और इतिहास-भूगोल की शेष समस्त पुस्तकों पर संख्याएँ अंकित की गईं। हर्ष का विषय है कि पुस्तकों का नवीन-पद्धति के वर्गीकरण का कार्य, जो गत कई वर्षों से हो रहा था, इस वर्ष पूरा हो गया। पुस्तकालय की पुस्तकों की यह सूची छपने के लिये तैयार है पर धनाभाव के कारण इस वर्ष छापी न जा सकी। आशा है, वह अगले वर्ष सर्वसाधारण के लिये सुलभ हो जायगी।

जैसा गत वर्ष संकेत किया गया था, पुस्तकालय की उत्तरोत्तर वृद्धि के कारण स्थान और अलमारियों का अभाव है। इससे पुस्तकें तथा सामयिक पत्र-पत्रिकाएँ आदि रखने की कोई ठीक व्यवस्था नहीं हो पाती। नवीन पद्धति के अनुसार पुस्तकालय के लिये यथेष्ट और आवश्यक उपकरण (कैबिनट कार्ड शेल्फ अलमारियाँ आदि) प्राप्त करना सभा की वर्तमान आर्थिक स्थिति के कारण कठिन जान पड़ता है। इस संबंध में सभा ने गत वर्ष कम से कम एक सहस्र रुपयों की आवश्यकता बतलाई थी। खेद है, पुस्तक-प्रेमियों ने इस छोटी सी आवश्यकता की पूर्ति की ओर ध्यान नहीं दिया। यदि उदार हिंदी प्रेमी चाहें तो पुस्तकालय की वर्तमान कठिनाइयों के दूर होने में देर न लगेगी।

पुस्तकालय का उपयोग उसके सहायकों के अतिरिक्त स्वाध्याय तथा ग्रंथ-रचना के लिये भी उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है। गत वर्ष काशी-हिंदू विश्वविद्यालय और प्रयाग-विश्वविद्यालय के कुछ विद्यार्थियों ने अपनी खोज के निबंध प्रस्तुत करने में आर्य भाषा पुस्तकालय से यथेष्ट लाभ उठाया था। इस वर्ष प्रयाग-विश्वविद्यालय के श्री राजा पन्नालाल वृत्ति-भोगी पं० उमाशंकर शुक्ल ने भी इस पुस्तकालय में अपनी खोज का कार्य किया। इसके अतिरिक्त लखनऊ-विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी ने भी पुस्तकालय के संग्रह से समुचित लाभ उठाया।

इस प्रकार आर्यभाषा-पुस्तकालय खोज के विद्यार्थियों के काम का भी हो रहा है। आशा है भविष्य में और भी अन्वेषक और विद्यार्थी इसका उपयोग करेंगे।

सभा निरंतर यह उद्योग करती रहती है कि उसका यह पुस्तकालय तथा वाचनालय सभी दृष्टियों से परिपूर्ण रहे। हिंदी पुस्तकों का प्रकाशन जिस द्रुत गति से बढ़ रहा है उसको देखते हुए हिंदी संसार का सभी प्रकाशित पुस्तकों तथा सामयिक पत्र-पत्रिकाओं को मूल्य देकर प्राप्त करना सभा की शक्ति के बाहर जान पड़ता है। इसके लिये सभा को कम से कम तीन हजार रुपये वार्षिक की आवश्यकता है। सभा उन अनेक लेखकों, कवियों और प्रकाशकों की कृतज्ञ है जो अपनी रचनाएँ और अपने प्रकाशन सभा को बराबर प्रदान किया करते हैं, किंतु जिन सज्जनों तथा संस्थाओं ने सभा के इस निवेदन की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया है उनसे सभा विशेष रूप से अनुरोध करती है। उनकी इस

सहायता से यह पुस्तकालय सहज ही पूर्ण बन सकता है। साथ ही युक्तप्रांतीय सरकार से सभा का अनुरोध है कि वह अपनी वर्तमान सहायता में कम से कम एक सहस्र रुपये वार्षिक की और वृद्धि करे। ऐसा होने से सभा का पुस्तकालय हिंदी का सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालय बन सकेगा और उसका उपयोग खोज करनेवाले विद्वान् एवं सर्वसाधारण हिंदी प्रेमी भली भाँति कर सकेंगे।

जिन सज्जनों तथा संस्थाओं ने इस वर्ष पुस्तकालय के लिये पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ आदि दान दी हैं, उनमें पं० रामनारायणजी मिश्र (काशी), इंडियन प्रेस लिमिटेड (प्रयाग), पं० राधेश्यामजी कथावाचस्पति (बरेली), दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा (मद्रास) और श्री कमलनाथ अग्रवाल (काशी) विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। बिहार के प्रसिद्ध साहित्यसेवी पं० अक्षयवट मिश्र ने अपनी संपूर्ण कृतियाँ एक सुंदर छोटी अलमारी में सजाकर अपने जीवन के अंतिम काल में इस पुस्तकालय को भेंट की थीं। यदि इसी प्रकार सभा में प्रसिद्ध साहित्यकारों के ग्रंथ और संभव हो तो उनके सभी संस्करण अलग अलग अलमारियों में रखे जा सकें तो कितना अच्छा संग्रह हो जाय। यह खोज और साहित्य के इतिहास-निर्माण में बहुत ही उपयोगी और सहायक हो।

इस वर्ष श्री कृष्णदेवप्रसाद गौड़ पुस्तकालय के निरीक्षक थे।

हिंदी के हस्तलिखित ग्रंथों की खोज

इस वर्ष खोज का कार्य इटावा और मथुरा जिलों में होता रहा। इटावा में पं० बाबूराम मित्थरिया ने और मथुरा में पं० दौलतराम जुयाल ने कार्य किया। पं० बाबूराम मित्थरिया कुछ महीने कार्य करने के बाद कार्तिक मास में सभा से अलग कर दिए गए। उनके स्थान पर श्री महेशचंद्र गर्ग एम० ए० नियुक्त किए गए।

इस वर्ष इटावा जिले में १६० और मथुरा जिले में १८४ हस्त-लिखित ग्रंथों के विवरण लिए गए। इनके अतिरिक्त दतिया (बुंदेलखंड) के श्री हरिमोहन लाल वर्मा, बी० ए० साहित्यरत्न ने ३ तथा श्री हरिदास दुबे 'हरिहर' ने ६ विवरण भेजने की कृपा की। समस्त ३५३ ग्रंथों में से ६४ ग्रंथों के रचयिताओं के नाम अज्ञात हैं, शेष १७९ ग्रंथ १४३

ग्रंथकारों के रचे हुए हैं। ग्रंथकार तथा ग्रंथों का शताब्दी-विभाग निम्न प्रकार है —

शताब्दी स सन्	१६वीं	१७वीं	१८वीं	१९वीं	अज्ञात	योग
ग्रंथकार	८	३२	२९	१०	१०३	१८२
ग्रंथ	७	२८	३३	११	२७८	३५३

ये ग्रंथ निम्नलिखित विषयों में इस प्रकार विभक्त हैं —

(१) भक्ति—९३ (२) अध्यात्म तथा दर्शन—२५, (३) योग—२, (४) काव्य—५७, (५) संगीत—२, (६) कोश—२, (७) रीति—७, (८) पुराण—९, (९) पौराणिक कथा—२१, (१०) ज्योतिष—१०, (११) भूगोल—१, (१२) राजनीति—२, (१३) नीति—२, (१४) स्वप्न—१, (१५) स्तोत्र—१५, (१६) कथा कहानी—५ (१७) धार्मिक—२३, (१८) मंत्र-तंत्र—८, (१९) सामुद्रिक—५, (२०) रमल, शकुन तथा शुभाशुभ प्रश्न—१२, (२१) पिंगल—२, (२२) जीवन-वार्ता—१७, (२३) वैद्यक—३, (२४) स्वरोदय—१ (२५) कोकशास्त्र—१ (२६) विविध—२९।

इटावा जिले में जिन ग्रंथों के विवरण लिए गए उनमें से निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण हैं :—

(१) बाल बजरंगी चरित्र—इसमें दोहा, सोरठा और चौपाई की प्रबंधात्मक शैली में हनुमानजी का जीवनचरित्र लिखा गया है।

(२) गंगा भक्ति-विनोद—इसका निर्माणकाल संवत् १९०९ है। इसकी रचना संस्कृत के गंगा-लहरी नामक काव्य के आधार पर हुई है। इसके रचयिता का नाम रसिकसुंदर है।

(३) पक्षी चेतन—इसमें संयोग-वियोग शृंगार के ३१ दोहे हैं, जिनमें किसी न किसी पक्षी का नाम श्लिष्ट पद के रूप में आया है।

(४) चित्रगुप्त की कथा—लेखक द्विज कवि मोतीलाल। इसमें चित्रगुप्त तथा कायस्थों की उत्पत्ति की कथा है।

(५) कंस की कथा—इसके लेखक तथा निर्माण काल अज्ञात हैं। लेखक ने ब्रजभाषा गद्य में राजा कंस की कथा का वर्णन किया है। इसको पढ़ने में काव्य का सा आनंद आता है।

मथुरा में प्राप्त अनेक उत्तमोत्तम ग्रंथों में निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं –

ग्रंथ का नाम	ग्रंथकार का नाम	निर्माणकाल संवत्	लिपिकाल संवत्
योगाभ्यास मुद्रा	कुमुदिपाद	×	१८९७
काव्यरस	महाराज जयसिंह	×	१८०२
ब्रजकेलि	नारायण स्वामी	×	×
मोहित जू कृत कटफर बानी की टीका या सुभावनायोधिनी	ब्रजगोपालदास	१९००	१९६८
कोक सामुद्रिक	अहमद	१६७८	×
जुगल विलास	महाराज रामसिंह	१८३६	×
कृष्णचंद्रिका	अखैराम	१८११	१८८३
दुर्गाभक्ति चंद्रिका	कुलपति मिश्र	१७४९	१८११
बिहारिन देवजी की बानी	बिहारिन देवजी	×	×
रसरूप	सरस्वती	×	१८५५
भीकबीर के पदों की टीका	×	×	×
कवितरंग	सीताराम	१७६०	१८६९
अलंकार आभा	चतुर्भुज मिश्र	१८९६	×
रागमाला	×	×	×
द्रव्यसंग्रह	रामचंद्र जैनी	×	१७६१

स्पष्ट है कि खोज संबंधी कठिनाइयाँ अभी पूर्ववत् बनी हुई हैं। ग्रंथों के स्वामी अपने ग्रंथों को दिखलाने में नाना प्रकार की अड़चनें उपस्थित करते हैं। कहीं अंधविश्वास बाधक होता है, कहीं अज्ञान। कहीं कहीं तो इसे व्यर्थ की झंझट समझकर टालने की चेष्टा की जाती है। फिर भी संतोष है कि अनेक महानुभावों ने अपने ग्रंथों को प्रसन्नता-पूर्वक दिखलाया तथा उनके विवरण देने की प्रत्येक सुविधा प्रदान की। इसके अतिरिक्त कुछ ने अपने हस्तलेखों को सभा के लिये दान देकर अपनी उदारता का परिचय दिया। सभा इन सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करती है। सभा के अन्वेषकों को अनेक प्रकार की सहायता देनेवाले सज्जनों में कुछ ये हैं—

सेठ कन्हैयालाल पोद्दार, मथुरा; पं० मोहनवल्लभ पंत, किशोरीरमण कालेज, मथुरा, श्री सत्येंद्रजी, चंपा अग्रवाल कालेज, मथुरा, श्री विरानस्वरूप अग्रवाल, कोसी कलाँ, मथुरा, पं० छोटेलालजी गासधारी, मुसराई, मथुरा, पं० उमाशंकरजी वैद्य, वृंदावन, गोस्वामी रूपलालजी हित, राधावल्लभ मंदिर, वृंदावन, पं० नत्थनलाल शर्मा, मंत्री, साहित्य-समिति, भरतपुर, पं० मदनमोहन लाल आयुर्वेदाचार्य, भरतपुर, पं० मदनलालजी ज्योतिषी, भरतपुर, पं० हरिकृष्णजी वैद्य, डीग, भरतपुर, पं० वासुदेवजी, पुरानी डीग, भरतपुर, और श्री मुन्नीलालजी रोध, मथुरा।

आशा है, इनसे तथा अन्य सज्जनों से सभा के अन्वेषकों को भविष्य में भी पूर्ववत् सहायता प्राप्त होती रहेगी।

इस वर्ष खोज-विभाग के निरीक्षक डा० पीतांबरदत्त बड़थ्वाल और सहायक निरीक्षक पं० विद्याभूषण मिश्र चुने गए थे, परंतु अस्वस्थता के कारण डा० बड़थ्वाल के पदत्याग करने पर पं० विद्याभूषण मिश्र वर्ष के अंत तक निरीक्षक रहे।

भारत-कलाभवन

इस वर्ष भारत-कलाभवन का रामघाट की खोदाई से घनिष्ठ संबंध रहा। जनवरी १९४० के आरंभ से ही ईस्ट इंडियन रेलवे की ओर से 'काशी' स्टेशन को बढ़ाने के लिये उक्त स्टेशन के उत्तर वाली गंगा किनारे

की भूमि की खोदाई हो रही थी। खोदाई में निकलनेवाली प्राचीन वस्तुओं के संबंध में रेलवे अधिकारी उदासीन थे, अतः रोजगारियों ने वहाँ अपनी सत्ता स्थापित कर ली थी। वे उक्त वस्तुओं को अधिक धन प्राप्ति के लोभ से अन्य संग्रहालयों को भेज देते थे। इस प्रकार कला भवन को साधारण वस्तुएँ ही प्राप्त होती थीं। किंतु बराबर यही उद्योग किया जाता था कि अपने नगर के इन प्राचीन चिह्नों का यहीं अधिक से अधिक संख्या में संग्रह किया जाय। इस वर्ष के आरंभ से इस कार्य में सफलता मिलने लगी और अब कलाभवन में राजघाट की वस्तुओं का अद्वितीय संग्रह हो गया है। इनमें अधिकांश वस्तुएँ गुप्तकाल (चौथी, पाँचवीं शती) की हैं और इतिहास एवं कला की दृष्टि से अत्यंत महत्त्व-पूर्ण हैं। इन वस्तुओं के समुचित प्रदर्शन के लिये श्री पुरुषोत्तमदास हलवासिया ने पाँच 'शो केस' बनवा दिए हैं।

कलाभवन के आग्रह करने पर गत अक्तूबर में भारतीय पुरातत्त्व विभाग ने रेलवे द्वारा खोदी हुई उक्त भूमि को अपने संरक्षण में लेकर उसके कुछ हिस्से की वैज्ञानिक ढंग से खोदाई कराई। फलस्वरूप चौथी पाँचवीं शती की वाराणसी नगरी के ध्वंसावशेष निकले हैं। ये सभी दृष्टियों से अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

राजघाट की रेलवे की खोदाई में गहड़वार महाराज गोविंदचंद्र देव का मिति कार्तिक पूर्णिमा संवत् ११९७ का बड़े आकार के दो पत्रोंवाला ताम्रपत्र रेलवे अधिकारियों के हाथ लगा था। भारतीय पुरातत्त्व विभाग ने इसे प्राप्त कर लिया है और वैज्ञानिक क्रियाओं से इसकी सफाई आदि कराके भारत-कलाभवन को ही दे देने का निश्चय किया है।

भारतीय पुरातत्त्व विभाग के डाइरेक्टर-जनरल ने कलाभवन की उत्तरोत्तर समृद्धि एवं उन्नति से संतुष्ट होकर अब यह नीति निर्धारित की है कि सारनाथ के अतिरिक्त काशी तथा आसपास के अन्य स्थानों से पुरातत्त्व संबंधी जो वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं तथा भविष्य में प्राप्त होंगी वे कलाभवन में रहेंगी। इस नीति के अनुसार अन्य स्थानों से प्राप्त और सारनाथ संग्रहालय में रखी मूर्तियों और इमारती पत्थरों में से २९ वस्तुएँ उक्त विभाग की ओर से भारत-कलाभवन को प्राप्त हुई हैं। इनमें काशी के बकरियाकुण्ड से प्राप्त गोवर्द्धनधारी कृष्ण की गुप्तकालीन विशाल मूर्ति अत्यंत भव्य तथा दर्शनीय है। इसी प्रकार जैन तीर्थंकर

के पास की गुप्तकालीन बड़ी मूर्ति भी बहुत सुन्दर और कलापूर्ण है। भारतीय पुरातत्त्व विभाग से प्राप्त राजघाट की पत्थर की वस्तुएँ यद्यपि मध्यकालीन हैं, फिर भी कुछ विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण हैं।

कलाभवन में राजघाट की वस्तुओं का विभाग अलग कर दिया गया है। उसका उद्घाटन ७ भाद्रपद १९९७ को डाक्टर पन्नालाल, आई० सी० एस०, डी० लिट्० ने किया।

चित्रमंदिर—इस वर्ष इस विभाग के प्रदर्शन में कई महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का समावेश किया गया है। चित्रों के स्थायी परिचय-पत्र तैयार हो रहे हैं और शीघ्र ही लगा दिए जायँगे। सूची भी शीघ्र ही छापी जायगी।

दर्शक—इस वर्ष दर्शकों की संख्या बहुत अधिक रही। इनमें भारतीय पुरातत्त्व विभाग के प्रायः सभी उच्च पदाधिकारी, भारतीय इतिहासपरिषद् तथा भारतीय विज्ञानपरिषद् के काशी में होनेवाले अधिवेशनों में आए हुए विज्ञानवेत्ता तथा विद्वज्जन, थियोसाफिकल सोसायटी की जुबिली के प्रतिनिधिगण, अनेक शिक्षा-संस्थाओं—जैसे इलाहाबाद के टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, धौलपुर के शांतिनिकेतन और काशी के वसंत महिला कालेज—के छात्र तथा छात्राएँ मुख्य हैं। सेठ घनश्यामदासजी बिड़ला, श्री बी० एस० मुंजे, श्री श्रीकृष्णसिंह, सर यदुनाथ सरकार, डा० श्यामाप्रसाद मुकर्जी, डा० विनय सरकार, श्री ओ० सी० गांगुली, श्री अमरनाथ झा, श्री नंदलाल दास, डा० बीरबल साहनी, सर आर्देशीर दलाल, यु० प्रां० सरकार के परामर्शदाता डा० पन्नालाल, श्री एन० सी० मेहता आई० सी० एस०, युक्तप्रांतीय शिक्षा-विभाग के डाइरेक्टर श्री पावेल प्राइस, बनारस के कमिश्नर डा० श्री श्रीधर नेहरू आई० सी० एस० कलक्टर, तथा पुलिस सुपरिटेंडेंट आदि अन्य अधिकारी, बनारस के इंस्पेक्टर ऑव स्कूल्स, कैंब्रिज विश्वविद्यालय के श्री जेम्स हिटमोर, डा० मेघनाद् साहा, मद्रास थियोसाफिकल सोसायटी के श्री जिनराजदास आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

इस वर्ष कलाभवन में दर्शकों की संख्या लगभग ५००० थी।

रामप्रसाद समादर उत्सव—भारत कलाभवन ने मुगल शैली की चित्रकला के एकमात्र वर्तमान प्रतिनिधि वयोवृद्ध उस्ताद श्री रामप्रसादजी के समादर में एक हजार रुपए का एक कोष भेंट करने की योजना बनाई

थी। समस्त भारत के गुणग्राही तथा गुणी लोगों ने इस कार्य में सहयोग दिया और यह कार्य ७७ मार्गशीर्ष १९९७ को श्री अमरनाथ झा, वाइस चांसलर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभापतित्व में संपन्न हुआ।

इस वर्ष भी कलाभवन के समद्दाध्यक्ष श्री राय कृष्णदास रहे।

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

नागरीप्रचारिणी पत्रिका का यह पैंतालीसवाँ वर्ष समाप्त हुआ। पत्रिका में पहले की ही भाँति उच्च कोटि के लेख निकलते रहे। इस वर्ष पत्रिका के संपादक-मंडल में निम्नलिखित सज्जन चुने गए थे—

श्री रामचंद्र शुक्ल	डा० मंगलदेव शास्त्री
श्री केशवप्रसाद मिश्र	श्री वासुदेवशरण

श्री कृष्णानंद (संपादक)

इस वर्ष पत्रिका में प्रकाशित लेखों की सूची नीचे दी जाती है—

विषय लेखक

भारतीय मुद्राएँ और उन पर हिंदी का स्थान [लेखक—श्री दुर्गाप्रसाद, बी० ए०, विज्ञानकला-विशारद, एम्० एन्० एस्०]

देवनागरी लिपि और मुसलमानी शिलालेख [लेखक—डा० हीरानंद शास्त्री, एम्० ए०, डी० लिट्०]

राष्ट्र-लिपि के विधान में रोमन लिपि का स्थान [लेखक—डा० ईश्वरदत्त, विद्यालंकार, पी एच्० डी०]

नागरी और मुसलमान [लेखक—श्री चंद्रबली पांडे, एम० ए०]

मलिक मुहम्मद जायसी का जीवनचरित [लेखक—श्री सैयद आले मुहम्मद मेहर जायसी, बी० ए०]

कुवर पिया [लेखक—श्री गोपालचंद्र सिंह, एम्० ए०, एल्-एल्० बी०, विशारद]

रघुवंश और भारत [लेखक—भारतदीपक डा० विष्णु सीताराम सुकथनकर, एम्० ए०, पी-एच्० डी०]

विषय लेखक

चयन—

समीक्षा—

विषय — लेखक

महाभारत का संशोधित संस्करण [ले० श्री कृ]
वाहीक ग्रामों के शुद्ध नाम [ले० श्री वासुदेवशरण]
पंजाब में हिंदी आंदोलन [ले० श्री कृ]
संस्कृत का महत्त्व [ले० श्री कृ]
भारत की प्रादेशिक भाषाओं के लिये समान वैज्ञानिक शब्दावली [ले० श्री कृ]
बहुमूल्य प्राचीन ग्रंथ-संपत्ति अमेरिका गई [ले० श्री कृ]
पृथ्वीराज रासो संबंधी शोध [ले० श्री कृ]
'सभ्यता की समाधि' में योग इंस्टीट्यूट के प्रकाशन [ले० श्री कृ]
'हिंदी' [ले० श्री कृ]
कार्तिक अंक के चित्र [ले० श्री कृ]
सभा की प्रगति [ले० श्री सहायक मंत्री]
हिंदी प्रचारिणी संस्थाएँ [„ „]

नागरीप्रचारिणी ग्रंथमाला

इस माला में सभा प्राचीन कवियों और लेखकों की रचनाएँ योग्य विद्वानों से संपादित करा के प्रकाशित करती है। द्रव्य के अभाव में इस वर्ष इसमें कोई नया ग्रंथ नहीं प्रकाशित किया गया।

सूरसागर को, जिसका प्रकाशन सात अंक निकालने के बाद स्थगित कर दिया गया था, अब फिर उसी रूप में प्रकाशित करने का निश्चय किया गया है। गत वर्ष इसका एक सस्ता संस्करण निकालने का निश्चय हुआ था, पर इस वर्ष सभा के वार्षिकोत्सव के सभापति कथावाचस्पति पं० राधेश्याम वानप्रस्थी ने इसके लिये द्रव्य संग्रह करने का वचन दिया है, जिससे आशा है कि अब यह उसी सुंदर रूप में छपाया जा सकेगा।

मनोरंजन पुस्तकमाला

इस माला में ५३ उपयोगी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। आर्थिक कठिनाई के कारण इसकी ५४ वीं पुस्तक जो तैयार है, इस वर्ष छापी न जा सकी।

प्रकीर्णक पुस्तकमाला

इस वर्ष इसमें ये तीन पुस्तकें प्रकाशित की गईं—उर्दू का रहस्य, मुल्क की अमान और फाजिल मुसलमान (उर्दू में), मुगल बादशाहों की हिंदी। ये तीनों पुस्तकें हिंदी भाषा की स्थिति स्पष्ट करने और उर्दू के संबंध में प्रचारित बहुत सी भ्रम में डालनेवाली बातों का निराकरण करने में बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं।

सूर्यकुमारी पुस्तकमाला

श्रीमान् शाहपुराधीश महाराज उम्मेदसिंह जी ने अपनी स्वर्गवासिनी धर्मपत्नी श्रीमती सूर्यकुमारी देवी की स्मृति में सभा को धन देकर इस पुस्तकमाला को प्रकाशित कराने की व्यवस्था की थी। इसके लिये शाहपुरा दरबार से सभा को कुल १९९८४) प्राप्त हुए थे। इस माला में अब तक १७ ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं।

इस वर्ष इस पुस्तकमाला में 'हिंदी-साहित्य का इतिहास' का संशोधित और परिवर्धित संस्करण प्रकाशित किया गया जो, खेद है, विद्वान् लेखक की आकस्मिक मृत्यु से किंचित् अधूरा ही रह गया। 'हिंदी-साहित्य का इतिहास' का एक संक्षिप्त संस्करण भी प्रकाशित किया गया। इसके अतिरिक्त 'हिंदी की गद्य-शैली का विकास' का पुनर्मुद्रण हुआ। स्व० पं० चंद्रधर शर्मा गुलेरी के लेखों का संग्रह 'गुलेरी ग्रंथ' के नाम से छप रहा था, किंतु गुलेरी जी के पुत्र पं० योगेश्वर शर्मा गुलेरी से इसके संबंध में कुछ आवश्यक विषयों पर पत्रव्यवहार हो रहा है जिससे १२ फार्म के बाद आगे छपाई रोक दी गई है। आशा है शीघ्र ही फिर छपाई आरंभ हो जायगी।

इस वर्ष माला के आय-व्यय का ब्योरा इस प्रकार है—

आय		व्यय	
५६९०॥)४	गत वर्ष की बचत	३६६)	हिंदी गद्य-शैली के विकास की छपाई
१५६९॥)॥	पुस्तकों की बिक्री तथा रायल्टी	५८४॥≡)	हिंदी गद्य-शैली के विकास के लिये कागज
७२६०॥)१०			

४५८।)	शशांक के लिये कागज
२९८।)	शशांक की छपाई
७७९॥-)।	शशांक की जिल्द बँधाई
१७६)	हिंदी-साहित्य के इतिहास की रायल्टी
१९६≡)॥	कार्यालय-व्यय
२४९॥)॥	सोविएत् भूमि की जिल्द बँधाई
२३९)	सोविएत् भूमि की रायल्टी
१२॥≡)॥=	फुटकर
२८८०।≡)॥=	
४३८०)११३	बचत
७२६०॥)१०	

देवीप्रसाद ऐतिहासिक पुस्तकमाला

जोधपुर निवासी स्वर्गीय मुंशी देवीप्रसाद मुंसिफ की दी हुई निधि से इस माला में ऐतिहासिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जाता है। इस माला में अब तक १४ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस वर्ष १५ वीं पुस्तक 'मोहें जो दड़ो' छपने को दी गई है। उसकी छपाई प्राय: समाप्त हो चुकी है। यह शीघ्र प्रकाशित होगी।

इस वर्ष माला के आय-व्यय का ब्योरा इस प्रकार है—

आय		व्यय	
६९४२।=)४३	गत वर्ष की बचत	८९)	मध्य प्रदेश के इतिहास की छपाई
६३०)	इंपारियल बैंक के शेयरों का मुनाफा	१॥)	बैंक बट्टा
१०४॥≡)	इनकम टैक्स का फिरता	१६)	मोहें जो दड़ो के प्रूफ संशोधन करने का पारिश्रमिक
३५५)	पुस्तकों की बिक्री तथा रायल्टी	६०॥≡)॥	कागज
		१३६≡)॥=	कार्यालय व्यय
८०३२।-)४३			

४)॥।=	फुटकर व्यय
३०७॥=)॥	
७७२४॥-)१०¾	बचत
८०३२।-)४	

बालाबक्श राजपूत चारण पुस्तकमाला

जयपुर के स्वर्गीय बारहट बालाबक्सजी की दी हुई निधि से इस माला में राजपूतों और चारणों की लिखी डिंगल और पिंगल भाषा की पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। इस वर्ष इस माला में जोधपुर के वयोवृद्ध विद्वान् श्री रामकर्णजी द्वारा संपादित 'राजरूपक' नाम के महत्त्वपूर्ण ग्रंथ का छापना आरंभ किया गया। इसका कुछ अंश छप चुका है।

माला के इस वर्ष के आय-व्यय का हिसाब निम्नलिखित है—

आय		व्यय	
१५२४=)७	गत वर्ष की बचत	२०७=)	रघुनाथ रूपक गीतारों का पारिश्रमिक
३४३=)॥	सरकारी कागजों का व्याज	१८६)	रघुनाथ रूपक की छपाई
६१॥)	इनकम टैक्स का फिरता	३०-)॥	रघुनाथ रूपक के लिये शेष कागज
१०६)॥	पुस्तकों की बिक्री तथा रायल्टी	१२०-)॥।	रघुनाथ रूपक की जिल्द बँधाई
२०३४॥।=)७		३३०॥।)	राजरूपक के लिये कागज
		९०२॥)	स्टाफ रूम की बनवाई
		६३॥।-)॥।	कार्यालय व्यय
		४॥=)॥।	फुटकर
		१८४५=)।	
		१८९॥।-)४	बचत
		२०३४॥।=)७	

देव पुरस्कार ग्रंथावली

ओड़छा के श्री वीरेंद्र केशव साहित्य परिषद् ने उक्त ग्रंथावली के नाम से उच्च कोटि की साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित करने के लिये सभा को १०००) दिया था। इस ग्रंथावली में इस वर्ष कोई पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई। इस वर्ष इस माला के आय-व्यय का हिसाब इस प्रकार है —

आय		व्यय	
९१९॥-)॥	पुस्तकों की बिक्री	९०॥≡)॥	गत वर्ष का अधिक व्यय
९१९॥-)॥		२५)	जिल्दबंदी का सामान
		११)	पुट्ठे की छपाई
		१०७≡)॥	कार्यालय व्यय
		७॥≡)॥	फुटकर व्यय
		२३१-)॥	
		६८७≡)॥	बचत
		९१९॥-)॥	

श्री महेंदुलाल गर्ग विज्ञान ग्रंथावली

युक्त प्रांत के कृषिविभाग के डिप्टी डाइरेक्टर श्री प्यारेलाल गर्ग ने हिंदी के पुराने और प्रतिष्ठित लेखक अपने स्वर्गीय पिता डाक्टर महेंदुलाल गर्ग की स्मृति में उन्हीं के नाम से उक्त ग्रंथावली प्रकाशित करने के लिये सभा को १०००) देने का वचन दिया है। इसमें से ९००) वे दे भी चुके हैं। लाला महोदय कृषिशास्त्र के शब्दों की सूची भी स्वयं तैयार कर रहे हैं। उसके तैयार हो जाने पर उसपर सभा द्वारा कृषिशास्त्र के विद्वानों की सम्मति माँगी जायगी।

श्रीमती रुक्मिणी तिवारी पुस्तकमाला

सभा के पुराने सदस्य अजमेर के स्वर्गीय राय साहब चंद्रिकाप्रसाद तिवारी की सुपुत्री श्रीमती रामदुलारी दुबे ने अपनी स्वर्गीया माता की

स्मृति में उन्हीं के नाम से महिलाओं और शिशुओं के लिये उपयोगी एक पुस्तकमाला निकालने के लिये सभा को २०००) दान का वचन दिया है। उसमें से १०००) वे प्रदान कर चुकी हैं।

साहित्य गोष्ठी

स्वर्गीय बाबू जयशंकर प्रसाद ने ९००) रुपयों की जो निधि साहित्य-परिषद् के लिये सभा को दान दी थी उसके उद्देश्य की पूर्ति के लिये यह गोष्ठी स्थापित की गई है। यह इसका दशम वर्ष है। इसके द्वारा साहित्य प्रेमियों को समय-समय पर स्थानीय तथा बाहर के अनेक विद्वानों एवं सुकवियों के व्याख्यानों तथा रचनाओं को सुनने के अवसर मिलते हैं। गोष्ठी को अधिक उपयोगी तथा आकर्षक बनाने के हेतु सं० १९९४ से इसके अंतर्गत 'प्रसाद'-व्याख्यान-माला की आयोजना की गई है, जिसमें विभिन्न अवसरों पर विद्वानों द्वारा सुबोध व्याख्यान हुआ करते हैं।

इस वर्ष १ ज्येष्ठ को गोष्ठी की ओर से मैसूर विश्वविद्यालय के गणित के आचार्य श्री एम० वी० जम्बुनाथन् का स्वागत किया गया जिसमें जलपान का भी आयोजन किया गया था। ३ ज्येष्ठ को दक्षिण भारत में हिंदी प्रचार' पर उनका भाषण भी हुआ।

२५ श्रावण को गोष्ठी की ओर से प० अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के सभापतित्व में तुलसीजयंती मनाई गई। आरंभ में हरिऔधजी के पौत्र श्री मुकुंददेव शर्मा ने 'हरिऔध' विरचित "बन राम रसायन की रसिका रसना रसिकों की हुई सफला" से प्रारंभ होनेवाले पद का बड़े ही सुरीले स्वर में पाठ किया। तत्पश्चात् पं० लालधर त्रिपाठी ने 'तुलसी का महत्त्व' पर भाषण दिया तथा पं० प्यारेलालजी शर्मा 'व्यास' द्वारा रामायण की कथा हुई। इसके अनंतर श्री संपूर्णानंदजी ने अपने विद्वत्तापूर्ण भाषण द्वारा यह बतलाया कि गोस्वामीजी की कृति में धनुर्धारी राम द्वारा अनाचारी रावण के संहार तथा आर्य-साम्राज्य की प्रतिष्ठा का वर्णन पढ़कर हिंदुओं का पुन साम्राज्य-रक्षा की ओर ध्यान गया। इसके पश्चात् पं० रामनरेश त्रिपाठी तथा पं० चंद्रबलीजी पांडे के व्याख्यान हुए और भी 'कौतुक' जी का कविता पाठ हुआ।

अंत में सभापति महोदय ने 'तुलसी के काव्य' पर विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान दिया।

१४ कार्तिक को काशी विश्वविद्यालय के वयोवृद्ध पंडित प्रमथनाथ तर्कभूषण के सभापतित्व में 'कालिदास-दिवस' मनाया गया। आरंभ में जयनारायण स्कूल के छात्रों द्वारा कविता पाठ हुआ। श्री श्रीराम जी ने कालिदास के रघुवंश के सरस स्थलों का बड़े ही मधुर स्वर में पाठ किया। इसके पश्चात् पं० केशवप्रसाद मिश्र, श्रीस पूर्णानंदजी, डाक्टर मंगलदेव शास्त्री, पं० महादेव शास्त्री, पं० रामबालक शास्त्री, पं० पद्मनारायण आचार्य, पं० सीताराम चतुर्वेदी, पं० कान्तानाथ पांडेय आदि के भाषण हुए।

१३ पौष को कर्नाटक प्रांत के प्रसिद्ध संगीतविशारद श्री वी० आर० पुराणिकजी ने अपनी उच्च कोटि की संगीतकला का प्रदर्शन किया।

संगीत द्वारा हिंदी साहित्य की श्रीवृद्धि होती रहती है। इस निधि में यदि कुछ अधिक धन होता तो सभा प्रसिद्ध संगीतज्ञों को समय समय पर निमंत्रित करती रहती।

इस वर्ष 'प्रसाद' व्याख्यान-माला में व्याख्यान देनेवाले सज्जनों के नाम और उनके विषय नीचे दिए जाते हैं—

नाम	विषय
(१) श्री स पूर्णानंद	आर्यों का मूल निवास-स्थान भारत ही था
(२) ,, ,,	,,
(३) पं० शिवनाथ सरस्वती	आर्य संस्कृति
(४) प्राणाचार्य कविराज प्रतापसिंह	बच्चों के रोग
(५) ,, ,,	युवकों के रोग
(६) पं० रामनरेश त्रिपाठी	ग्रामगीत
(७) श्री डा० उदयभानु	मानस चिकित्सा

पुरस्कार और पदक

उत्तम और मौलिक ग्रंथकर्ताओं को नियमानुसार जो पदक तथा पुरस्कार सभा दिया करती है उनकी निधियों का विवरण परिशिष्ट ८ में

दिया गया है। ये निधियाँ ट्रेजरर, चैरिटेबल एंडाउमेंट संयुक्तप्रांत के पास जमा कर दी गई हैं और उनके ब्याज से ये पुरस्कार और पदक दिए जाते हैं।

जिस प्रकार ये पुरस्कार और पदक दिए जाते हैं उसका विवरण निम्नलिखित है—

राजा बलदेवदास बिड़ला पुरस्कार—श्रीमान् राजा बलदेवदास बिड़ला की दी हुई निधि से २००) का यह पुरस्कार संवत् १९९७ से प्रति चौथे वर्ष दिया जायगा। इस बार यह पुरस्कार १ माघ १९९३ से २९ पौष १९९७ तक प्रकाशित अध्यात्म, योग, सदाचार, मनोविज्ञान और दर्शन के सर्वोत्तम ग्रंथ के लिये दिया जायगा।

यदुकप्रसाद पुरस्कार—२००) का यह पुरस्कार स्वर्गवासी राय बहादुर बाबू यदुकप्रसाद खत्री की दी हुई निधि से सर्वोत्तम मौलिक उपन्यास या नाटक के लिये संवत् १९९८ से प्रति चौथे वर्ष दिया जायगा। इस बार १ माघ १९९४ से २९ पौष १९९८ तक की प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तक के लिये यह पुरस्कार संवत् १९९८ में दिया जायगा।

रत्नाकर पुरस्कार (१)—स्वर्गवासी श्री जगन्नाथदास 'रत्नाकर' की दी हुई निधि से २००) का यह पुरस्कार ब्रजभाषा के सर्वोत्तम ग्रंथ के लिये प्रति चौथे वर्ष दिया जायगा। अगला पुरस्कार १ माघ १९९४ से ९ पौष १९९८ तक प्रकाशित सर्वोत्तम ग्रंथ पर सं० १९९८ में दिया जायगा।

रत्नाकर पुरस्कार (२)—यह दूसरा रत्नाकर पुरस्कार भी २००) का है। यह पुरस्कार ब्रजभाषा के सदृश हिंदी की अन्य भाषाओं (यथा डिंगल, राजस्थानी, अवधी, बुंदेलखंडी, भोजपुरी, छत्तीस गढ़ी आदि) की सर्वोत्तम रचना अथवा सुसंपादित ग्रंथ के लिये प्रति चौथे वर्ष दिया जाया करेगा। आगामी पुरस्कार १ माघ १९९५ से २९ पौष १९९९ तक प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तक पर सं० १९९९ में दिया जायगा।

डाक्टर छन्नूलाल पुरस्कार—श्रीयुत पंडित रामनारायण मिश्र की दी हुई निधि से यह २००) का पुरस्कार विज्ञान-विषयक सर्वोत्तम ग्रंथ पर प्रति चौथे वर्ष दिया जाया करेगा। आगामी पुरस्कार

१ माघ १९९६ से २९ पौष सं० २००० तक की प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तक पर स० २००० में दिया जायगा।

जोधसिंह पुरस्कार—उदयपुर के स्वर्गवासी मेहता जोधसिंह की दी हुई निधि से यह २००) का पुरस्कार सर्वोत्तम ऐतिहासिक प्रब के लिये प्रति चौथे वर्ष दिया जाया करेगा। आगामी पुरस्कार १ माघ स० २००१ से २९ पौष स० २००५ तक की प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तक पर स० २००५ में दिया जायगा।

डा० हीरालाल स्वर्णपदक—स्वर्गवासी रायबहादुर डाक्टर हीरालाल की दी हुई निधि से एक स्वर्णपदक सभा द्वारा पुरातत्त्व, मुद्राशास्त्र, इंडोलाजी, भाषाविज्ञान तथा एपीग्राफी संबंधी हिंदी म लिखित सर्वोत्तम मौलिक पुस्तक अथवा गवेषणापूर्ण निबंध पर प्रति दूसरे वर्ष दिया जायगा। अब यह पदक १ वैशाख ९४ से ३० चैत्र ९५ तक प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तक या निबंध पर दिया जायगा।

द्विवेदी स्वर्णपदक—स्वर्गीय आचार्य पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी की प्रदान की हुई निधि से प्रति वर्ष यह स्वर्ण-पदक हिंदी में सर्वोत्तम पुस्तक के रचयिता को दिया जाता है। इस वर्ष यह पदक १ वैशाख १९९५ से ३० चैत्र १९९६ तक प्रकाशित सर्वोत्तम पुस्तक पर दिया जाना था पर अभी पुस्तकों पर विचार नहीं हो सका है अतः अब आगामी वर्ष विचार करके यह पदक दिया जायगा।

सुधाकर पदक—स्वर्गीय बाबू गौरीशंकरप्रसाद ऐडवोकेट की दी हुई निधि से यह रौप्यपदक बटुकप्रसाद पुरस्कार पानेवाले सज्जन को दिया जायगा।

ग्रीव्ज पदक—श्रीयुत पं० रामनारायण मिश्र की दी हुई निधि से यह रौप्यपदक डा० छन्नूलाल पुरस्कार पानेवाले सज्जन को दिया जायगा।

राधाकृष्णदास पदक—श्रीयुत बाबू शिवप्रसाद गुप्त की दी हुई निधि से यह रौप्यपदक रत्नाकर पुरस्कार स० १ पानेवाले सज्जन को दिया जायगा।

बलदेवदास पदक—श्रीयुत बाबू मंगलप्रसाद वकील की दी हुई निधि से यह रौप्य पदक रत्नाकर पुरस्कार सं० २ प्राप्त करनेवाले सज्जन को दिया जायगा।

गुलेरी पदक—स्वर्गीय श्रीयुत पं० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की स्मृति में श्रीयुत पं० जगद्धर शर्मा गुलेरी की दी हुई निधि से यह रौप्य पदक जोध सिंह पुरस्कार पानेवाले सज्जन को दिया जायगा।

रेडिचे पदक—यह रौप्य पदक बिड़ला पुरस्कार पानेवाले सज्जन को दिया जायगा। इसके लिये सभा को ३७) चंदे से प्राप्त हुए थे। सभा ने शेष रुपए पूरे करके इसकी भी निधि स्थापित कर दी है।

संकेत लिपि विद्यालय

इस विद्यालय में इसके अध्यक्ष पं० निष्कामेश्वर मिश्र की आविष्कृत प्रणाली से संकेतलिपि की तथा इसके प्रधानाध्यापक श्री गोवर्धनदास गुप्त लिखित 'हिंदी टाइप राइटिंग' के आधार पर हिंदी टाइप राइटिंग की शिक्षा दी जाती है। इस समय यहाँ से उत्तीर्ण विद्यार्थी सरकारी विभागों, रियासतों तथा बड़े-बड़े व्यापारियों के कार्यालयों में काम कर रहे हैं।

इस वर्ष के अंत तक इस विद्यालय में ३२ विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की। इनमें कइ दो दूर-दूर के प्रांतों और रियासतों से केवल इसी विषय की शिक्षा प्राप्त करने यहाँ आए थे।

दो वर्ष पूर्व केवल उर्दू जाननेवाले संवाददाताओं को ही सरकारी गुप्तचर विभाग में विशेषता दी जाती थी, परंतु अब उसमें हिंदी संवाददाताओं की भी माँग बढ़ती जा रही है।

खेद है कि धन के अभाव के कारण विद्यालय की उन्नति में बड़ी बाधा उपस्थित हो रही है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य यह है कि उसके विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में पहुँचकर हिंदी का प्रचार करें। इसके लिये हिंदी में कइ उपयोगी पुस्तकों का प्रकाशन बहुत आवश्यक है। विद्यालय पुस्तकें तैयार करा सकता है पर उनके प्रकाशन के लिये धन का प्रबंध नहीं है।

संबद्ध संस्थाएँ

जो संस्थाएँ सभा से संबद्ध हैं उनकी सूची परिशिष्ट ७ में दी गइ है। उनमें से जिनका विवरण समय पर प्राप्त हुआ, उनका उल्लेख यहाँ किया जाता है—

हिंदी प्रचारिणी सभा, जम्मू—यह संस्था कश्मीर में अच्छा काम कर रही है। कश्मीर-सरकार की शिक्षा-संगठन समिति की सिफारिश थी कि कश्मीर में शिक्षा का माध्यम उर्दू ही रहे। उक्त सभा ने इसके विरोध में बहुत प्रयत्न किया। इससे कश्मीर में लोकमत जागरित हुआ और कश्मीर-सरकार ने यह आज्ञा निकाली कि प्राइमरी स्कूलों में सरल उर्दू शिक्षा का माध्यम होगी जो फारसी और नागरी दोनों लिपियों में लिखी जाया करेगी।

स्टेट हाईकोर्ट आव जुडीकेचर में भाषा उर्दू है, पर इस सभा ने एक दरख्वास्त हिंदी में दिलाई जो कुछ आना कानी के बाद स्वीकार कर ली गई।

राज्य की प्रजासभा में प्रश्नों, बिलों, प्रस्तावों आदि के विवरण अब तक अँगरेजी और उर्दू में ही लिए जाते थे पर सभा के प्रयत्नों से यह घोषणा हो चुकी है कि अब से विवरण हिंदी में भी लिए जायँगे। कश्मीर के सरकारी गजट तथा अन्य सूचनाओं को अँगरेजी, उर्दू के अतिरिक्त हिंदी में भी प्रकाशित करने के लिये दस हजार हस्ताक्षरों के साथ सरकार के पास अनुरोधपत्र भेजने का आयोजन किया जा रहा है।

जनगणना के संबंध में हिंदीभाषियों को सचेत करने के लिये इस सभा ने बीस हजार 'पोस्टर' छपाकर रियासत के सभी भागों में प्रचार किया।

अब तक इस सभा की चार शाखाएँ थीं, अब अखनूर में एक शाखा और खोली गई है। सभा के सभासदों की संख्या २०० से ऊपर है। जम्मू नगर में एक विशाल 'पुस्तकालय' स्थापित करने का प्रयत्न प्रारंभ हो गया है।

नागरी प्रचारिणी सभा, मगधानपुर रत्ती, मुजफ्फरपुर—इस सभा का अब चौदहवाँ वर्ष समाप्त हुआ। इस वर्ष इसके प्रयत्न से आसपास के स्थानों में सात पुस्तकालय खोले गए। सभा के पुस्तकालय में २१६ नई पुस्तकें खरीदी गईं। कई सज्जनों ने पुस्तकें भेंट भी कीं। घर पुस्तकें ले जानेवालों की संख्या ११४३ रही। वाचनालय में १२ पत्र-पत्रिकाएँ आती रहीं। वाचनालय में पाठकों की संख्या ३६८ रही। वाचनालय खुलने का समय सायंकाल ४ से ९ बजे तक है।

इस सभा के खोज-विभाग ने इस वर्ष चार हस्तलिखित ग्रंथ प्राप्त किए। वैशाली से भगवान् बुद्ध की दो प्रस्तरमूर्तियाँ भी प्राप्त की गई। एक ध्यानमग्न व्यक्ति की पीतल की मूर्ति भी मिली है। चाँदी और मिट्टी के कुछ सिक्के मिले हैं जिनपर उर्दू तथा पाली में लेख हैं।

जनगणना में हिंदी लिखवाने के संबंध में सभा ने सूचनाएँ छपाकर बँटवाई। इसके द्वारा तुलसी और हरिश्चंद्रजयंती भी यथासमय मनाई गई।

गाँव में स्थित होकर भी यह सभा बहुत अच्छा कार्य कर रही है।

सुहृद्-संघ, मुजफ्फरपुर—छ वर्षों से यह संस्था हिंदी की अच्छी सेवा कर रही है। हिंदुस्तानी तथा रेडियो की भाषा का विरोध और अदालतों में हिंदी प्रचार के संबंध में इसने बिहार में अच्छा प्रयत्न किया। इस वर्ष इसने बिहार की साक्षरता प्रसार-समिति के इस निर्णय का घोर विरोध किया कि संथालियों के लिये प्राइमरी पुस्तकें रोमन लिपि में तैयार कराई जायँ। इसमें उसे बहुत कुछ सफलता भी मिली।

संघ का पुस्तकालय और वाचनालय भी है। वाचनालय में ६० पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं। नित्य के पाठकों की संख्या इस वर्ष ६० और ७० के बीच रही। संघ की ओर से हिंदी साहित्य-सम्मेलन की प्रथमा और मध्यमा परीक्षा के परीक्षार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें देने तथा उनके लिये उपयोगी व्याख्यान दिलाने का भी प्रबंध किया गया।

संघ ने ग्रामगीतों का संग्रह-कार्य भी आरंभ किया है। इस विभाग के मंत्री श्री रामइकबाल 'राकेश' के प्रयास से अब तक १५०० गीतों का संग्रह हो चुका है।

संघ ने अपना भवन बनवाने के लिये इस वर्ष भूमि खरीद ली है। इसके लिये बिहार सरकार से भी सहायता मिली है। भवन बनवाने का प्रयत्न हो रहा है।

डा० राजेंद्रप्रसाद ने इस संघ का कार्य देखकर इसके विषय में बहुत अच्छी सम्मति दी है।

प्रसाद-परिषद्, काशी—परिषद् का यह तीसरा वर्ष समाप्त हुआ इस अल्प-काल में ही इसने अपने विभिन्न सुरुचिपूर्ण आयोजनों द्वारा काशी के साहित्यिक जीवन में अपना एक विशेष स्थान बना लिया है।

पर वर्ष के अंत में २०२७७।।।)११ का ऋण हो गया। इसमें लगभग ९५००) बाजार का देना है, बाकी सभा के ही अन्य विभागों तथा मालाओं का लग गया है। यह कुल धन सभा के प्रकाशन में लगा हुआ है। सभा का साधारण व्यय आय से अधिक है। सभासदों का चंदा पत्रिका के प्रकाशन में ही खर्च हो जाता है। वास्तव में उससे पत्रिका से बंधी व्यय पूरा नहीं हो पाता। प्रकाशन से जो बचत होती है वह पुस्तकालय, कलाभवन तथा फुटकर खर्च एवं डाकव्यय के लिये पर्याप्त होती है परंतु लगभग ३०००) कार्यालय के वेतन आदि की पूर्ति का कोई साधन नहीं है। यह धन स्थायी कोष के ब्याज से दिया जा सकता है परंतु इस मद में अभी बहुत कम धन जमा हुआ है। आशा है सवसाधारण इधर ध्यान देंगे। ३०००) की आय बढ़े बिना सभा के ऋण की पूर्ति असंभव प्रतीत होती है। जब तक ऐसा न होगा ऋण बढ़ता ही जायगा।

हिंदी प्रचार

इस वर्ष पं० चंद्रबली पांडे, एम० ए० ने सभा की ओर से लखनऊ, मेरठ, देहरादून, सहारनपुर, हरिद्वार, बरेली आदि स्थानों में हिंदी-प्रचार के लिये यात्रा की। उनके प्रयत्न का अच्छा फल हुआ और सभा के बहुत से सभासद भी बने।

बरेली की कचहरी में वहाँ के कुछ उत्साही हिंदी-प्रेमियों ने प्रयत्न करके एक हिंदी लेखक नियुक्त किया है। उसके खर्च के लिये सभा ने भी एक वर्ष तक ५) मासिक के हिसाब से सहायता देना स्वीकार किया।

दिसंबर के अंत में मद्रास में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा और जनवरी के आरंभ में पंजाब प्रांतीय हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के वार्षिक अधिवेशन हुए। द० भा० हिं० प्र० सभा ने अपने प्रचारक-सम्मेलन और पं० प्रां० सा० सम्मेलन ने अपने शिक्षा-सम्मेलन के सभापतित्व के लिये सभा के उपसभापति पंडित रामनारायण मिश्र को आमंत्रित किया। मिश्रजी ने हिंदी प्रचार-व्रती होने के नाते काशी से मद्रास हैदराबाद और पंजाब की लंबी यात्रा का कष्ट स्वीकार किया, फिर १ फरवरी को वे जौनपुर जिला हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के १६वें वार्षिकोत्सव के सभापति हुए।

उक्त तीनों सम्मेलन मिश्रजी के सभापतित्व में खूब सफल रहे, और उनके द्वारा हिंदी का अच्छा प्रचार हुआ।

वार्षिकोत्सव

१३ १४ फरवरी को बरेली निवासी कथावाचस्पति पं० राधेश्यामजी वानप्रस्थी के सभापतित्व में सभा का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें हिंदी के संबंध में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत हुए। यह उत्सव इस दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण रहा कि हिंदी के एक सच्चे और समर्थ सेवक पं० राधेश्यामजी की सेवाएँ सभा को पहले पहल प्राप्त हुईं। उन्होंने सभा की कठिन आर्थिक स्थिति के साथ पूर्ण सहानुभूति दिखलाई और वचन दिया कि सन् १९४१ में वे विशेष रूप से धनसंग्रह आदि द्वारा सभा का ही कल्याण साधन करेंगे। सभा इसके लिये हृदय से उनकी कृतज्ञ है।

सभा की अर्धशताब्दी और महाराज विक्रमादित्य की द्विसहस्राब्दी

विक्रमाय द्विसहस्राब्दी की पूर्ति का समय अब निकट आ रहा है। उसी समय सभा के ५० वर्ष भी पूरे हो जायँगे। इस महान् अवसर पर सभा अपनी अर्धशताब्दी तथा महाराज विक्रम की द्विसहस्राब्दी साथ साथ मनाएगी। सभा ने निश्चय किया है कि इस अवसर पर एक महोत्सव किया जाय और भारत की सभी भाषाओं के विद्वानों की सभा की जाय। सभी लेखकों और कवियों से प्रार्थना की जाय कि वे इस विषय पर अपने अपने मंतव्य प्रकट करें और उन मंतव्यों को एक बड़े स्मारक ग्रंथ में प्रकाशित किया जाय तथा श्रीमानों की सहायता से एक भव्य स्मारक बनवाया जाय।

सभा देश के श्रीमानों, कवियों, लेखकों और विद्वानों से विशेष रूप से इस महोत्सव में सफलता के लिये सहयोग की प्रार्थना करती है।

'हिंदी' (मासिक पत्रिका)

सभा ने इस वर्ष अपने तत्वावधान में 'हिंदी' नाम की एक मासिक पत्रिका निकालने की स्वीकृति दी। इसका मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा और नागरी लिपि का प्रचार तथा उसपर अनेक ओर और प्रकार से होनेवाले आघातों से उसकी रक्षा करना है। सभा ने इसकी आर्थिक व्यवस्था से अपना कोई संबंध नहीं रखा और न इसकी नीति का उत्तरदायित्व ही ग्रहण किया है। इसके संपादक, प्रकाशक और मुद्रक पं० चंद्रबली पांडे, एम० ए० हैं और इसकी व्यवस्था तथा-नीति की देख भी वही करते हैं।

'हिंदी' के जो चार अंक अब तक प्रकाशित हुए हैं उनसे 'हिंदी' के आविर्भाव की आवश्यकता सार्थक प्रमाणित हुई है। लोगों ने इसका स्वागत भी किया है। परंतु आवश्यकता है उसके अधिक से अधिक प्रचार की। इसी प्रचार के उद्देश्य से इस पत्रिका का वार्षिक मूल्य बहुत ही कम--भारत में 1|), ब्रह्मदेश में 1||) और विदेश में [illegible] रखा गया है। हिंदी प्रेमियों को चाहिए कि इसके ग्राहक बनें तथा जितने हो सकें और ग्राहक भी बनाकर हिंदी-सेवा के इस कार्य में हाथ बँटावें।

मेरठ, ५

इसका प्रतिवाद होता रहा। भारत के प्रधान सिक्के—रुपए—पर हिंदी अक्षरों को पहले ही से स्थान नहीं मिला था। इधर जो नए रुपए और एक रुपए के नोट चले उनपर भी उनके दर्शन नहीं हुए। कुछ दिन हुए, 'रायल इंडियन नेवी' की ओर से एक विज्ञप्ति निकली थी जिसमें ऐसे पढ़े-लिखे रंगरूटों या नौकरों की माँग थी जो अँगरेजी अथवा हिंदुस्तानी पढ़ लिख सकते हों—हिंदुस्तानी वह नहीं जो नागरी और उर्दू लिपियों में लिखी जाती हो, बल्कि रोमन और उर्दू लिपियों में लिखी जानेवाली हिंदुस्तानी। इसके विरुद्ध भी पत्रों में लिखापढ़ी हुई।

रेडियो

रेडियो स्टेशनों की धाँधली भी प्राय: उसी प्रकार चलती रही। हिंदुस्तानी के नाम पर अब भी उर्दू का ही ढोल पीटा जाता है। हिंदी की जो दुर्गति रेडियो में की जाती है उस पर अत्यंत दुःख और साथ ही आश्चर्य भी होता है। लाहौर, दिल्ली और लखनऊ के रेडियो-स्टेशनों से गत जनवरी और फरवरी मास में २५४४ रचनाएँ सुनाई गईं। इनमें २५३० तो उर्दू कवियों की थीं और केवल १४ हिंदी कवियों की। उन १४ में भी केवल तुलसीदास, सूरदास और मीरा आदि के अतिरिक्त हिंदी के किसी भी नए कवि का नाम नहीं। और उधर उर्दू में गालिब से लेकर जिगर तक सभी कवि विद्यमान थे। रेडियो में हिंदी की छीछालेदर के नमूने हिंदी-प्रेमियों के समक्ष निरंतर पर्याप्त संख्या में उपस्थित किए गए। उदाहरणार्थ ३१ अक्टूबर को लखनऊ रेडियो में जो कालिदास-जयंती मनाई गई थी उसमें 'श्रद्धांजलि' को 'सिरधांजली', 'महारथी' को 'महार्थी', 'प्रभावित' को 'परभावत', 'प्रवाह' को 'पुरवाह', 'साहित्य' को 'साहित्या' और 'नाटक' को 'नाटिक' कहला कर इस प्रकार के अनेक शब्दों की जो मरम्मत की गई वह रेडियो कार्यक्रम में साधारण सी बात हो रही है।

रेडियो की भाषा नीति के विरोध में इस वर्ष समाचारपत्रों में काफी चर्चा हुई। हिंदी के सभी प्रमुख पत्रों और प्रांत के अँगरेजी पत्रों में भी, जिनमें "लीडर" मुख्य है, इस विषय के अनेक लेख प्रकाशित किए। लखनऊ में रेडियो सुननेवालों का एक संघ स्थापित हुआ और उसकी ओर से "आकाशवाणी" नाम की पाक्षिक पत्रिका भी (जो कुछ दिनों के

'हिंदी' (मासिक पत्रिका)

सभा ने इस वर्ष अपने तत्त्वावधान में 'हिंदी' नाम की एक मासिक पत्रिका निकालने की स्वीकृति दी। इसका मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा और नागरी लिपि का प्रचार तथा उसपर अनेक ओर और प्रकार से होनेवाले आघातों से उसकी रक्षा करना है। सभा ने इसकी आर्थिक व्यवस्था से अपना कोई संबंध नहीं रखा और न इसकी नीति का उत्तरदायित्व ही ग्रहण किया है। इसके संपादक, प्रकाशक और मुद्रक पं० चंद्रबली पांडे, एम० ए० हैं और इसकी व्यवस्था तथा नीति की देख-रेख भी वही करते हैं।

'हिंदी' के जो चार अंक अब तक प्रकाशित हुए हैं उनसे 'हिंदी' के आविर्भाव की आवश्यकता सार्थक प्रमाणित हुई है। लोगों ने उसको पसंद भी किया है। परंतु आवश्यकता है उसके अधिक से अधिक प्रचार की। इसी प्रचार के उद्देश्य से इस पत्रिका का वार्षिक मूल्य बहुत ही कम—भारत में ॥), प्रदेश में ॥।) और विदेशों में १॥)—रखा गया है। हिंदी प्रेमियों को चाहिए कि इसके स्वयं ग्राहक बनें तथा जितने हो सकें और ग्राहक भी बनाकर हिंदी-सेवा के पुनीत कार्य में हाथ बँटायें।

हिंदी की प्रगति

गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष हिंदी की प्रगति अधिक व्यापक और अधिक हलचलों से पूर्ण रही। हिंदी के विरोधियों ने उसपर अपना चौमुख आक्रमण खुले और छिपे रूप में अधिक वेग और चेष्टापूर्वक जारी रखा। हिंदी के नाम और रूप के संबंध का झगड़ा भी चलता रहा। परंतु संतोष की बात है कि हिंदी अपने मार्ग पर दृढ़ता के साथ अग्रसर होती रही और विरोध और कठिनाइयों ने उसे अधिकाधिक बल ही प्रदान किया।

भारत की केंद्रीय सरकार और पंजाब तथा बंबई की प्रांतीय सरकारों ने हिंदी के प्रति जो नीति बरती उससे हिंदीभाषी जनता की धारणा प्रबल होती गई कि उन्होंने हिंदी के साथ न्याय नहीं किया। इस कारण हिंदीभाषाभाषी जनता में क्षोभ हुआ और पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर

इसका प्रतिवाद होता रहा। भारत के प्रधान सिक्के—रुपए—पर हिंदी अक्षरों को पहले ही से स्थान नहीं मिला था। इधर जो नए रुपए और एक रुपए के नोट चल उनपर भी उनके दर्शन नहीं हुए।' कुछ दिन हुए, 'रायल इंडियन नेवी' की ओर से एक विज्ञप्ति निकली थी जिसमें ऐसे पढ़े-लिखे रंगरूटों या नौकरों की माँग थी जो अँगरेजी अथवा हिंदुस्तानी पढ़ लिख सकते हों—हिंदुस्तानी वह नहीं जो नागरी और उर्दू लिपियों में लिखी जाती हो, बल्कि रोमन और उर्दू लिपियों में लिखी जानेवाली हिंदुस्तानी। इसके विरुद्ध भी पत्रों में लिखापढ़ी हुई।

रेडियो

रेडियो स्टेशनों की धाँधली भी प्राय उसी प्रकार चलती रही। हिंदुस्तानी के नाम पर अब भी उर्दू का ही ढोल पीटा जाता है। हिंदी की जो दुर्गति रेडियो में की जाती है उस पर अत्यंत दुःख और साथ ही आश्चर्य भी होता है। लाहौर, दिल्ली और लखनऊ के रेडियो-स्टेशनों से गत जनवरी और फरवरी मास में २५४४ रचनाएँ सुनाई गईं। इनमें २५३० तो उर्दू कवियों की थीं और केवल १४ हिंदी कवियों की। उन १४ में भी केवल तुलसीदास, सूरदास और मीरा आदि के अतिरिक्त हिंदी के किसी भी नए कवि का नाम नहीं। और उधर उर्दू में गालिब से लेकर जिगर तक सभी कवि विद्यमान थे। रेडियो में हिंदी की छीछालेदर के नमूने हिंदी प्रेमियों के समक्ष निरंतर पर्याप्त संख्या में उपस्थित किए गए। उदाहरणार्थ ३१ अक्टूबर को लखनऊ रेडियो में जो कालिदास-जयंती मनाई गई थी उसमें 'श्रद्धांजलि' को 'सिरधांजली', 'महारथी' को 'महार्थी', 'प्रभावित' को 'परभावत', 'प्रवाह' को 'पुरवाह', 'साहित्य' को 'साहित्या' और 'नाटक' को 'नाटिक' कहला कर इस प्रकार के अनेक शब्दों की जो मरम्मत की गई वह रेडियो कार्यक्रम में साधारण सी बात हो रही है।

रेडियो की भाषा-नीति के विरोध में इस वर्ष समाचारपत्रों में काफी चर्चा हुई। हिंदी के सभी प्रमुख पत्रों और प्रांत के अँगरेजी पत्रों में भी, जिनमें "लीडर" मुख्य है, इस विषय के अनेक लेख प्रकाशित किए। लखनऊ में रेडियो सुननेवालों का एक संघ स्थापित हुआ और उसकी ओर से "आकाशवाणी" नाम की पाक्षिक पत्रिका भी (जो कुछ दिनों के

मात्र मासिक हो गई) निकलने लगी। उसमें रेडियो की भाषा की ही विस्तृत आलोचना रहा करती है। दिल्ली की हिंदी साहित्य सभा ने भी इस क्षेत्र में विशेष प्रयत्न किया। इन प्रयत्नों का रेडियो अधिकारियों पर अभी तक कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखाई पड़ता। परंतु हिंदीभाषी जनता में अब कुछ चेतना के लक्षण दिखाई पड़ने लगे हैं। दृढ़तापूर्वक उचित प्रयत्न करते रहने से अंत में सफलता तो निश्चित ही है।

वैज्ञानिक शब्द उपसमिति

इस वर्ष भारत सरकार की शिक्षा की केंद्रीय परामर्शदात्री परिषद् ने भारत की प्रादेशिक भाषाओं के लिये एक समान वैज्ञानिक शब्दावली बनाने पर विचार करने के उद्देश्य से एक उपसमिति बनाई। उसकी एक बैठक दक्षिण हैदराबाद में १५ १६ अक्टूबर १९४० को हुई। समान वैज्ञानिक शब्दावली के संबंध में उक्त परिषद् ने जो नीति स्वीकार की है उसका आधार बंबई सरकार के शिक्षाविभाग के डिप्टी डाइरेक्टर श्री० एम० सोल, आई० ई० एस० की वह योजना है जिसमें कहा गया है कि 'वैज्ञानिक शब्दावली का मुख्य और समान भाग जो प्रमुख भारतीय भाषाओं के लिये प्रस्तुत होगा वह व्यापक रूप से अँगरेजी शब्दावली से ग्रहण किया जाय।' आश्चर्य है कि एक तो प्रयाग विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर पं० अमरनाथ झा ही उक्त समिति में हिंदी के समर्थक समझे जाते थे और सुनते हैं कि उन्होंने भी इसी नीति का समर्थन किया है और अपनी सम्मति अँगरेजी से पारिभाषिक शब्दों को ग्रहण करने के पक्ष में दी है।

अँगरेजी की शब्दावली ग्रहण करने में मुख्य सुविधा यह कही जाती है कि अँगरेजी के शब्द देश भर में प्रचलित हो गए हैं, अतः उन्हें ग्रहण करने से संस्कृत अरबी के झगड़े से अनायास बचा जा सकता है। दूसरे यूरप के देशों में भी अँगरेजी के ही शब्द प्रचलित होने के कारण विदेशों में प्रकाशित पुस्तकों और पत्रिकाओं से भी लाभ उठाया जा सकता है। इस तर्क में कुछ सत्य अवश्य है पर यह सर्वथा सत्य नहीं है। इस देश में अभी केवल ६ प्र० श० के लगभग ही लोग शिक्षित हो पाए हैं, उनमें भी अँगरेजी जाननेवालों की संख्या बहुत ही कम है और उनमें विज्ञान

पढ़नेवालों की संख्या तो नगण्य भी हो है। फिर यह नहीं कहा जा सकता कि यहाँ अँगरेजी शब्दों का इतना प्रचार हो गया है कि उन्हें ग्रहण करना आसान होगा। इस समय अँगरेजी से अनभिज्ञ लोगों में अँगरेजी शब्दों के प्रचार में जितनी सुगमता होगी उससे कहीं अधिक सुगमता और सुविधा संस्कृत शब्दों को ग्रहण करने में होगी, क्योंकि केवल दो एक प्रांतों को छोड़कर सभी प्रांतों की भाषाएँ संस्कृत के अति निकट हैं। यूरप में भी, जैसा कि डा० सत्यप्रकाश ने पूना में हिंदी-साहित्य-सम्मेलन की विज्ञान-परिषद् के अध्यक्ष पद से कहा था, तीन प्रमुख भाषाओं के शब्द विज्ञान में प्रचलित हैं। वहाँ अँगरेजी के अतिरिक्त जर्मन और रूसी भाषाओं की भी अपनी स्वतंत्र शब्दावलियाँ हैं। अत अँगरेजी के शब्द ग्रहण करने से विदेशों म प्रकाशित विज्ञान संबंधी सब पुस्तकों और पत्रिकाओं से लाभ उठाना सहज न होगा।

इसमें संदेह नहीं कि विज्ञान अथवा कलाशिल्पसंबंधी जो अँगरेजी अथवा अन्य विदेशी शब्द, देशभाषाओं में सर्वसाधारण द्वारा अपनाए जा चुके हैं उन्हें निकाल बाहर करने का प्रयत्न न तो सुकर होगा और न उचित, तथापि यदि नए शब्दों को गढ़ने की आवश्यकता पड़ेगी तो उनके लिये संस्कृत का सहारा लेना ही पड़ेगा। काइ ऊटपटाँग हिंदुस्तानी भाषा गढ़ने से काम नहीं चलेगा, जैसा कि बिहार की हिंदुस्तानी कमेटी ने अपन प्रयत्नों से सिद्ध कर दिया है। उक्त कमेटी क गढ़े शब्दों के कुछ मनोरंजक नमूने यहाँ दे देना पर्याप्त होगा—

प्लैनेट—चलतारा। ईक्वेटर—समबाँटी। इस्मस—जमीन जोड़। स्ट्रेट—पननोड़। होराइजन—नजर फेर। ऐटमॉस्फियर—हवागोला। एक्वियम—माप सच। पॉस्चुलेट—मानसच। टैंजेंट—घेराचूम। पालीगन—बहुत बाहीं। निगटिव—घट। पॉजिटिव—जुट।

सभा ने केंद्रीय शिक्षा परामर्शदात्री समिति की वैज्ञानिक शब्द उपसमिति में भारतीय भाषाओं का समुचित प्रतिनिधित्व स्वीकार कराने क लिये शिक्षा-कमिश्नर से पत्रव्यवहार किया था और पत्रों द्वारा भी इस विषय में आंदोलन किया गया था। पर इसका कोई उत्तर नहीं मिला।

जनगणना

इस वर्ष फरवरी में भारत सरकार की ओर से भारत के मनुष्यों की गणना की गई। युक्त प्रांत के गणकों के संकेतार्थ एक "फ़ेहरिस्त सवालात" छपी थी। उसमें मातृभाषा संबंधी मुख्य अंश इस प्रकार दिया हुआ था—

"१८—आपकी मादरी ज़बान क्या है ?

हिदायत—(मादरी ज़बान) यह दर्ज कीजिए कि उस शख़्स की मादरी ज़बान क्या है। यानी उस शख़्स ने कौन सी ज़बान सबसे पहले बोली। दूध पीते बच्चों और गूँगे, बहरे लोगों की ज़बान वही दर्ज की जायगी जो उनकी माँ की है। सूबे की आम लोगों की ज़बान का "हिंदुस्तानी" दर्ज कीजिए। उर्दू या हिंदी न दर्ज कीजिए। पहाड़ी बोली के लिये भी हिंदुस्तानी दर्ज होगी।"

इस प्रकार जिन स्थानों की मातृभाषा हिंदी है वहाँ की मातृभाषा "हिंदुस्तानी' लिखने के लिये गणकों को आदेश दिया गया था। सरकारी हल्कों और उर्दू के पक्षपातियों का हिंदुस्तानी से क्या अभिप्राय है, यह बतलाने की आवश्यकता नहीं। उर्दू के विद्वानों ने तो उसके विषय में अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त कर दिए हैं।

"अगर कोई पूछे कि सूबा बिहार की मादरी ज़बान क्या है तो जवाब हर तरफ़ से यही मिलेगा कि "हिंदुस्तानी जिसको आम तौर से उर्दू कहा जाता है।"

(नुकूशे सुलेमानी पृ० ७५९)

दिसंबर सन् ४० में कानपुर में दूसरे अखिल भारतीय उर्दू सम्मेलन के अध्यक्ष पद से सर अब्दुल कादिर ने कहा था कि उर्दू भारत की राष्ट्रभाषा बनाई जा सकती है और उर्दू और हिंदुस्तानी में कोई अंतर नहीं है। जब पंजाब जैसे प्रांतों में उर्दू वालों को अपनी मातृभाषा 'उर्दू' लिखाने का अधिकार हो और युक्त प्रांत तथा बिहार में हिंदीभाषियों की मातृभाषा 'हिंदुस्तानी' लिखी जाय (जिसका अर्थ प्रत्येक अवस्था में 'उर्दू' ही सिद्ध किया जायगा) तो हिंदीभाषियों का अस्तित्व कहाँ रहेगा, यह बताने की आवश्यकता नहीं।

सभा ने जनगणना-विभाग के भाषा-संबंधी उपर्युक्त आदेश का विरोध करने के लिये हिंदी-दिवस मनाने का आयोजन किया था और पत्रों द्वारा हिंदी की सभी प्रमुख संस्थाओं से वसंत पंचमी से एक-सप्ताह के भीतर हिंदी दिवस मनाने का अनुरोध किया था। तदनुसार बहुत सी हिंदी संस्थाओं ने हिंदी दिवस मनाया। हिंदू सभा तथा आर्य-समाज ने भी इस संबंध में बहुत प्रयत्न किया। फलस्वरूप जनता को यह आश्वासन मिला कि हिंदी और उर्दू बोलनेवालों की मातृभाषाएँ हिंदुस्तानी न लिखकर हिंदी और उर्दू ही लिखी जायँगी। जनगणना में इसका पालन किया गया या नहीं, इसका ठीक पता तो जनगणना का विवरण प्रकाशित होने पर ही चलेगा, और इसकी अभी कई वर्ष तक प्रतीक्षा करनी होगी।

प्रांतीय सरकारें

भारत सरकार से संबद्ध भाषाविषयक कार्यों का कुछ उल्लेख हो चुका, अब प्रांतीय सरकारों के कार्य देखने चाहिए। पंजाब में सर सिकंदर हयात खाँ की सरकार ने अनिवार्य प्राइमरी शिक्षा कानून बनाया है। उसके अनुसार पंजाब में लड़के-लड़कियों के लिये प्राइमरी शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है। परंतु शिक्षा उर्दू में ही दी जायगी। पंजाब की व्यवस्थापिका सभा में रायबहादुर लाला सोहनलाल ने उक्त बिल में एक संशोधन पेश किया। इसपर वहाँ के शिक्षामंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा—"मैं गवर्नमेंट की पालिसी को साफ़ तौर पर बयान कर देना चाहता हूँ जैसा कि इससे पहले मैं एक मौक़े पर कर चुका हूँ। जहाँ तक सूबा पंजाब का ताल्लुक़ है, ज़रिया तालीम उर्दू है।" आगे उन्होंने यह भी कहा—"ज़रिया तालीम और सूबे की दफ़्तरी और सरकारी ज़बान का गहरा ताल्लुक़ है। और चूँकि सूबा पंजाब की दफ़्तरी और सरकारी ज़बान उर्दू है इसलिये लड़कों के मदारिस में ज़रिया तालीम उर्दू ही रहेगा।" किंतु जब इस बिल से लोगों में असंतोष और विरोध की भावना बढ़ने लगी तब संतोष देने के लिये प्रधान मंत्री सर सिकंदर हयात खाँ ने जो कहा वह ध्यान देने योग्य है—

"हुकूमत ने प्राइमरी एजुकेशन के मुताल्लिक़ जो क़ानून पास किया है उसका ज़रिया तालीम से कोई ताल्लुक़ नहीं है।" उन्होंने 'स्टेटस को' की भी चर्चा की है जिससे उनका तात्पर्य यह है कि सन् १९३६ के पहले जो हालत हिंदी और गुरुमुखी की थी वही अब भी रहेगी। परंतु यह आवश्यक नहीं कि यदि १९३६ के पहले हिंदी और गुरुमुखी की अवस्था अच्छी नहीं थी तो आगे भी उन्हें दबाए रखने का ही ढंग रचा जाय। आश्चर्य तो यह है कि युक्तप्रांत, बिहार और मध्यप्रांत में जहाँ उर्दू जनता की संख्या क्रमशः केवल १४, १२ तथा ४।। प्रतिशत के लगभग है, वहाँ उर्दू पढ़नेवालों के लिये पूरा प्रबंध किया गया है, और उधर पंजाब की अधिकांश जनता की भाषा हिंदी और पंजाबी है, फिर भी वहाँ हिंदी और पंजाबी में शिक्षा देने के लिये समुचित सुविधाएँ प्रस्तुत करना तो दूर, जो कुछ हैं भी उनको दूर करने के नियम बन रहे हैं।

हिंदी के प्रेमियों की धारणा है कि बंबई सरकार भी उर्दू के प्रचार में किसी से पीछे नहीं रहना चाहती। वहाँ सरकार की ओर से स्कूलों की आरंभिक कक्षाओं में हिंदुस्तानी सिखलाने का प्रबंध है। हिंदुस्तानी के शिक्षकों को एक 'हिंदुस्तानी शिक्षक सनद' प्राप्त करनी पड़ती है। उनके लिये हिंदुस्तानी भाषा के साथ उर्दू लिपि का ज्ञान भी आवश्यक है, क्योंकि हिंदुस्तानी तो उर्दू और हिंदी दोनों लिपियों में लिखी जाती है। परंतु हिंदुस्तानी का अर्थ भी उर्दू ही है यह बंबई सरकार के उस परिपत्र से स्पष्ट हो जाता है जिसके अनुसार उसने उर्दू माध्यमवाली पाठशालाओं को हिंदुस्तानी की अनिवार्य पढ़ाई से मुक्त कर दिया है। उर्दू जाननेवालों को हिंदुस्तानी पढ़ने की आवश्यकता ही क्या? आखिर हिंदुस्तानी में उर्दू के साथ कुछ शब्द तो हिंदी के आ ही जाते हैं। इसके अतिरिक्त हिंदुस्तानी पढ़ने में नागरी लिपि सीखने का भी परिश्रम करना पड़ता है। उर्दूवाले यह व्यर्थ भार क्यों वहन करें? इस तर्क के फल-स्वरूप बंबई सरकार ने जो नियम बनाया है उससे हिंदी को पर्याप्त धक्का लगा है।

बिहार में हिंदुस्तानी का डंका तो इस वर्ष मंद रहा पर जान पड़ता है कि ईसाई पादरियों की सफलता के लिये बिहार सरकार की साक्षरता प्रसार-समिति ने यह निश्चय किया कि संथालियों को

शिक्षा देने के लिये प्राइमरी पुस्तकें रोमन लिपि में तैयार कराई जायें। प्रांत भर में इस निश्चय का उचित विरोध किया गया, जिसमें मुज़फ्फरपुर के सुहृद् संघ ने भी बड़ा उद्योग किया। इस संबंध में डा० सच्चिदानंद सिनहा, रायबहादुर श्यामानंदनसहाय और श्री सी० पी० एन० सिनहा का एक प्रतिनिधिमंडल गवर्नर के परामर्शदाता मी कर्जिस से मिला। फलतः विदित हुआ है कि अब संथालियों के लिये नागरी लिपि में ही पुस्तकें छपाई जायँगी।

रियासत

हैदराबाद में यद्यपि उर्दू-भाषियों की संख्या बहुत ही कम है, फिर भी निज़ाम सरकार ने अपनी अधिकांश प्रजा की सुविधा का कोई ध्यान न रखकर रियासत की 'लोअर सेकंडरी कोर्स' की शिक्षा में उर्दू को अनिवार्य कर दिया है। वहाँ के जनशिक्षासम्मेलन की स्थायी समिति ने निज़ाम सरकार के शिक्षा विभाग के पास पत्र भेजा है जिसमें 'लोअर सेकंडरी कोर्स' में अनिवार्य उर्दू का विरोध किया है और बालिकाओं की शिक्षा का भी उचित ध्यान रखने का अनुरोध किया गया है। अभी इसका कोई उत्तर नहीं मिला है।

कश्मीर सरकार ने राज्य की शिक्षा-संगठन समिति की सिफारिश के विरुद्ध उर्दू के साथ साथ प्राइमरी शिक्षा में नागरी लिपि को भी स्वीकार किया। यद्यपि कश्मीर राज्य ने हिंदीवालों के साथ यह कोई बहुत बड़ी रियायत नहीं की, क्योंकि हिंदी सीखनेवाली प्रजा के साथ न्याय करना उसका कर्तव्य था, फिर भी मुसलमान लोग वहाँ की राजसभा में तथा बाहर बराबर इसका विरोध कर रहे हैं और नागरी लिपि को हटाने पर तुले हुए हैं। प्रसन्नता की बात है कि कश्मीर सरकार अपनी न्यायनिष्ठा में अचल है और इसके लिये वह धन्यवाद की पात्र है। परंतु अब कश्मीरवासियों का यह परम कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में हिंदी की शिक्षा दिला कर कश्मीर सरकार के न्याय का लाभ उठाएँ।

राष्ट्रभाषा और उसका स्वरूप

इस वर्ष उर्दू के हिंदीविरोधियों की अनेक करतूतों से हिंदीप्रेमियों को इस बात में कोई संदेह नहीं रह गया कि उर्दू हिंदुस्तानी नाम की आड़ में से हिंदी पर बराबर घातक चोटें करती जा रही है। राजनीति में पली हुई हिंदुस्तानी हिंदी के भोले भक्तों को भुलावे में डालने के लिये 'वारांगनेव' 'अनेकरूपा' होकर प्रकट हुई—हैदराबाद में राजभाषा उर्दू बनकर और कश्मीर में लोकभाषा उर्दू बनकर, बंबई, मद्रास, बिहार और युक्त प्रांत में राष्ट्रभाषा हिंदुस्तानी के नाम से हिंदी का विकृत करके तथा पंजाब में सर्वसाधारण की भाषा होने का दावा करती हुई निपवरण उर्दू का रूप धारण करके, उर्दू सम्मेलन के मंच पर उर्दू नाम से भावी राष्ट्रभाषा का वेश बनाकर तथा हिंदी उर्दू—समझौता के प्रेमियों के निकट हिंदी-हिंदुस्तानी का बाना पहनकर। परंतु यह सब छद्मलीला कब तक चल सकती थी। अंत में उसकी वास्तविकता छिपी न रह सकी और बंबई, मद्रास, आसम बिहार, युक्तप्रांत, यहाँ तक कि दिल्ली, पंजाब और कश्मीर में भी इसकी बहुरंगी राजनीतिक चालों से लोग सावधान हो गए। चारों ओर से इसी पक्ष की पुष्टि हुई कि भारत की राष्ट्रलिपि देवनागरी और राष्ट्रभाषा हिंदी ही हो सकती है। किसी मोह में पड़कर उसके रूप को विकृत करना स्वयं अपनी जड़ काटना है। दिल्ली की हिंदी साहित्य सभा में श्री अणे ने, मदुरा और बरार में होनेवाली अखिल भारतीय तथा प्रांतीय हिंदू सभाओं में डाक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी तथा सर मन्मथनाथ मुखर्जी ने, पूना में उन्तीसवें हिंदी साहित्य-सम्मेलन के अवसर पर महाराष्ट्र-साहित्य-सम्राट् श्री नरसिंह चिंतामणि केलकर ने और बंबई विद्यापीठ के दीक्षांत भाषण में शांतिनिकेतन के आचार्य श्री क्षितिमोहन सेन ने बलपूर्वक इसी सत्य का समर्थन किया। मैसूर हिंदी-लेखक-सम्मेलन के अध्यक्ष प्रोफेसर एम० बी० अंबुनाथन् ने भी मद्रास सरकार की हिंदुस्तानी का विरोध करते हुए राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचलित स्वाभाविक रूप का ही अपनाने की सम्मति दी। अस्तु।

हिंदी के सच्चे सेवकों के बीच तो राष्ट्रभाषा के स्वरूप के संबंध में कोई मतभेद हो ही नहीं सकता, परंतु राष्ट्रीय महासभा के सूत्रधार महात्मा गाँधी और उनके प्रभाव से हिंदी साहित्य-सम्मेलन ने राष्ट्रभाषा के लिए

हिंदुस्तानी या हिंदी-हिंदुस्तानी नाम को स्वीकार कर लिया था, इतना ही नहीं, सम्मेलन ने कांग्रेस की भाँति उसका नागरी और उर्दू दोनों लिपियों में लिखा जाना भी स्वीकार कर लिया था। संभव है हिंदी की अमूल्य सेवा करनेवाले राष्ट्र के नेताओं ने कोई बड़ा लाभ समझकर ही 'हिंदी हिंदुस्तानी' नाम और उसके लिये दोनों लिपियों को स्वीकार किया हो, परंतु इसमें उनके द्वारा प्रांतीय शासनकाल में भाषा-संबंधी जो कार्य हुए उनसे कांग्रेस के प्रति हिंदी प्रेमियों का संदेह बढ़ रहा था, और सम्मेलन से तो उनका मन खिंचने लगा था। फलस्वरूप एक ओर तो हिंदी के अनन्य भक्त श्री काका कालेलकर को वर्धा की राष्ट्रभाषा प्रचार समिति से अलग होना पड़ा—काका साहेब की हिंदी-निष्ठा को जाननेवालों को इससे कितना दुःख हुआ, यह कहने की आवश्यकता नहीं—और दूसरी ओर श्री पुरुषोत्तमदास टंडन को लेख लिखकर सम्मेलन की ओर से सफाई देनी पड़ी। परंतु इससे सम्मेलन के प्रति अभी हिंदी-जनता का संदेह पूर्णतया दूर नहीं हुआ।

युक्तप्रांत के भूतपूर्व शिक्षामंत्री श्री संपूर्णानंद कांग्रेस के प्रतिष्ठित नेता हैं। उन्होंने अखिल भारतीय हिंदी-साहित्य-सम्मेलन के उन्तीसवें अधिवेशन के अपने अध्यक्षीय भाषण में हिंदी और हिंदुस्तानी के संबंध में जो कुछ कहा वह योग्यतापूर्ण भाषण होने के साथ ही अपनी निर्भीक स्पष्टवादिता के कारण हिंदी के संबंध में सम्मेलन और कांग्रेस की स्थिति को बहुत कुछ स्पष्ट कर देता है। उस भाषण का प्रसंग प्राप्त अंश नीचे दिया जाता है—

"आप में से बहुतों ने वह पत्रव्यवहार देखा है जो पारसाल मुझमें और महात्माजी में हुआ था। मेरा अब भी विश्वास है कि मैंने जो सम्मति प्रकट की थी वह समीचीन है। हमारी भाषा का नाम हिंदी इसे कतिपय मुसलमान लेखकों ने दिया पर हमने इसे अपना लिया। यह नाम हमको प्यारा है और इसमें सांप्रदायिक या अन्य किसी प्रकार का दोष नहीं है। इसे उर्दू नाम से पुकारने का कोई कारण नहीं है। पृथ्वी पर भारत हा तो एक देश नहीं है। दूसरी जगह में भाषा का नाम देश के नाम पर होता है। फ्रांसीसी, अँगरेजी, जापानी, अरबी, ईरानी—यह सब नाम देशों से संबंध रखते हैं। हिंदी भी ऐसा ही नाम है पर उर्दू में यह बात नहीं है। यह नाम

इस देश के नाम से संबंध नहीं रखता। अब यह प्रश्न उठाया जाता है कि राष्ट्रभाषा को न हिंदी कहा जाय, न उर्दू, प्रत्युत हिंदुस्तानी नाम से पुकारा जाय। मैं स्वयं तो उन लोगों में हूँ जो इस बात का मानने को प्रस्तुत हैं। 'यदि हिंदुस्तानी कहने भर से काम चल जाय तो यह समझौता बुरा नहीं है। यह देश हिंदुस्तान भी कहलाता ही है पर मुख्य प्रश्न नाम का नहीं, भाषा के स्वरूप का है। विवाद ऊपर से भले ही नाम के लिये किया जाता हो पर उसके भीतर भाषा के स्वरूप का विवाद छिपा है। इस बात को समझकर हमको अपना मत स्पष्ट कर देना है।

"हिंदी (या वह हिंदुस्तानी जिसकी मैं कल्पना करता हूँ) जीवित भाषा है और रहेगी। वह मुट्ठी भर पढ़े लिखों तक ही सीमित न रहेगी। उसके द्वारा राष्ट्र के हृदय और मस्तिष्क का अभिव्यंजन होना है। उसको दार्शनिक विचारों, वैज्ञानिक तथ्यों और हृद्गत भावों के व्यक्त करने का साधन बनना है। हमको भारत के बाहर से आए हुए शब्दों का प्रयोग करने में कोई लज्जा नहीं है। अरबी फारसी के सैकड़ों शब्द बोले जाते हैं, लिखे जाते हैं। यह बात आज से नहीं, चन्दबरदाई और पृथ्वीराज के समय से चली आ रही है। सूर, तुलसी, कबीर, रहीम सबने ही ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है। अँगरेजी के शब्दों को भी हमने अपनाया है। योगी को सुषुम्ना नाड़ी में प्राण ले जाने पर जिस दिव्य ज्योति की अनुभूति होती है उसका वर्णन करते हुए आज से सौ दो सौ बरस पहले चरणदासजी ने लिखा था 'सुखमना सेज पर लैंप चमके।' पर यह शब्द चाहे जहाँ से आए हों हमारे हैं। आगे भी जो ऐसे शब्द आते जायँगे वह हमारे होंगे। हम उनको हठात् कृत्रिम प्रकार से नहीं लेंगे। वह आप भाषा में अपने बल से मिल जायँगे। पर उनके आ जाने पर भी भाषा हिंदी ही है और रहेगी। जिस प्रकार पचा हुआ भोजन शरीर का अविभाज्य अंग हो जाता है उसी प्रकार यह हिंदी के अंग हैं और होंगे। उनकी पृथक् सत्ता चली जायगी। जीवित भाषाएँ ऐसा ही करती हैं। हम संस्कृत के शब्दों का भी इसी प्रकार अपनाते हैं, उनको हिंदी शब्द बना लेते हैं। इसका बड़ा प्रमाण यह है कि वह हिंदी में आने पर संस्कृत के व्याकरण को छोड़ देते हैं, हिंदी व्याकरण के अधीन हो

जात हैं। राजा का बहुवचन राजानः, भुवन का भुवनानि भी का प्रयोग नहीं किया जाता। कोई लेखक ऐसे प्रयोग करने का दु:साहस नहीं करता। संस्कृत व्याकरण के विरुद्ध होते हुए भी 'अंतर्राष्ट्रीय' हिंदी में व्यवहृत है। मैंने शुद्ध रूप चलाना चाहा पर सफल न हुआ। पर शुद्ध उर्दू-लेखक सुलतान का बहुवचन सलातीन, मुल्क का मुमालिक, तालुक का तवालीन लिखता है। यह शब्द अपना विदेशीपन नहीं छोड़ते और इन्हीं विदेशीपन के अभिमान से भरे हुए शब्दों में ही उर्दू का उर्दूपन है, अन्यथा क्रिया, सर्वनाम, उपसर्ग, अव्यय—यह सब शब्द जो भाषा के प्राण हैं—हिंदी उर्दू में एक ही हैं।

"हम ऐसी कृत्रिम भाषा को, जो जनता में फैल ही नहीं सकती, हिंदी या हिंदुस्थानी नहीं मान सकते। यह हमारे किसी काम का न होगी।"

× × ×

प्रत्यक्ष रूप से उर्दू, या अप्रत्यक्ष रूप से कृत्रिम असार्वजनीन हिंदुस्थानी के नाम पर हिंदी का विरोध करनेवाले तर्क से बहुत दूर हैं। हैदराबाद की भाषा इसलिये उर्दू है कि वहाँ का राजवंश मुस्लिम है और कश्मीर की भाषा इसलिये उर्दू है कि वहाँ की प्रजा में अधिक संख्या मुसलमानों की है। पंजाब में उर्दू इसलिये पढ़ानी चाहिए कि वहाँ ५५ प्रतिशत मुसलमान हैं और बिहार में इसलिये पढ़ानी चाहिए कि वहाँ मुसलमान १२ प्रतिशत भी नहीं हैं। यह भाषा का नहीं सांप्रदायिकता का प्रश्न है। हम सब को इस बात का अनुभव है कि किसी भाषा में जहाँ कोई संस्कृत का तत्सम शब्द आया वहीं उर्दू के हामी बोल उठते हैं कि 'साहब, आसान हिंदुस्तानी बोलिए, हम इस ज़ुबान को नहीं समझते।' किंतु हिंदीमें भी क्लिष्ट, अरबी फ़ारसी शब्दों की बौछार को प्राय: चुपचाप सह लेते हैं। हिंदुस्थानी नामधारी उर्दू के समर्थकों का द्वेष भाव कहाँ तक जा सकता है, उसका एक उदाहरण देता हूँ। अभी थोड़े दिन हुए, राष्ट्रपति अबुल कलाम आजाद को प्रयाग विश्वविद्यालय के छात्रों की ओर से एक मानपत्र दिया गया। उस पर उर्दू के समर्थकों के मुखपत्र 'हमारी ज़ुबान' ने एक लंबी व्यंगमयी टिप्पणी लिखी। उसने उन शब्दों को रेखांकित किया जो उसकी सम्मति में हिंदुस्थानी में न आने चाहिएँ। यह कहना अनावश्यक है कि यह

त्सम शब्द संस्कृत से आए हुए थे। यह बात तो कुछ समझ में आती है। यह भी कुछ कुछ समझ में आता है कि इन लोगों की दृष्टि में अरबी-फारसी से निकले हुए दुरूह शब्द सरल और सुबोध हैं। पर विचित्र बात यह है कि मानपत्र का अँगरेजी का कोई शब्द भी रेखांकित नहीं है। यह द्वेषभाव की मर्यादा है। जिस हिंदुस्थानी में अँगरेजी का स्थान हो पर संस्कृत के शब्द छाँट छाँटकर निकाले दिए जानेवाले हों वह कदापि इस देश की राष्ट्रभाषा नहीं हो सकती।

× × × ×

हिंदी के साथ एक और खेल खेला जाता है। अपनी हिंदुस्तानी में कुछ ऐसे शब्द गढ़ लिए जाते हैं जो देखने में हिंदी से प्रतीत होते हैं। उनका प्रयोग करके यह दिखलाया जाता है कि हमको हिंदी के सरल सुबोध शब्दों से कोई द्वेष नहीं है। इसके साथ ही हिंदी की असाहित्यिकता भी प्रदर्शित हो जाती है। जैसे—'रसुलखत' हिंदुस्तानी है। इसके पर्याय में 'लिखी' शब्द को जगह दी गई है। मैं नहीं कह सकता कि यह लिखी कहाँ से आया। हम आप तो 'लिपि' बोलते हैं। मैंने सुना है 'टिकट' की जगह 'परघस' हमारे सिर मढ़ा जानेवाला है। यह भी हिंदी के भोंडेपन का प्रमाण होगा।"

बंबई हिंदी विद्यापीठ के दीक्षांत भाषण में आचार्य श्री क्षितिमोहन सेन ने अत्यंत सरस और चुभती हुई काव्यमयी भाषा में हिंदुस्थानी नाम की बनावटी भाषा के विषय में अपने विचार प्रकट किए हैं जो मननीय हैं। उनके भाषण का अल्पांश यहाँ उद्धृत कर देना उपयुक्त होगा—

"हमारे वृहत्तर जीवन में योग-साधन का कार्य करती है भाषा, उसी प्रकार जिस तरह गृह-परिवार के जीवन में योग-स्थापन करती है माता। क्योंकि बच्चों में आपसी झगड़े कितने भी क्यों न हों, वे स्नेहमयी माँ की गोद में बैठकर सभी द्वंद्व और झगड़े भूल जाते हैं। जिस प्रकार सच्ची माता संतानों के भेद-विभेद बिना दूर किए नहीं रह सकती, उसी प्रकार सच्ची भाषा और सच्चा साहित्य भी अपनी संतान का भेद-विभेद दूर किए बिना नहीं रह सकता। भाषा और साहित्य का स्थान भी माता का सा ही है।

"आप कहेंगे कि माता भी कभी मिथ्या होती है? माँ तो सदा सच्ची ही होती है। हमारे देश में जिस भाषा को भाषा कहा गया है उस

मातृभाषा की गोद में ही तो हम सबने जन्म लिया है, उसी माता ने हमारे चिन्मय स्वरूप की सृष्टि की है। वह माता मिथ्या कैसे हो सकती है? वस्तुत जब वह माता हमारे चिन्मय स्वरूप की सृष्टि करती रहती है तब सची ही होती है, किंतु जब हम उस माता की सृष्टि करने का ध्यान करने लगते हैं तो वह निश्चय ही मिथ्या हो उठती है। माता को संतान नानाविध अलंकारों और महनीय वस्त्रों से अलंकृत करे—यह तो उचित है, बल्कि संतान का यह कर्तव्य ही है कि वह माता को अधिकाधिक समृद्ध और सुन्दर रखता रहे पर स्वयं वह माता को ही बनाने लगे, यह तो एकदम समझ में आनेवाली बात नहीं है। हम भाषारूपी माता को नाना भाव से—कला-साहित्य-विज्ञान से समृद्ध और अलंकृत कर सकते हैं पर उसे काट-छाँट, गढ़-ढालकर नई माता बनाने का प्रयत्न करना नितांत दंभ मात्र है। × × ×

"जोड़ जाड़कर नारी की सृष्टि की कथा हमारे पुराणों में एकदम नई हो, सो बात नहीं है। परंतु इस प्रकार जोड़ी हुई प्रतिमा में मातृत्व की कल्पना ही नहीं की गई। स्वर्ग की अप्सरा तिलोत्तमा ऐसी ही नारी है। उसका काम था सबका चित्त हरण करना, मातृत्व नहीं। परंतु पुराण साक्षी हैं कि वह वस्तुतः किसी का भी चित्त हरण नहीं कर सकी, बल्कि एक विनाशक शक्ति के रूप में ही प्रसिद्ध हो रही। भाषा को जोड़ जाड़कर गढ़ने के पक्षपाती लोग इस कथा को याद रखें तो अच्छा हो।"

भाषा और लिपि के संबंध में, नवीनता और सुधार के नाम पर उच्छृंखलता से काम लेना उचित न होगा। परिवर्तन और विकास सृष्टि का नियम है। उसे अपनी स्वाभाविक गति से चलने देना श्रेयस्कर होता है। नेता, सुधारक अथवा क्रांतिकारी का भूत जब चढ़ बैठता है तब सिर में भले ही ये बातें न घुसें किंतु भाषा और लिपि की प्रगति चटपट, मनमाने ढंग से गढ़ डालने की वस्तु नहीं होती। हिंदी प्रेमियों के लिये उक्त मनीषियों के विचारों का मनन करना श्रेयस्कर प्रतीत होता है।

साहित्य

साहित्य के क्षेत्र में इस वर्ष कोई उल्लेखनीय विशेषता देखने में नहीं आई। न कोई नया 'वाद' ही उत्पन्न हुआ और न विशेष महत्त्वपूर्ण

साहित्यिक रचनाएँ ही प्रस्तुत हुईं। क्या ऐसा तो नहीं है कि भाषा और लिपि संबंधी झगड़ों ने महत्त्वपूर्ण साहित्यिक प्रश्नों को कुछ आवश्यकता से अधिक दबा लिया है? उचित तो यह होगा कि भाषा के झगड़ों पर आवश्यकता से अधिक ध्यान देकर हिंदीसाहित्य सेवी साहित्य-रचना के आवश्यक कार्य की उपेक्षा न करें, बल्कि भाषा और साहित्य दोनों की उन्नति पर वे अपनी संतुलित दृष्टि रखें। इस संबंध में आचार्य क्षितिमोहन सेन ने अपने उपर्युक्त भाषण में कहा है—

"कभी कभी हम देव की पूजा न करके देहर (मूर्ति के घर) की पूजा करने लगते हैं। आधेय को भूलकर आधार की पूजा कुछ ऐसी ही है। कितना बड़ा भी प्रेमी हो, वह यदि रोज एक लिफाफा ही भेजे, चिट्ठी नहीं, तो प्रेमिका का धैर्य कब तक टिका रह सकता है? और फिर यदि वह लिफाफा बैरिंग हो तब तो कहना ही क्या है? कब तक कोई सिर्फ इस बात से संतोष कर सकता है कि लिफाफा प्यारे के हाथ का भेजा हुआ है! कुछ पत्र भी तो हो, कुछ समाचार, कुछ प्रेम-संभाषण, कुछ नई जानकारी। भाषा महज एक लिफाफा है। सो भी बैरिंग, क्योंकि इसे पाने के लिये परिश्रम खर्च करना पड़ता है। उसमें का पत्र और उसमें लिखा हुआ साहित्य, विज्ञान संबंधी सत्य है। हमें लिफाफे का भी ध्यान जरूर रखना चाहिए, क्योंकि वही प्रेमपत्र को सुरक्षित रूप से पहुँचाता है पर पत्र की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम हिंदी-भाषा को नाना शाखा और विद्याओं से भर दें।"

इसका यह तात्पर्य नहीं कि हिंदी-लेखकों और कवियों पर अकर्मण्यता का दोष लगाया जा सकता है। बात यह है कि अनेक प्रकार की राजनीतिक तथा अन्य समस्याओं के कारण इस समय जैसी परिस्थिति है उसमें वर्तमान शिथिलता कुछ स्वाभाविक भी है और कुछ अंशों में इसका कारण यह भी है कि हिंदी साहित्य अब बरसात की बाढ़ के बाद शरत्-कालीन नदी-जल की स्वाभाविक गति को प्राप्त कर रहा है।

हिंदी में प्रगतिशीलता के वहाने प्राचीन परंपरा की अच्छी बातों की भी निंदा और उनके स्थान पर पश्चिम की भद्दी स्वच्छंदताओं का प्रचार करने की जो प्रवृत्ति इधर कुछ वर्षों से देखी जा रही थी उसमें इस वर्ष वृद्धि ही हुई है। विशेषकर कहानियों और उपन्यासों में प्रेम की परि-

पाटी को नए मार्ग पर चलाकर सुधारक या निर्माता बनने की अहंमन्यता कुछ नवयुवक लेखकों में प्रबल हो रही है। इसका परिणाम कल्याणकर होगा ऐसा नहीं कहा जा सकता। ऐसी की मनोवृत्ति के परिष्कार की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त साहित्यरचना के संबंध में हिंदी-लेखकों को तीन आवश्यक बातों की ओर ध्यान देना उचित होगा। एक तो यह कि रसात्मक साहित्य के सभी अंगों पर समान दृष्टि रखा जाय। जहाँ उच्च कोटि के काव्य, उपन्यास और कहानियाँ लिखी जायँ वहाँ योग्य नाटकों और सरस निबंधों की कमी को भी पूरा करने की ओर ध्यान दिया जाय। दूसरे, उपयोगी साहित्य के अनेक विषयों में उच्च कोटि के ग्रंथों की रचना का प्रयास किया जाय। इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति और दर्शन तथा विज्ञान की अनेक शाखाओं में अभी अध्ययनयोग्य उच्च कोटि के ग्रंथ बहुत ही कम प्रस्तुत हुए हैं। तीसरी ध्यान देने की बात यह है कि प्रांतीय साहित्यों—विशेषकर द्रविड़ साहित्य—से (क्योंकि मराठी, बँगला आदि तो हिंदी के यों भी निकट हैं) हिंदी का संपर्क अधिक बढ़ाना चाहिए। इससे सभी प्रांत एक दूसरे के अधिकाधिक निकट पहुँचेंगे और सच्ची राष्ट्रीय एकता का मार्ग अति सरल हो जायगा। किंतु यह स्मरण रखना चाहिए कि केवल अनुवाद-ग्रंथ भरने से ही हिंदी-साहित्य की अभिवृद्धि नहीं हो सकती। हिंदी में उच्च कोटि की ऐसी मौलिक रचनाएँ भी प्रस्तुत करनी होंगी जिनसे अन्यप्रांतीय साहित्य हिंदी के साथ अपना संपर्क बढ़ाने में गौरव का अनुभव करें।

हिंदी की संस्थाएँ

देश के विभिन्न भागों में हिंदी प्रचारिणी संस्थाएँ उत्साहपूर्वक कार्य करती रहीं। हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग तथा दक्षिण भारत हिंदी-प्रचार सभा, मद्रास अपनी शाखाओं सहित अपने हिंदीप्रचार के उद्देश्य की पूर्ति में यथावत् प्रयत्नशील रहीं। सम्मेलन का २९वाँ वार्षिक अधिवेशन इस बार २५, २६, २७, २८ दिसंबर १९४० को पूना में युक्त-प्रांत के भूतपूर्व शिक्षामंत्री श्रीसंपूर्णानंद के सभापतित्व में हुआ जो उस समय जेल में थे। महाराष्ट्र प्रांत ने इसमें पूर्ण सहयोग दिया और

अधिवेशन सफलता के साथ समाप्त हुआ। प० भा० हिं० प्रचारक सम्मेलन का ११वाँ अधिवेशन २२-२३ दिसंबर १९४० को मद्रास में पं० रामनारायण मिश्र के सभापतित्व में सफलता-पूर्वक हुआ। राष्ट्र भाषा प्रचार-समिति वर्धा की शाखाएँ असम, उत्कल, महाराष्ट्र, गुजरात और सिंध में बड़े उत्साह के साथ कार्य करती रहीं।

इनके अतिरिक्त असम में नौगाँव राष्ट्रभाषा-विद्यालय तथा असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, कश्मीर में हिंदी प्रचारिणी सभा (जम्मू), बंबई में बंबई हिंदी विद्यापीठ, दिल्ली में हिंदी साहित्य सभा, बिहार में प्रादेशिक हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, सुहृद् संघ (मुजफ्फरपुर) और लोकमान्य समिति (छपरा) तथा पंजाब में राष्ट्रभाषा प्रचारक संघ (लाहौर) और साहित्यसदन (अबोहर) प्रशंसनीय रूप से हिंदी की सेवा कर रहे हैं।

अबोहर का साहित्यसदन नगर में स्थित होने पर भी नगर की अशांति और आडंबर से कोसों दूर है। इसका कार्यक्षेत्र भी प्रधानतः गाँवों में ही है। यहाँ के कार्यकर्ता त्याग, परिश्रम और लगन आदि गुणों में संस्था के संस्थापक स्वामी केशवानंद का ही अनुकरण करते हैं। इस संस्था का 'दीपक' नाम का एक मासिक पत्र निकलता है। पुस्तकालय, प्रकाशन तथा शिक्षण-विभाग भी है।

देश की समस्त संस्थाएँ यदि संघटित होकर परस्पर सहयोग से कार्य करें तो हिंदी के मार्ग की बहुत सी कठिनाइयाँ शीघ्र दूर हो जायँ।

पत्र पत्रिकाएँ

इस वर्ष हिंदी की प्रमुख पत्र पत्रिकाएँ, अपनी उदासीनता त्यागकर हिंदी की चर्चा और हिंदी संबंधी आंदोलनों में बराबर योग देती रहीं। कलकत्ते के 'लोकमान्य' और 'विश्वमित्र' और दिल्ली के 'वीर अर्जुन' ने अधिक तत्परता दिखाई। 'भारत', 'देशदूत', 'प्रताप', 'अग्रगामी' तथा 'कर्मवीर' आदि भी समय-समय पर इस संबंध में लेख और टिप्पणियाँ प्रकाशित करते रहे। काशी के दैनिक 'आज' तक को अपनी चिर निरपेक्षता का त्याग करना पड़ा और उसने बड़े स्पष्ट और निर्भीक शब्दों में अपने संपादकीय लेखों में हिंदी का पक्ष पुष्ट किया। सभा हिंदी की सभी पत्र-पत्रिकाओं से आशा

करती है कि जहाँ उनमें अनेक विषयों के लेख और समाचार छपते रहते हैं वहाँ नागरी लिपि और हिंदी भाषा संबंधी प्रश्नों की चर्चा के लिये भी अधिक नहीं तो थोड़ा स्थान अवश्य दिया करें और समय-समय पर आवश्यकतानुसार इन विषयों पर स पा दकीय लेख और टिप्पणियाँ भी लिखा करें। हिंदी की रक्षा और उन्नति का प्रश्न राष्ट्र का प्रश्न है और उनका अपना भी।

(पृ० ५१ के पहले अनुच्छेद के बाद)

इसी प्रसंग में एक उल्लेखनीय बात यह है कि भारत सरकार के पाक्षिक पत्र 'भारतीय समाचार' में हिंदी भाषा का निर्वाह बड़ी उत्तमता से हो रहा है। सरकारी प्रचार पत्र में ऐसी भाषा का प्रयोग यह सूचित करता है कि सरकार हिंदी को उपेक्षा की वस्तु नहीं समझती है, और उसी के द्वारा देश के विशाल जन-समुदाय के हृदय में स्थान प्राप्त किया जा सकता स्वीकार करती है। आशा है जिस परिष्कृत सर्वमान्य और प्रचलित हिंदी में 'भारतीय समाचार' प्रकाशित होता है उसी का व्यवहार और भारत सरकार के अन्य विभागों तथा कार्यों में होगा और विशेषकर 'रेडियो' में इसी भाषा को अपनाया जायगा।

रखना इसका मुख्य उद्देश्य है। 'हिंदी पत्रिका' में पुराने 'देवनागर' की भाँति अन्य भाषाओं के लेख भी नागरी लिपि में छपा करते हैं। यह प्रयत्न प्रशंसनीय है। यह पत्र स्थायी हो जाय तो हिंदी का हित होगा। 'प्रभात' बालोपयोगी अच्छा पत्र है। 'हिंदी' के विषय में

लोगों का धारणा है कि यह हिंदी की ठोस सेवा करेगी। इतनी उपयोगी और इतनी सस्ती पत्रिका शायद ही दूसरी हो।

हिंदी की प्रकाशित पुस्तकों की संख्या

सन् १९४० में निम्नलिखित प्रांतों में प्रकाशित हिंदी और उर्दू पुस्तकों की संख्या नीचे दी जाती है—

प्रांत	अवधि	हिंदी	उर्दू
संयुक्त प्रांत—	३१ मार्च को समाप्त होनेवाले त्रिमास में	४७३	५०
	३० जून ,, ,,	३८४	६०
	३० सितंबर ,, ,, ,,	३७६	६८
	३१ दिसंबर ,, ,, ,,	३१५	३८
पंजाब—	३१ मार्च ,, ,, ,,	४०	१८२
	३० जून ,, ,, ,,	६९	२३८
	३० सितंबर ,, ,, ,,	६६	२०३
	३१ दिसंबर ,, ,, ,,	६४	२०९
अजमेर-मेरवाड़ा—	३१ मार्च ,, ,,	७३	×
	३० जून ,, ,,	४६	×
	३० सितंबर ,, ,, ,,	७७	×
	३१ दिसंबर ,, ,, ,,	३०	२

सन् १९३९ ई० तथा १९४० ई० के हिंदी, उर्दू के प्रांतीय प्रकाशनों का प्रतिशत ब्योरा—

प्रांत	१९३९ हिंदी	१९४०-हिंदी	१९३९-उर्दू	१९४०-उर्दू
संयुक्तप्रांत	९	८८७	१	११८
पंजाबप्रांत	१७८	१८९	८२२	८११
अजमेर-मेरवाड़ा	९२३	९७६	०७७	७४

इस तालिका से यह प्रकट होता है कि संयुक्त प्रांत में सन् १९३९ की अपेक्षा १९४० ई० में हिंदी के प्रकाशन में ह्रास और उर्दू के प्रकाशन में वृद्धि हुई है। इस ओर हमें उचित ध्यान देने की आवश्यकता है। पंजाब प्रांत में सन् १९३९ की अपेक्षा १९४० में हिंदी के प्रकाशन में वृद्धि हुई है। इस प्रांत में हिंदी के प्रचार तथा व्यवहार के लिये हमें और

शक्ति लगानी चाहिए। अजमेर-मेरवाड़ा प्रांत में भी सन् १९३९ की अपेक्षा सन् १९४० में हिंदी के प्रकाशन में वृद्धि और उर्दू के प्रकाशन में ह्रास हुआ है। पर इससे हमें अपने उद्योग में ढिलाई नहीं लानी चाहिए, प्रत्युत इसमें विशेष शक्ति लगाने की आवश्यकता है।

हिंदी के परीक्षार्थियों की संख्या

देश में अनेक संस्थाएँ हैं जो हिंदी भाषा और साहित्य संबंधी परीक्षाएँ अथवा अन्य विषयों की परीक्षाएँ हिंदी माध्यम के द्वारा लिया करती हैं। उनमें कुछ सरकारी हैं जैसे विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और शिक्षा बोर्ड तथा सरकारी शिक्षाविभाग की परीक्षाएँ। कुछ गैर सरकारी परीक्षाएँ हैं जो हिंदी साहित्य-सम्मेलन, द० भा० हिं० प्र० सभा तथा गुरुकुल आदि संस्थाओं द्वारा ली जाती हैं। इनके अतिरिक्त भी अनेक परीक्षण-संस्थाएँ हैं। सभा आशा करती है कि ये संस्थाएँ प्रतिवर्ष अपनी परीक्षाओं के आँकड़े सभा के विवरण में सम्मिलित करने के लिये भेज दिया करेंगी। पर कुछ संस्थाएँ इस प्रकार की सूचना सभा को नहीं दे सकीं और खेद है कि ऐसी संस्थाओं में काशी हिंदू विश्वविद्यालय और मद्रास विश्वविद्यालय का भी नाम है।

मुख्य मुख्य परीक्षण-संस्थाओं में से जिनके विवरण सभा को प्राप्त हुए हैं उनकी परीक्षाओं में सम्मिलित होनेवाले हिंदी और उर्दू परीक्षार्थियों की संख्या दी हुई तालिका से प्रकट होती है—

हिंदी के परीक्षार्थियों की संख्या

प्रांत	परीक्षण-संस्थाएँ		परीक्षाएँ	हिंदी	उर्दू
	सरकारी	गैर सरकारी			
दिल्ली	दिल्ली विश्वविद्यालय	×	बी॰ ए॰	१०५	१६४
			इंटर॰	२९८	३१२
पंजाब	पंजाब विश्वविद्यालय	×	प्रॉफीशियेंसी	१७२१	७८
			हाई प्रॉफी॰	१२३५	४१४
			आनर्स	६०१	१६३
			बी॰ ए॰	९०२	११६६
			इंटर॰	१४७२	८२९५
			मैट्रिक	१४५०	५११२
	×	गुरुकुल कुरुक्षेत्र	भिन्न भिन्न	१२३	×
		,, मुलतान	,, ,,	२८	×
बंगाल	ढाका विश्वविद्यालय	×	बी॰ ए॰	×	८
बंबई	बंबई विश्वविद्यालय		एम॰ ए॰	×	१५
			बी॰ ए	×	१०

प्रांत	परीक्षक-संस्थाएँ		परीक्षाएँ	हिंदी	उर्दू
	सरकारी	गैर सरकारी			
			इंटर०	२	१०९
			मैट्रिक	१०६	७५४
	×	श्रीमती नत्थीबाई दामोदर ठाकरसी			×
		इंडियन वीमेंस युनिवर्सिटी	भिन्न भिन्न	५८७	×
		गुरुकुल सूपा	,, ,,	१९८	×
		हिंदी विद्यापीठ	,, ,,	१२०७	×
बड़ोदा	×	आर्यकन्या महाविद्यालय	,, ,,	२००	×
बिहार	पटना विश्वविद्यालय	×	बी० ए०	५०६	१३६
			इंटर०	१२९७	३३७
			मैट्रिक	५८३१	१३४६
	×	हिंदी विद्यापीठ, देवघर	भिन्न भिन्न	६३०	×
मद्रास	×	दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा	,, ,,	६७१९	×
मध्यप्रांत व बरार	नागपुर विश्वविद्यालय	×	बी० ए०	४५	२१
			इंटर०	१२०	५८
	हाईस्कूल परीक्षा बोर्ड	×	हाईस्कूल	११८९	२८१

प्रांत	परीक्षक-संस्थाएँ		परीक्षाएँ	हिंदी	उर्दू
	सरकारी	गैर सरकारी			
	×	राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा	भिन्न भिन्न	१९०८२	×
मैसूर	मैसूर विश्वविद्यालय		बी ए, बी एस-सी	×	११
		×	इंटर	१४	८६
युक्तप्रांत	प्रयाग विश्वविद्यालय		एम ए०	१३०	९
			बी ए०	१५१	६२
	लखनऊ विश्वविद्यालय	×	एम० ए०	१९	२१
			बी ए	४४	५१
	आगरा विश्वविद्यालय	×	एम० ए०	१२८	×
			बी ए	४८९	१८
	हाईस्कूल और इंटर परीक्षा बोर्ड		इंटर	१३५७	९६१
		×	हाईस्कूल	८६३४	६१५८
	प्रांतीय शिक्षा विभाग		वर्नाक्यूलर फा	२३,६७	१७४८०
		×	सी टी० सी०	२६२	२८८
			पी टी० सी०	२५९	२६०
			विशेष योग्यता	५९८	१६९८

प्रांत	परीक्षक-संस्थाएँ		परीक्षाएँ	हिंदी	उर्दू
	सरकारी	गैर सरकारी			
	प्रांतीय शिक्षा विभाग		डी० एस०	१४२	२११
		हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग	भिन्न भिन्न	४३१६	×
		प्रयाग महिला विद्यापीठ	,, ,,	१०१८	६
	×	गीता तथा रामायण परीक्षा समिति, बरहज	रामायण, गीता	१०८१६	×
		गुरुकुल काँगड़ी	भिन्न भिन्न	४०८	×
		ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम, हरिद्वार	,,	१९	×
राजपूताना, मध्यभारत, ग्वालियर, अजमेर	हाईस्कूल और इंटर० परीक्षा बोर्ड	×	इंटर	४९०	७७
			हाई स्कूल	३१३९	७९१
			कुल योग	१०९५२०	४२११८६

शोक-प्रकाश

अत्यंत शोक है कि इस वर्ष हिंदी-संसार चार प्रसिद्ध साहित्यसेवियों से रिक्त हो गया। सभा के सदस्य होने के नाते पं० रामचंद्र शुक्ल, सर आर्ज डा० ग्रियर्सन, बाबू केदारनाथ गोयनका और पं० रमाशंकर शुक्ल 'हृदय' का उल्लेख पहले ही हो चुका है। खेद है कि साहित्य-दर्पण के प्रसिद्ध अनुवादक पं० शालग्राम शास्त्री और हिंदी के असाधारण प्रेमी और प्रचारक अध्यापक रामरत्न भी अब हमारे बीच नहीं रहे। प्रयाग के प्रसिद्ध पत्र 'अभ्युदय' के संपादक पं० कृष्णकांत मालवीय तथा काशी के प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री बाबू दुर्गाप्रसाद खत्री के निधन से हमारी भाषा को गहरा धक्का लगा है। सभा इन सबके शोक-संतप्त परिवार के प्रति समवेदना प्रकट करती है और परमात्मा से प्रार्थना करती है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति दे।

धन्यवाद

यह विवरण समाप्त करने के पूर्व मैं सर्वप्रथम सभा के कार्याधिकारियों और विभागाध्यक्षों को धन्यवाद देना अपना कर्तव्य समझता हूँ जिनके अमूल्य सहयोग से ही सभा इस वर्ष सफलतापूर्वक कार्य कर सकी है। सबने अपनी शक्ति भर, खुले दिल से मुझे जो सहायता दी है, उसके बिना यह वर्ष सभा के लिये कुछ बातों में उन्नति का साधक न होता। सभा के अर्थमंत्री श्री० जीवनदास, साहित्यमंत्री श्री० रामचंद्र वर्मा, आय-व्यय-निरीक्षक श्री० गुलाबदास नागर, पुस्तकालय-निरीक्षक श्री० कृष्णदेवप्रसाद गौड़, प्रचारविभाग के संयोजक श्री चंद्रबली पांडे, खोज के निरीक्षक तथा प्रसाद-व्याख्यान-माला के संयोजक श्री० विद्याभूषण मिश्र, भारतकलाभवन के संग्रहाध्यक्ष श्री राय कृष्णदास और पत्रिका के संपादक-मंडल (विशेषकर उसके संपादक श्री कृष्णानंद) ने अपने विभागों का कार्य जिस तत्परता से संपन्न किया है, उससे सभा की मर्यादा की रक्षा और वृद्धि हुई है। डाक्टर पीतांबरदत्त बड़थ्वाल ने, यद्यपि कुछ ही दिनों तक खोज विभाग का निरीक्षण किया था, फिर भी उन्हीं की व्यवस्था के अनुसार कार्य होता रहा है। इसस सभा

उनकी भी कृतज्ञ है। और पंडित रामनारायण मिश्र की किस किस सहायता का उल्लेख करूँ ? इन दिनों तो उन्हें दिन-रात सभा की उन्नति का ध्यान रहता है। वे हर प्रकार से सभा की प्रतिष्ठा बढ़ाने का उद्योग करते रहते हैं। मुझे और सभा को सबसे अधिक दुःख है इस बात का कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी अधिक समय तक हमें पथप्रदर्शन कर न सके। अस्वस्थ होते हुए भी वे सभा के कितने उपयोगी थे और हमारी कितनी सहायता किया करते थे यह स्मरण करते ही हृदय गद्गद हो जाता है। मैं इन सब का कृतज्ञ हूँ। साथ ही मैं अपने कार्यालय के सभी विभागों के कर्मचारियों को भी नहीं भूल सकता, जो कार्यालय के लिये नियत समय के अतिरिक्त भी मेरी तथा अन्य विभागाध्यक्षों की सुविधा और इच्छा के अनुसार, सभा के कार्यों के लिये सदैव तत्पर रहे हैं। इनमें से सहायक मंत्री श्री पुरुषोत्तमलाल श्रीवास्तव, एम० ए०, पुस्तकाध्यक्ष पं० शंभुनारायण चौबे, बी० ए०, एल्-एल० बी० और कार्यालय के पं० शंभुनाथ वाजपेयी तथा मुंशी जगन्नाथप्रसाद की सेवाएँ उल्लेखनीय हैं।

प्रबंध-समिति की ओर से
रामबहोरी शुक्ल
प्रधान मंत्री
नागरी प्रचारिणी सभा काशी

श्री रजिस्ट्रार इलाहाबाद युनिवर्सिटी, इलाहाबाद — ८
,, रजिस्ट्रार, ट्रावनकोर विश्वविद्यालय, त्रिवेंद्रम — १ (रिपोर्ट)
,, रजिस्ट्रार, पटना यूनिवर्सिटी, पटना — ३
,, राज पब्लिशिंग हाउस, बुलंदशहर — १
,, राजबहादुर लमगोड़ा, फतहपुर — १
,, राजाराम पंड्या, काशी — १
,, राधाकृष्ण जालान, रायबहादुर, पटना — १
,, राधेश्याम कथावाचक, बरेली — १९
,, रामकृष्ण भारती, लाहौर — १
,, रामकृष्ण शर्मा, काशी — २
,, रामचंद्र वर्मा, काशी — ४
,, रामजी वाजपेयी, काशी — २
,, रामदत्त भवानीदयाल नेटाल — २
,, रामदयाल चोखानी, रायबहादुर, कलकत्ता — १
,, रामनारायणजी मिश्र, काशी — १४
,, रामवचन द्विवेदी, शाहाबाद — ४
,, रामविलास पोद्दार स्मारक समिति, बंबई — १
,, राष्ट्रभाषाप्रचारसमिति, वर्धा — २
,, लालचंद्र वैद्यशास्त्री, काशी — २
,, लीडर प्रेस, प्रयाग — ७
,, विंध्यवासिनीप्रसाद वर्मा, हाजीपुर — १
,, विज्ञान-परिषद्, प्रयाग — ३
,, विप्लवी ट्रैक्ट, लखनऊ — १
,, ब्रजसाहित्य मंडल ग्रंथमाला, वृंदावन — ६
,, ब्रह्मदत्त जिज्ञासु, लाहौर — ४
,, शङ्करसहाय सक्सेना, बरेली — ५
, शंभूनारायण चौबे, काशी — १
श्रीमती शकुंतला देवी, झालरापाटन — ११
श्री शंदा, दिल्ली — १
,, श्यामसुंदरदास रायबहादुर, काशी — २
,, संगीत कार्यालय, हाथरस — १

श्री सस्ता साहित्यमंडल, दिल्ली	११
,, साधना मंदिर, बंबई ७	६
,, साहित्यनिकेतन, कानपुर	२
,, साहित्य प्रेस, जबलपुर	१
,, साहित्यरत्न-भंडार, आगरा	१
,, सुतीक्ष्ण मुनि, सपक्षर	१
,, सुपरिंटेंडेंट, कार्ख्यालाजी, जयपुर	१
,, स्वरूप मदर्स, इंदौर	१
,, हजारीप्रसाद द्विवेदी, शांतिनिकेतन	१
,, हरनामदास कविराज, लाहौर	१
,, हरिमोहनलाल वर्मा, दतिया	७
,, हरिहर पुस्तकालय, बरालोकपुर	४
,, राय हरेकृष्ण, काशी	२
,, ख्वाजा हसन निजामी, दिल्ली	७
,, हिंदी ग्रंथ रत्नाकर कार्यालय, बंबई	५
,, हिंदी पुस्तक एजेंसी, काशी	१
,, हिंदी पुस्तक भंडार, बंबई	१६
,, हिंदी पुस्तक मंडल, सूरत	१
,, हिंदी प्रचार पुस्तक मंदिर, मद्रास	१
,, हिंदी भवन, लाहौर	१
,, हिंदी मंदिर, प्रयाग	४
,, हिंदी विद्यापीठ, बंबई	१
,, हिंदी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग	७
,, हिंदुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद	१
,, हिंदुस्तानी तालीमी संघ, वर्धा	२०
,, हिंदुस्तानी बुकडिपो, लखनऊ	३
श्रीमती हेमंतकुमारी चौधुरानी, देहरादून	३

परिशिष्ट २

पत्र पत्रिकाएँ जो इस वर्ष सभा के पुस्तकालय में आती रहीं—

दैनिक

अग्रगामी, काशी १६)
आज „ १६)
जागृति, कलकत्ता १०)
प्रताप, कानपुर १६)
भारत, प्रयाग १६)
लोकमान्य, कलकत्ता १२)
वर्तमान, कानपुर १६)
विश्वमित्र, कलकत्ता १६)
वीर अर्जुन, दिल्ली १०)

अर्द्ध साप्ताहिक

केसरी (मराठी) ८)
लीडर (अँगरेजी) ८)

साप्ताहिक

आज, काशी ४)
आदर्श, देवरिया [illegible])
आर्यमार्तण्ड, अजमेर [illegible]॥)
आर्यमित्र, आगरा ३)
कर्मभूमि, लैंसडाउन २॥)
कर्मवीर, खंडवा ३॥)
गुजरातीपंच(गुज०)अहमदाबाद [illegible]॥)
गुरुकुल, काँगड़ी [illegible]॥)
दाता—स्वर्गीय रायबहादुर डाक्टर हीरालाल। इसके ब्याज से प्रति दूसरे वर्ष एक स्वर्ण-पदक, पुरातत्त्व मुद्राशास्त्र, इंडोलॉजी, भाषाविज्ञान तथा एपीग्राफी संबंधी हिंदी में लिखित सर्वोत्तम मौलिक पुस्तक अथवा गवेषणापूर्ण निबंध के रचयिता को दिया जायगा।			
१४—राधाकृष्णदास पदक			
गवर्नमेंट स्टाक सर्टिफिकेट	१००)	९९=)४	३॥)
दाता—बाबू शिवप्रसाद गुप्त। इसके ब्याज से प्रति चौथे वर्ष एक रौप्य-पदक दिया जायगा।			
१५—गुलेरीपदक			
गवर्नमेंट स्टाक सर्टिफिकेट	१००)	१००॥~)॥	३॥)
दाता—श्री जगद्धर शर्मा गुलेरी।			
१६—रेडिचे पदक			
गवर्नमेंट स्टाक सर्टिफिकेट	१००)	१००॥~)१०	३॥)
फुटकर चंदे से।			

नोट—निधि नं० १ का रुपया इंपीरियल बैंक के हिस्सों में लगा है और शेष के स्टाक सर्टिफिकेट ट्रेजरर चैरिटेबल एंडाउमेंट फंड्स, युक्तप्रांत के पास जमा हैं।

परिशिष्ट ६

१ वैशाख से ३० चैत्र १९९७ तक २५) या अधिक दान देनेवाले सज्जनों की नामावली

प्राप्ति तिथि	दाता का नाम	धन	प्रयोजन
१२ वैशाख	श्री सुधीरकुमार वसु	२५)	श्री रामप्रसाद समादर कोप
२६ "	श्री काशीप्रसाद, काठी		
	श्री किशोरीलाल मकुंदीलाल, काशी	२५)	कलाभवन
२७ "	मेहता श्री फतहलाल साहब, उदयपुर	५००)	"
" "	" " "	१००)	स्थायी कोप
२८ "	श्रीमती रामदुलारी दुबे, अजमेर	१००)	"
१६ मार्गशीर्ष	" " "	१०००)	रुक्मिणीदेवी ग्रंथमाला
इस वर्ष चार	युक्तप्रांतीय सरकार	१०००)	पुस्तकालय
किश्तों में	" "	२०००)	हिन्दी हस्तलि० पुस्तकों की खोज
१३ ज्येष्ठ	श्री सूर्यनारायण व्यास, उज्जैन	१००)	स्थायी कोप
१३ आषाढ़	श्री सेठ घनश्यामदास बिड़ला, दिल्ली	५५०)	कलाभवन
८ चैत्र			
७ श्रावण	श्री घनश्यामदास पोद्दार, बंबई	१०१)	स्थायी कोप
" "	श्री नन्दकिशोर लोहिया कलकत्ता	१०१)	" "
१७ "	श्री भागीरथ कनोडिया, "	१५०)	कलाभवन
२० "	श्री राय कृष्णदास जी, काशी	५०)	"
२६ भाद्रपद / २६ पौष	श्री पुरुषोत्तमदास हलवासिया, कलकत्ता	६००)	
२६ भाद्रपद	" " "	४००)	कूप निर्माण
२७ भाद्रपद	श्री मुरारीलाल केडिया, काशी	५०)	मूर्ति मंदिर

प्राप्ति तिथि	दाता	प्राप्त धन	प्रयोजन
५ आश्विन	श्री रामेश्वर गौरीशंकर ओझा, अजमेर	१००)	स्थायी कोष
१९ "	श्री रमेशचंद कालिया, कानपुर	१००)	"
२६ "	श्री हरीचंद खन्ना, कानपुर	१००)	"
" "	श्री रायबहादुर रामदेव चोखानी, कलकत्ता	१०)	नागरी प्रचार
२९ "	श्री डा० सच्चिदानंद सिन्हा, पटना	१००)	स्थायी कोष
२० "	श्री कुँवर सुरेश सिंह कालाकाँकर	१००)	"
३० "	राय कृष्णदासजी के द्वारा	१००)	कलाभवन
१ कार्तिक	श्री सेठ जुगलकिशोर बिड़ला, नई दिल्ली	२५)	"
११ कार्तिक	श्री म० कृष्ण जी, बी० ए०, लाहौर	१००)	स्थायी कोष
१६ "	श्री प्रो० अमरनाथ झा, प्रयाग	५)	श्रीरामप्रसाद समादर कोष
१८ "	श्री सेठ पदमपत सिंहानिया, कानपुर	१००)	स्थायी कोष
४ मार्गशीर्ष	श्री कुमार राव कृष्णपाल सिंह आगरा	१०)	"
१२ "	श्री सेठ चंपालाल बाँठिया, बीकानेर	१०१)	"
२० "	श्री० एन० सी० मेहता, आई० सी० एस०, लखनऊ	२५)	श्रीरामप्रसाद समादर कोष
१९ पौष	श्री महाराजकुमार डा० रघुबीरसिंह एम० ए०, डी० लिट्, सीतामऊ	४०१)	नागरीप्रचार
" "	" " " "	१००)	स्थायी कोष
२३ "	श्री डा० अमूल्यचरण उकील, कलकत्ता	२५)	फुटकर
२४ "	श्री लाला बनवारीलाल, काशी	१००)	नागरीप्रचार
१ माघ	श्री सतीशकुमार, बरेली	१०१)	"
" "	श्री लाला लालचंद, लाहौर	१००)	स्थायी कोष
" "	श्री शिवप्रसादजी गुप्त, काशी	१२१)	श्रीरामप्रसाद समादर कोष

प्राप्ति तिथि	दाता का नाम	धन	प्रयोजन
७ माघ	श्री राय रामचरण अग्रवाल, प्रयाग	२५)	श्री रामप्रसाद समादरकोष
" "	श्री राय रामकिशोर अग्रवाल, प्रयाग	३०)	"
९ "	श्री प्रो० हरि रामचंद्र दिवेकर, उज्जैन	१००)	स्थायी कोष
११ "	श्री साहु रामनारायण लाल, बरेली	१००)	"
१८ "	श्री राय गोविंदचंद, काशी	१००)	श्री रामप्रसाद समादरकोष
३० "	श्री भरतराम, दिल्ली	१००)	स्थायी कोष
५ फाल्गुन १५ चैत्र	श्री प्यारेलाल गर्ग, गोरखपुर	२००)	डाक्टर महेंद्र लाल गर्ग विज्ञान ग्रंथावली
२० फाल्गुन	श्री रामेश्वरसहाय सिन्हा, काशी	१००)	स्थायी कोष
२४ फाल्गुन ११ चैत्र	म्युनिसिपलबोर्ड, बनारस	३६०)	पुस्तकालय
३ चैत्र,	श्रीमती रमाबाई जैन, डालमिया नगर	१००)	स्थायी कोष
७ "	श्री शुकदेवशरण केदारनाथ भार्गव, बंबई	१००)	स्थायी कोष
१९ "	श्री प्रो० लालजीराम शुक्ल, काशी	१००)	"
२६ "	श्री गोपीकृष्ण कानोडिया, कलकत्ता	२००)	कलाभवन
२६ "	श्रीकृष्णदेवप्रसाद गौड़, काशी	१००)	स्थायी कोष
		योग १८७७१)	

परिशिष्ट १०

काशी नागरीप्रचारिणी सभा के आय-व्यय का लेखा

१ वैशाख ९७ से ३० चैत्र १९९८ तक

आय	साधारण विभाग	पुस्तक विभाग	व्यय	साधारण विभाग	पुस्तक विभाग
गत वर्ष की बचत	५७४७॥≡)२				
हिन्दी पुस्तकों की खोज, यु० प्रां०	२०२०)		हिन्दी पुस्तकों की खोज, यु० प्रां०	१२०१।।।)॥	
साहित्य परिषद्	४८॥≡)११		साहित्य परिषद्	५७।=)॥	
पदक तथा पुरस्कार	४७१)११		पदक तथा पुरस्कार	×	×
देवीप्रसाद ऐतिहासिक पु० मा०		१०८१॥=)	देवीप्रसाद ऐतिहासिक पु० मा०		२ ७।=)॥
बालाबक्स रा० चा० पु० मा०		५१ ।)	बालाबक्स रा० चा० पु० मा०		१८४५=)॥
सूर्यकुमारी पुस्तकमाला		१५९१।।।)॥	सूर्यकुमारी पुस्तकमाला		२८८ ।=)१०½
देव पुरस्कार ग्रंथावली		९१९॥≡)॥	देव पुरस्कार ग्रंथावली		१४१।=)॥
रुक्मिणी देवी ग्रंथमाला		१००)	रुक्मिणी देवी ग्रंथमाला		१॥=)
महेन्दुलाल गर्ग विज्ञान ग्रं० मा०		२)			

बचत का ब्योरा—

रकम	बैंक		खाता	
११।।।=)।।	रोकड़ सभा में			
४१५।-)॥	इलाहाबाद बैंक	चलता	खाता	नं० १
१६।।)११	” ”	”	”	नं० २
१०५-)॥	” ”	सेविंग	बैंक	प्रकाशन
५६)॥	” ,	,	”	पुस्तकालय अमानत
८५)	” ,	”	”	शिवलाल मेहरोत्रा निधि
२६७।।)।	पो० आ०	”	”	सभा
१४२७।।।-)१	” ”	”	”	चैरिटेबुल एवं ट्रस्ट फंड
४ ४=)११	” ”	”	”	कलाभवन
१=)२	” ”	,	”	पुस्तकालय
८७४।-)=	” ”	”	”	प्राविडेंड फंड
१७१।।।-)॥	” ”	”	”	भवननिर्माण कोष
११७।।।=)।।।	” ”	”	”	स्थायी कोष
।।।-)४	” ”	”	”	खोज
१९।।।=)।	” ”	”	”	संकेत लिपि
९४)	” ”	”	”	कवियों के चित्र, परिचय
६९८)	” ”	”	”	श्रीमती रुक्मिणी तिवारी ग्रंथमाला
४१५।।)१	बनारस बैंक	”	”	अमानत
७०)	” ”	”	”	स्थायी कोष
१९।।)।	सेंट्रल बैंक	,	”	देव पुरस्कार ग्रंथावली
२१७।।)	” ”	”	”	अमानत
२)	पो० आ०	”	”	डा० मोहनलाल गर्ग सि० ग्रं०

भाषा का प्रश्न

(लेखक—श्री चंद्रबली पांडे, एम० ए०)

आज-कल हिंदी, उर्दू और हिंदुस्तानी के झगड़े के कारण भाषा की समस्या बहुत ही जटिल हो गई है। किंतु लेखक ने कई लेख लिखकर इस पुस्तक में इस प्रश्न को बहुत अच्छी तरह सुलझाया है। पृष्ठसंख्या १८८, मूल्य ॥)

मुगल बादशाहों की हिंदी

(लेखक—श्री चंद्रबली पांडे, एम० ए०)

इस पुस्तक में लेखक ने सप्रमाण सिद्ध किया है कि मुसलमान बादशाह हिंदी से प्रेम करते थे और हिंदी में रचना भी करते थे। पृ० सं० १०४ मूल्य ॥)

मुल्क की जबान और फाजिल मुसलमान (उर्दू में)

(संपादक—शाह साहब नासिरुद्दीनपुरी)

इस पुस्तक में नागरी लिपि और हिंदी भाषा के संबंध में मुसलमान विद्वानों की सम्मतियाँ संगृहीत की गई हैं। मूल्य ।≈)

रघुनाथरूपक गीताँ रो

(संपादक—श्री महताब चंद खारैड़, विशारद)

डिंगल-भाषा के महाकवि मंछ (मनसाराम) का यह प्रसिद्ध ग्रंथ १८८३ वि० में लिखा गया था। इसमें रामचंद्रजी की कथा का बड़ा कवित्वपूर्ण वर्णन है और यह डिंगल-भाषा का अत्यंत प्रामाणिक रीतिग्रंथ भी है। खारैड़ जी ने डिंगल छंदों का हिंदी में शब्दार्थ और भावार्थ देकर इस ग्रंथ का बड़ी योग्यता के साथ संपादन किया है। आरंभ में पुरोहित हरिनारायण शर्मा, बी० ए०, विद्याभूषण की लिखी हुई महत्त्वपूर्ण भूमिका है। पृष्ठ-संख्या ३१०, सजिल्द, मूल्य २)।

मोहें जो दड़ो

(लेखक—श्री सतीशचंद्र काला, एम० ए०)

मोहें जो दड़ो अर्थात् 'मुर्दों का टीला' सिंधु प्रांत में एक बहुत प्रसिद्ध स्थान है। यहाँ की खोदाई में मिली हुई वस्तुओं से भारत के प्राचीन इतिहास और संस्कृति पर अच्छा प्रकाश पड़ता है जिसका वर्णन इस पुस्तक में है। पृ० सं० २००, मू० २)

मुद्रक—श्री अपूर्वकृष्ण बसु, इंडियन प्रेस, लिमिटेड, बनारस ब्रांच।

श्रीमान सेठ भैरोदानजी सेठिया

श्रीमान् सेठ भैरोंदानजी सेठिया

श्रीवीतरागाय नम

भाषणम्

मगलाचरण

त्रैलोक्य सकल त्रिकालविषय सालोकमालोकित ।
साक्षाद्येन यथा स्वय करतले रेखात्रय सागुलि ॥
रागद्वेषभयामयान्तकजरालोलत्वलोभादयो–
नाल यत्पदलङ्घनाय स महादेवो मया वन्द्यते ॥

जिसने हाथ की अगुलि सहित तीन रेखाओं के समान तीनों कालसम्बन्धी तीन लोक और अलोक को साक्षात् देख लिया है, तथा जिसे राग द्वेष भय रोग जरा मरण तृष्णा लालच आदि जीत नहीं सकते, उस महादेव–देवाधिदेव–को मैं नमस्कार करता हूँ ।

श्रीमान् स्वागतकारिणी के सभापति महोदय ! उपस्थित महानुभावो ! माताओ ! बहिनो !

आपने कृपा करके अखिल भारतवर्षीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फरेन्स जैसी आदर्श महासभा के और उस पर भी भारतवर्ष के मुकुट रूप सुविशाल विद्या के केन्द्र बम्बई नगर में होने वाले महत्त्व पूर्ण और उत्तरदायी इस पुण्य- सम्मेलन के सभापति का भार समाजके अनेक श्रीमान् धीमान् अनुभवी समाजहितैषी उत्साही महानुभावों को छोड़कर जो मुझ जैसे अल्पज्ञ और असमर्थ आदमी के सिर पर रक्खा है, इसका कारण केवल आप लोगों का मेरे प्रति प्रेमभाव ही प्रतीत होता है। जब मैं इस कार्य की गुरुता पर-विचार करता हूँ, तो मालूम होता है कि आपने मेरे ऊपर रहे हुए प्रेम का अतिशय उपयोग किया है। मुझे इस पद के स्वीकार करने में अनेक सकोच थे, क्योंकि ऐसी विशाल महासभा के सभापति में जितने गुण होने चाहिये, उनका विचार करते हुए मैं अपने को योग्य नहीं पाता हूँ। लेकिन आप महानुभावों की आग्रहपूर्ण प्रेरणा को टाल देना भी असंभव हो गया था। अस्तु, समाजसेवा की भावना के बल से इस गुरुतर भार को उठाने की हिम्मत की है। आशा है कि आप सज्जन हस्तावलम्बन देकर मेरी कठिनाइयाँ दूर करेंगे। और मैं अपने जो विचार प्रकट करूं उन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

धर्म

संसार के समस्त आस्तिक समाज का धर्म ही ध्येय है। और यह है भी ठीक। क्योंकि सांसारिक विषय ज्वाला के सन्ताप से सन्तप्त संसारी जीवों को दु खों से छुड़ाकर अनन्त निराबाध सुख में पहुँचाने वाला धर्म ही है। इसलिये इस विषय की ओर सब से पहले आपका ध्यान खींचना आवश्यक समझता हूँ।

जिनधर्म निजधर्म (आत्मधर्म) है। आत्मा अनादि है और अनन्तकाल तक रहेगा। अतएव उसका धर्म जैनधर्म भी अनादि और अनन्त है। इस परिभाषा से यह भी सिद्ध होता है कि जैनधर्म विश्व का धर्म हो सकता है। विश्वधर्म मे जो लक्षण होने चाहिए, वे सब इसमें मौजूद है। परन्तु छोटे से छोटा कार्य भी बिना प्रयत्न के नहीं होता। फिर जैनधर्म को विश्वधर्म बनाने के लिये कितना परिश्रम करना होगा, इसका अनुमान आप ही लगा सकते है। इसके लिये हमें समाज मे उत्कट विद्वान्, स्वार्थत्यागी, महापुरुषों की बड़ी आवश्यकता है। वर्तमान युग धर्म-बीज बोने का सस्कृत क्षेत्र है। इस बुद्धिवाद के जमाने मे हर एक देश सत्य की खोज मे लगे हुए दिखाई देते है। यदि इस समय हम परमात्मा महावीर के तत्त्वज्ञान की कसौटी स्याद्वाद, आचरणवाद का उत्कृष्टतत्त्व अहिंसावाद, और आत्मशोधक सर्वोत्कृष्ट अध्यात्मवाद के तत्त्वो को दूसरो के समक्ष रक्खे, तो सत्यान्वेषी समाज निस्सन्देह प्रभु वीर की छत्रछाया मे शान्ति-रसपान करता मिलेगा। वह दिन हमारे लिये कितने आनन्द का, कितने सौभाग्य का

और कितने गौरव का होगा। और तब ही हम वीर के सचे पुत्र कहलाएंगे। प्रभो! वह सुदिन शीघ्र आवे।

समाज की परिस्थिति

महानुभावो! जब हम समाज की वर्तमान परिस्थिति पर नज़र डालतेहैं, तो आशा के पूर्ण प्रकाश के बदले निराशा का घोर अन्धकार नज़र आने लगता है। जो परिस्थिति किसी समाजहितैषी धर्म-प्रिय से नहीं देखी जा सकती, वह है मानसिक और शारीरिक निर्बलता। जिधर आंख उठाकर देखतेहैं, उधर प्रायः पुरुषार्थहीन निस्तेज, निरुत्साह, निर्बल निर्बुद्धि और निराशावादी स्त्री पुरुष दिखाई देते हैं। न तन में बल, न वीर्य, न पराक्रम, न तरंगे मारते उछलता हुआ उत्साह ही दिखाई देता है, और न लहराती हुई लगन। यह तो हुई व्यक्तियों की दशा, अब समाज की ओर दृष्टि दौड़ाइये। यहां असन्तोष के और भी गहरे गर्त में गिरना पड़ता है। इसमें न सामाजिक भान है, न विद्या प्रेम है, न समाजसुधार के भाव हैं, न वात्सल्य है, न संगठन शक्ति है, न निष्पक्षता है, न विद्यागौरव है और न कर्तव्यपरायणता। ज्यादा क्या कहें, आज हमारे पास गौरव की वस्तु ही क्या रह गई है? हम वीतरागदेव, निर्ग्रन्थ गुरु और दया धर्म पर, जो कि वास्तव में हमारी मौरूसी जायदाद नहीं है, इतराते हैं, और यदि क्रियात्मक धर्म जो अपनी सम्पत्ति कही जा सकती है- पर दृष्टि डालते हैं, तो बिल्कुल गिरी अवस्था पाते हैं। हम में वह नमूनेदार अहिंसा, वह

आदर्श सत्य, वह पवित्र अचौर्यव्रत, वह सर्वार्थसाधक ब्रह्मचर्य और वह धर्ममूल सन्तोष कहां है ?, यदि हम में अहिंसा भाव होता तो दूसरों के दु'ख सुख की परवाह न कर केवल स्वार्थसाधन में ही न लगे रहते। यदि सत्य होता तो व्यापार की ऐसी दुर्दशा न होती। परदेशी व्यापारियों का व्यापार कितनी सत्यनिष्ठा और निष्कपटता से भरपूर है। यह बात उनके ट्रेडमार्क ही को देखकर हो जाने वाले विश्वास से विदित है। जिस सोने पर नेशनल बैंक की छाप होगी, उसे लोग बिना परीक्षा किये ही छाप मात्र देखकर निस्सन्देहभाव से खरीद डालते हैं। लेकिन हमारा व्यापार कितनी सत्यनिष्ठा और निष्कपटता पूर्वक होता है, यह बात एक कपड़े के थान को ही देख कर भली भाँति जानी जा सकती है। यही हाल हर एक कर्तव्य का है। मेरे मित्रो! मेरे इन शब्दों से आप अप्रसन्न न होंगे, बल्कि अपनी स्थिति पर। हम सब उसे सुधारने की चेष्टा करें और आदर्श गृहस्थ बनें। नीतिपूर्वक धनोपार्जन करें, बड़ों का विनय करें, सत्यनिष्ठ बन, परस्पर में बाधा न पहुँचा कर त्रिवर्ग-धर्म अर्थ काम- का सेवन करें, अयोग्य आहार विहार न करें, सत्पुरुषों के समागम से अपना आचरण उज्ज्वल बनावें, विवेकी बने, इन्द्रियों और मन पर काबू करें, धर्मशास्त्रों को सुनें, मनन करें, और उन के अनुसार प्रवृत्ति करें, लोक प्रिय कृतज्ञ सौम्यप्रकृति गुणग्राही परोपकारी तत्त्वज्ञानी और दानी बनें, दीन दुखियों पर दया करें और पाप से डरें तथा हमारी रग २ में धर्मप्रेम व्याप्त रहे। यदि हम सब इन नियमों का पूर्णतया पालन करेंगे, तो निस्संदेह

हम अपने आपको महावीर के सच्चे सेवक बनाकर अपने आचरणों से ही जैनधर्म की महत्ता प्रकट कर सकेंगे।

कुरीतियाँ

(बाल विवाह)

परन्तु आज जो हमारी परिस्थिति है, उसे देखते हुए मालूम होता है कि हम इन आदर्शों से बहुत दूर हैं। अभी तक समाज ऊँघ रही है, उसे मालूम ही नहीं, कि अन्य समाजें मध्याह्न के सूर्य के समान प्रकाशित हो रही हैं। समाज सृष्टि के मुख्य अंग बालक बालिकाएँ हैं। वे ही हमारे उज्ज्वल भविष्य की जीवित आशाएँ हैं। यह ध्रुव सत्य है कि जिस समाज के बालक एवं बालिकाएँ जैसी होंगी, भावी समाज भी उसी प्रकार का होगा। क्योंकि उनके समुदाय ही का नाम समाज है। इससे यह बात सिद्ध हो जाती है कि हमारे समाज का सुधार बालकों के सुधार पर निर्भर है। पर हम सुधार के इस मूल सिद्धान्त को प्रथम तो समझते ही नहीं, या समझ कर भी उपेक्षा करते हैं। इसी नासमझी या उपेक्षा का फल बालविवाह है। भला मैं इस अज्ञानता भरी कुप्रथा के विषय में क्या कहूं। बालकों का कच्ची अवस्था में वीर्य का पात होने से वे शक्तिहीन हो जाते हैं, जिससे न विद्या का लाभ ले सकते और न उनका धर्मसेवन में चित्त लगता है, बल्कि उनका जीवन ही उनके लिये भाररूप हो जाता है। कोई सभा, सभापति और व्याख्याता ऐसा न होगा, जिसने इसकी भरसक निंदा न की हो। यह समाज रूपी पौधे की जड़ में लगा हुआ

एक सर्वनाशक भयंकर कीड़ा है, जिसने समाज को नि'स-
त्त्व बना दिया है और दिनोदिन हमारी परिस्थिति को शोच
नीय बनाता जा रहा है। बालविवाह के परिणाम से वे बच्चे
अपने मूर्ख और निर्दय माता पिताओं की कुत्सित आनन्द-
लिप्सा का प्रायश्चित्त भोगते हुए, हाय २ करते अपनी जिन्द
गी बिताते हैं। इसलिये मित्रो! इस कुप्रथा को रोकने के
लिये यह सामाजिक नियम कर दिया जाय कि बालक की और
कन्या की परिपक्व अवस्था हुए बिना शादी न की जाय।

वृद्ध विवाह

इसके सिवाय भी अनेक निन्दनीय रीतियाँ हम में प्रच
लित हैं। यद्यपि वे अज्ञात नहीं है, पर फिर भी वे ज्यों की
त्यों बनी हुई हैं। कितना आश्चर्य है कि जिन्हें समाज एक
स्वर से हानिकारक समझता है, उसके सुधार की भी उसमें
शक्ति नहीं है। यदि हममें यह क्षुद्र शक्ति भी होती तो
वृद्धविवाह, कन्याविक्रय और बहुविवाह आदि कलकों को
कभी के धोकर अपने मस्तक को उज्ज्वल एवं उन्नत बना
सकते, परन्तु आज तो "अगम बुद्धि बानियों" की बुद्धि
पर आवरण पड़ा है। यही कारण है कि समाज के वृद्धपुरुष
भी अपनी विषय वासनाओं को काबू में नहीं रख सकते
और पुत्री और पोतियों सरीखी बालिकाओं का जीवन
बर्बाद करने में तनिक भी नहीं हिचकिचाते। उन्हें इस बात
का विचार भी नहीं होता कि इससे समाज की क्या दुर्दशा
हो रही है। युवकों की क्या दशा हो रही है और जो बालि
-का मेरी पैशाचिक वासनाओं के द्वारा बालविधवा बनाई

जारही है, उस बेचारी की क्या दुर्दशा होगी। सच पूछिये तो ऐसे नर, नर नहीं नरपिशाच हैं, जिन्हें निर्दोष भाली भाली बालिकाओं के सौभाग्य नष्ट करने में ही आनन्द का अनुभव होता है। ये पिशाच समाज का गला कब छोड़ेंगे यह तो परमात्मा ही जानें, पर समाज को अपना भला बुरा आप ही सोच लेना चाहिए।

कन्या विक्रय

हाँ, हम भले बुरे का असली विचार तब ही कर सकेंगे जब उनकी मोहिनी— लक्ष्मी का ममत्व त्याग सकेंगे। अपनी संतान को शाक भाजी की तरह न बेचकर" अपनी ही सन्तान के जीवित मांस को बेचकर पैसा पैदा करना घोर पाप है" ऐसा समझ लेंगे। अभी तो हम यह बात समझते हुए भी मानो नहीं समझ रहे हैं। ओफ़! कितना अधःपात! पन्द्रह कर्मादानो में प्राणी के अंगभूत ऊन आदि के व्यापार का त्याग करने वालों का ऐसा असीम अधःपात! मित्रो! "यदतीतमतीतमेव तत्" अर्थात् हुआ सो हुआ, भविष्य का विचार कीजिये और समाज को विनाश के मुँह से बचाइये।

वाग्दान (सगाई)

सज्जनो! खेद है कि समाज सुधार के बदले नयी २ कुरीतियों के जाल में फंसकर उनका शिकार बनता जा रहा है। किये हुए वाग्दान— (सगाई— सम्बन्ध) का बिना खास कारणों के किसी प्रकार के स्वार्थसाधन के लिये छोड़ देना, हमारे उक्त कथन का ज्वलन्त उदाहरण है। क्योंकि सगाई छोड़ देने के नीति में पाँच कारण बताये गये हैं। देखिये—

नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतितेऽपतौ ।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते ॥ १ ॥

अर्थात् जिसके साथ सगाई सम्बन्ध कर दिया गया हो, यदि वह बारह वर्ष तक लापता रहे, कालकवलित हो जाय, दीक्षित हो जाय (दीक्षा का अभिलाषी हो) नपुंसक खतरनाक रोग वाला हो और जाति से पतित हो जाय तो इन पाँच आपत्तियों में से किसी के उपस्थित होने पर दूसरे के साथ किया हुआ वाग्दान छोड़ा जा सकता है, अन्यथा नहीं ।

किन्तु आजकल उल्लिखित कारणों के बिना नगण्य कारणों का सहारा लेकर स्वार्थसिद्धि के लिये लोग अपने वचन का निर्वाह नहीं करते । यह बात प्रतिष्ठित व्यापारी समाज को नीचा दिखाने वाली है । अतः हमारा कर्तव्य है कि सगाई करने से पहले वर कन्या के कुल, गुण, स्वभाव, धर्म, आयु, अवस्था, आचरण, प्रतिष्ठा, शारीरिक सम्पत्ति और ज्ञान आदि के विषय में खूब सोच विचार लें, क्योंकि यह संतान के सारे जीवन की भलाई बुराई का प्रश्न है । और जब सम्बन्ध कर चुकें तो फिर उसे बिना कारण न छोड़ें । छोड़ देने से नीतिविरोध, सामाजिक बंधनों की शिथिलता, वचनभंग और विश्वासघात आदि अनेक बुराइयाँ पैदा होती हैं ।

बहु विवाह

सज्जनो ! ऊपर बताई हुई कुप्रथाओं के अतिरिक्त एक और भी कुप्रथा है । वह है बहु विवाह । मैं मानता हूँ कि

प्राचीन काल में बहु विवाह की प्रथा प्रचलित थी, पर अब वह प्राचीन काल नहीं है। अब जमाना बदल गया है। हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति पहले जैसी नहीं है। हम आँखों देखते हैं कि एक पत्नी के रहते हुए दूसरा विवाह करना क्या है, मानो कलह मोल लेना है। उस का जीवन अशान्तिमय हो जाता है, तथा धर्म पालन करना तो दूर रहा शारीरिक सुख भी नसीब नहीं होता। इस लिये जहाँ तक बन सके बहुत शीघ्र इस रिवाज को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिये।

व्यर्थ व्यय

महानुभावो! जब हम फिजूलखर्ची की ओर दृष्टि डालते हैं, तो हमारे हृदय को बड़ी चोट पहुँचती है। जिस पैसेको अनेक कठिनाइयां भोगकर और अठारह पाप स्थानो का सेवन कर पैदा करते हैं, उसे समाज के थोथ बन्धनों या कोरी 'वाहवाही' के लिये पानी की तरह बहा देते हैं, यह कितनी अज्ञानता की बात है। मृतक-भोजन को ही लीजिये,यह जातिद्वारा अवश्य कर्त्तव्य ठहरा दिया गया है। आइये इस पर थोड़ा विचार करें। कल्पना कीजिये, एक स्त्री विधवा हो गई। कुटुम्ब में कोई दूसरा पालक नहीं है। १–२ बाल बच्चे हैं। स्थिति साधारण है। जाति के बन्धन से उसे नुकता अवश्य करना होगा। नहीं तो उसका पति रास में लौटाया जाता है। और जाति की तानेबाजी जुदी। ऐसी हालत में उसे यदि हुए तो बचे खुचे गहने और रहने का घर आदि बेच कर पंचों के उदरदेव को लड्डू जलेबी का नैवेद्य चढ़ाना पड़ता है। ओफ्!

कैसा भयानक दृश्य ! । एक तरफ घर में हाय हाय, और दूसरी ओर बड़ी २ मूछों वाले धनी मानी पंच सरदारों की सेनाकी चढ़ाई । सौभाग्य तो यमराज ने लूट ही लिया था, रहा सहा सर्वस्व ये पंचराज लूट रहे हैं । असीम निर्दयता।

बन्धुओ ! इस ओर दृष्टिनिपात करो । इस भयंकर प्रथा का यथासंभव शीघ्र बहिष्कार करो । ऐसा न समझो कि यह पुराना रिवाज है, परम्परा से चला आया है, इसलिये इसे कैसे बदलें । यह बात हृदय से निकाल देनी चाहिए । क्योंकि सिद्धान्त नियमों के अतिरिक्त समाज के नियमों का परिवर्तन समय और संयोग के अनुसार होता रहता है । परम्परागत अच्छे रीति-रिवाजों में से, जो समयानुकूल हों, उन्हें कायम रखकर या सुधार कर प्रतिकूल रिवाजों का त्याग कर देना चाहिए । रहा लौकिक निन्दा का डर । सो यदि पंच या बिरादरी मिलकर मर्यादा बांधे, तो उसके अनुसार वर्तन करने में कोई निन्दा या बाधा नहीं है । यदि ऐसे कामों में एकदम सफलता न मिले तो प्रयास करते जाओ, और कम करते जाओ । हर्ष है कि कितनेक प्रान्तों में यह रिवाज बन्द हो गया है और कितनेक प्रान्तों में घृणा दृष्टि से देखा जाने लगा है । आशा है कुछ समय में ही हम इससे मुक्त हो सकेंगे ।

जिन सम्पत्तिशालियों को अपनी सम्मान रक्षा के लिये तथा यशस्कीर्ति के लिये खर्च करना आवश्यक मालूम हो, उन्हें चाहिये कि धार्मिक या सामाजिक संस्थाओं में लगायें । ताकि उसे पुण्य की प्राप्ति हो, सच्चा यश हो, समाज का भला हो, गरीबों को सहायता मिले और आ

रम्भ से चले। यदि श्रीमान् इस मार्ग का अवलम्बन करें तो साधारण परिस्थिति वालों का सुभीते से निर्वाह हो जाय। इसके अतिरिक्त समाज के बन्धनों के बिना भी ऐसे उत्सव गोठ आदि में, जिन से सामाज और धर्म को किसी प्रकार का लाभ नहीं होता, हजारों रुपये मौज शौक़ और नामवरी के लिये खर्च किये जाते हैं। यह क्या उचित है? यदि वे रुपये समाज के असहाय, गरीब दीन हीन बालकों की रक्षा शिक्षा दीक्षा में लगाये जायँ तो समाज की दशा कितनी जल्दी सुधरे। भला, इस बात का विचार कीजिये कि देश और समाज के एक अङ्ग निराधार मनुष्यों को अन्न के लाले पड़ रहे हैं, तन पर पर्याप्त वस्त्र नहीं है, जिस किसी तरह अपने संकटपूर्ण जीवनशकट को आगे धकेलते हैं, और हम मोटर गाड़ियों पर सवार होकर तेल फुलेल लगाकर बाग बगीचों में जीमन सैर सपाटा करते फिरते हैं। अगर हमारे हृदय में सच्ची दया और स्वधर्मिवात्सल्य होता तो हम इस व्यर्थ-व्यय के बजाय उनकी स्थिति सुधारने में लगे होते।

इसी प्रकार विवाह पर भी आवश्यकता से अधिक खर्च करने का प्रचार हो रहा है, इस फिजूल खर्च को रोक कर यदि वही रकम उन बालक बालिकाओं की शिक्षा और जीवन सुधार के लिये व्यय की जाय तो पिता अपनी संतति के प्रति वास्तविक कर्तव्य पालन कर सके। क्योंकि विवाह तो तीन दिन की खुशी है, उसमें हजारों रुपया का बरबाद करना और बच्चों की शिक्षा में चौथाई भी न लगाना, वणिक जैसी चतुर कौम के लिये अत्यन्त लज्जास्पद है।

इस विषय में समाज के नेताओं और पंचों से मेरा नम्र निवेदन है कि वे विवाह का खर्च घटाने के लिये पंचायती नियम बनावें और विवाह खर्च के अनुसार कुछ लाग लगा कर उस द्रव्य से किसी भी प्रान्तिक ज्ञानसंस्था की सहायता करें।

यदि एक वर्ष का भी व्यर्थ व्यय मिटाकर शिक्षाप्रचार के कार्य में लगाया जाय तो निस्सन्देह एक अच्छा जैन विश्वविद्यालय क़ायम करके चलाया जा सकता है। अतः समाज के नेताओं को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

हमारी कॉन्फरेन्स

(महासभा)

प्राचीन काल में भारतवर्ष में सभाओं का पूर्ण प्रचार था। भगवान् का समवसरण भी सभा का एक आदर्श प्रकार था। इसी प्रकार संघ-सम्मेलन, स्वामिवात्सल्य प्रथाएँ भी सभाओं के विशेष २ रूप थे। किन्तु काल के परिवर्तन से उन संस्थाओं का अब वैसा प्रचार नहीं रहा। अतः समाज धर्म और देश के सुधार के लिए हमारे समाज में कॉन्फ़रेन्स स्थापित करने की इच्छा का उदय हुआ। इसके फलस्वरूप पहला अधिवेशन सन् १९०६ में मौरवी (काठियावाड़) में हुआ। अतः मौरवी कॉन्फ़रेन्स की जन्म भूमि है। उसके जन्मदाता होने का श्रेय स्व० सेठ अंबावीदास डोसाणी को है। तदनन्तर दूसरा अधिवेशन १९०८ में रतलाम, तीसरा १९०९ में अजमेर, चौथा १९१० में जालन्धर, पाँचवा १९१३ में सिकन्दराबाद और छठा १९१४ में मलकापुर में हुआ।

सिकन्दराबाद के अधिवेशन तक कॉन्फ्ररेन्स का शुक्ल पक्ष था। उस थोड़े ही समय में कॉन्फ्ररेन्स ने प्रेस, पेपर (अखबार), जैन ट्रेनिङ्ग कॉलेज रतलाम, बोर्डिंगहाउस बम्बई, बालाश्रम अहमदनगर, छुन्नरशाला अजमेर वगैरह विभाग स्थापित किए। सारे भारतवर्ष मे उपदेशको का भ्रमण प्रारम्भ कराया। कितने ही कुरिवाजों पर कुठाराघात हुआ। पजाब मारवाड़ गुजरात जैसे दूरवर्ती भाइयों में स्वधर्मप्रेम जागृत हुआ। लोगों ने ज्ञान की क़ीमत समझी। शतावधानी प० मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी महाराज की सहाय्य से अर्धमागधी कोष का कार्य भी कॉन्फ्ररेन्स ने अपने ज़िम्मे लिया। लोगो में चारों ओर ख़ासी जागृति हुई।

उत्थान और पतन – चढ़ाव और उतार प्रकृति का सहज नियम है। भला, कॉन्फरेन्स के काल का परिवर्तन क्यों न होता? बस कॉन्फ्ररेन्स का प्रकाश फीका पड़ने लगा। इस समय की स्थिति आप से अज्ञात नहीं। मैं गई गुज़री कह कर आत्मा को दुखी करना नहीं चाहता। अस्तु

अब पुन शुक्लपक्ष आया। दोज के पतले और छोटे से चन्द्रमा को लोग जिस आतुरता और आनन्द से देखते हैं, वैसी आतुरता और आनन्द से मलकापुर के अधिवेशन मे भारत के सकल सघ ने भाग लिया। मलकापुर जैसे छोटे शहर ने कॉन्फ्ररेन्स के अधिवेशन पर बारहवर्ष से लगा हुआ ताला खोला। सच है कि छैनी, हीरा कणी, तिजोरी की चाबी, यंत्रो की कल, देखने में छोटी होने पर भी सगीन काम कर बताती है, यही कार्य मलकापुर के दस घरों के छोटे से सघ ने कर बताया।

दोज के चांद को देखकर विचक्षण पुरुष सारे महीने का भविष्यफल कह देते हैं। मलकापुर के अधिवेशन मे बनाये गये कार्यक्रम से हमने जो आशाएँ बांधीं थीं वे सौभाग्यवश सफलता के उन्मुख हो रही हैं, यह प्रगट करते हुए मुझे अतीव आनन्द होता है।

अन्तिम अधिवेशन के अनन्तर—

कॉन्फरेन्स का कार्यालय बम्बई जैसे विशाल और विख्यात क्षेत्र में आया। कॉन्फ़रेंस-रथ की धुरा निष्पक्ष अनुभवी विचारशील उत्साही मन्त्रियों की सुयोग्य जोड़ी पर रक्खी गई। सो ठीक ही हुआ। श्रीमान् सूरजमल लल्लूभाई जौहरी तथा श्रीमान् वेलजी लखमशी नप्पु B A. L L B ने वयोवृद्ध श्रीमान् सेठ मेघजी भाई थोभण जे० पी० के सभापतित्व में जो कार्यभार उठाकर कॉन्फ़रन्स की कीर्ति का पुन प्रसार किया है, इसके लिए मैं उन्हें सहर्ष धन्यवाद दिए बिना नहीं रह सकता। समाज आपके इस प्रशंसनीय प्रयास को सन्मान दृष्टि से देखता है।

कॉन्फरेन्सप्रकाश पत्र—जो शोचनीय स्थिति में आ गया था और जिसके लिए गत अधिवेशन के प्रमुख महोदय ने नरम से नरम शब्दों में "भाट" और "बीजक" कहा था, उस स्थिति को सुधारकर उनके सूचित किए हुए मार्ग से प्रगतिशील बना है। आज इस की ग्राहक संख्या पहले से पांच गुनी बढ़ गई है। "प्रकाश" की लोकप्रियता का यह एक प्रबल प्रमाण है।

जैन ट्रेनिङ्ग कॉलेज— पुनः प्रारम्भ करने के लिए मलकापुर म जो प्रस्ताव हुआ था, तदनुसार ता० १६ अगस्त सन् १९२६ को बीकानेर में प्रारम्भ हो गया है। इस समय उसमें १४ विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हमारा समाज ज्ञान मे इतना पिछड़ा हुआ है कि नियमानुसार मेट्रिक क्लास के विद्यार्थियों को प्रवेश करने के लिए प्रयत्न किया गया, परन्तु वैसे विद्यार्थी न मिल सके और अन्त मे मिडिल क्लास के विद्यार्थी प्रविष्ट करने पड़े। आश्चर्य है, ऐसा करने पर भी विद्यार्थियों की संख्या पूरी नहीं हुई। मेरी इच्छा है कि अधिक विद्यार्थी कॉलेज से लाभ उठावें। इस इच्छा को पूर्ण करने के लिए आप सब से आग्रहपूर्ण प्रार्थना करता हूँ।

शिक्षासुधारणा परिषद्— राजकोट में हुई। उसने पाठशालाओं का पठनक्रम सरीखा करना, पाठ्यपुस्तकें तैयार करना, पाठशालाओं की देखरेख के लिए इन्स्पेक्टर नियत करना, अध्यापक-परीक्षा लेना आदि की योजना की है। इन योजनाओं का सफल देखने के लिए हम उत्सुक हैं। गुजराती भाइयों ने उक्त कार्य करने के लिए कॉन्फरेन्स को जो सहायता दी है, वह प्रशंसनीय है। यही योजना हिन्दीविभाग (मारवाड़, मेवाड़, मालवा, पंजाब और मध्यभारत) के लिए होना बहुत जरूरी है। और इस के विषय में शीघ्र परिषद् बुला कर निर्णय करने के लिए हिन्दीविभाग के भाइयों से निवेदन करता हूं।

तिथियों की एकता— हमारे भिन्न २ सम्प्रदायों के मतभेद का एक कारण तिथियों की भिन्न २ मान्यता है।

कॉन्फरेन्स के प्रयास से तिथियों की एकता हो गई है। एक सर्वमान्य टीप भी प्रकाशित हो चुकी है। इस अवसर की जानकारी और शान्तिवर्द्धक प्रवृत्ति के लिए गुजरातवि भाग के मुनिराज और श्रीसघ धन्यवाद के पात्र हैं। इसी प्रवृत्ति को स्वीकार करने के लिए मैं हिन्दी विभाग के मुनि राज और श्रीसंघ से प्रार्थना करता हूं। फलवाले वृक्ष ही नम जाते हैं, यह विचार कर छोटी छोटी बातों के मतभेद को छोड़ देने म ही संघ धर्म और आत्मा का कल्याण है। वह दिन धन्य होगा जब हिन्दीविभाग भी इस एकता को स्वीकार करेगा।

अर्द्धमागधी कोष— कोषका कार्य पूर्ण करने के लिए बहुत ताकीद हो रही है। कॉन्फरेन्स का प्रेस अजमेर से इन्दौर भेज दिया गया है। आशा है यह कार्य एकाध वर्ष में ही पूर्ण हो जायगा।

मलकापुर अधिवेशन के बाद का काम काज बताने के बाद यह बतला देना आवश्यक समझता हू कि कॉन्फरेन्स में पास हुए कितने ही प्रस्ताव कागजों म लिखे रह जाते हैं। इस स्थिति को हमें बदल देना चाहिए। इच्छानुसार लम्बे प्रस्तावों के पास करने से ही सुधार नहीं हो जाता। अत प्रस्ताव भले ही थोड़े हो, पर जितने हों, उन्हे अमल में लाया जाय। सुधार का यही एक अच्छा मार्ग है। प्रस्तावो को अमल मे लाने के लिए समस्त समाज म उपदेशकों द्वारा आन्दोलन कराना चाहिए।

पहले प्रस्ताव

इससे पहले के अधिवेशनो में उत्तमोत्तम और आवश्यक प्रस्ताव पास हो चुके हैं। जैसे बालविवाहविरोध, लग्न की मर्यादा, वृद्धविवाह का निषेध, बहुविवाह का विरोध, व्यर्थव्यय का निषेध, दीक्षा लेने की योग्यताप्रदर्शक पचास साक्षिया होने पर दीक्षा देना, जैनशालाओं की वृद्धि करने और जाच करने के लिए इन्स्पेक्टर नियत करना, इत्यादि प्रस्ताव ज्यों के त्यों कागज़ों में ही लिखे पड़े है। इतना ही नहीं, जगह २ उपदेशक घुमाना, चार आना फण्ड एकत्र करना और प्रान्तिक सेक्रेटरियो द्वारा प्रत्येक शहर और गाँवो में समिति स्थापित करना, और प्रान्तिक कॉन्फरेन्स करना, ये खास कार्रवाइयाँ भी नहीं हुई हैं। इस प्रकार आपका ध्यान आकर्षित करता हूँ कि कॉन्फरेन्स के पहले प्रस्ताव महत्त्वपूर्ण होने पर भी क्यों पार न पड़ सके? इस प्रश्न का निर्णय कर और उनमें यथा योग्य संशोधन कर अमल में आने के उपाय काम में लाय।

प्रान्तिक समिति

जिन प्रान्तो के सामाजिक रीतिरिवाज़ प्रथाएँ और भाषा एक हो, उन मुख्य २ प्रान्तों की प्रान्तिक सभा स्थापित करें। वहां के विचारक लोग अपने समाज और संघ में सुधार करने का विचार करें और अमली कार्य करें। ऐसी प्रत्येक प्रान्तिक सभाओं के अधिवेशन प्रतिवर्ष जनरल कॉन्फ़रेन्स के अधिवेशन से पहिले हो। और अपने सुधार व प्रगति कॉन्फ़रन्स को बताये। १

प्रान्तिक व्यवस्था

कॉन्फ़रन्स ने अपनी व्यवस्था करने और अपना पैगाम पहुँचाने के लिए भारत के २६ विभाग करके, वहा के दो प्रतिष्ठित और उत्साही प्रान्तिक सेक्रेटरी बनाने का जो नियम बनाया है, वह ठीक है। प्रान्तिक सेक्रेटरी के ज़िम्मे चार आना फण्ड एकत्र करना, मर्दुमशुमारी करना, अपने विभाग में प्रवास करना, और जनता की सहानुभूति कॉन्फ़रेंस के प्रति बढ़ाना आदि कार्य हैं, वे सेक्रेटरियों को अपने कारबार से फ़ुर्सत न मिलने के कारण पूरे नहीं हो सके। कितनेक प्रान्त के अग्रेसरों ने सेक्रेटरी पद भी स्वीकार नहीं किए। इस बाधा को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें एक २ वैतनिक सहायक मंत्री दिया जाय। वह अपने विभाग में मत्री की आज्ञानुसार घूमकर चार आना फंड एकत्र करना, मर्दुमशुमारी करना, पाठशालाएँ स्थापित करवाना, सुधार का उपदेश देना, सघ की व्यवस्था का निरीक्षण करना, कुरीतियों को हटाना, कॉन्फ़रेन्स के प्रति सहानुभूति बढ़ाना, आदि कार्य करे और अपने कार्य की रिपोर्ट मत्री के पास भेजता रहे। इस प्रकार हिन्द के २६×२=५२ प्रतिष्ठित गृहस्थों का कॉन्फ़रेंस अपना अंगभूत बना सकेगी। और प्रत्येक प्रान्त के दो २ अनुभवी विद्वानों को मिलाकर विद्वानों और श्रीमानों का एक सयुक्त "निरीक्षक मण्डल" हो सकता है, यह मण्डल नियत समय पर एकत्र होकर अपनी २ त्रुटियों को सुधार कर उन्नति के उपाय सोचे। यह "निरीक्षक मण्डल" प्रान्तिक सभा और जनरल सभा को कुतुबनुमा का काम देगा।

से सुन कर तटस्थ रीति से सोचें और उनको दूर करने का प्रयास करें। वहाँ सघ का एकत्र करके बहुमत से स्थानीय व्यवस्थापक मडल स्थापन करें, जो प्रत्येक कार्य वहाँ के सघ की बहुमति से किया करें। यदि किसी कार्य में मत भेद हो जाय तो मध्यस्थ मण्डल से निपटेरा करा लेवे। सघ में परस्पर प्रेम, शान्ति, व्यवस्था व सगठन के लिए यही एक अद्वितीय व अमोघ साधन है, इसलिए सज्जनो ! इस ओर आपका ध्यान विशेष रूप से आकर्षित करता हू।

अनाथालय

सज्जनो! हमारा समाज दयामागा समाज है। हम पशु पक्षियो की रक्षा करने के लिए पींजरापोल आदि संस्थाएँ स्थापित करना अपना कर्त्तव्य समझते हैं। इसी प्रकार करुणा बुद्धि से अनाथ बालकों की भी रक्षा करना परम आवश्यक है। क्योंकि पशु आदि की अपेक्षा मनुष्य ज्ञान आदि में अधिक है। इसलिए रक्षा-कार्य में इन्हें पहला स्थान मिलना चाहिए। जिन अनाथ निराधार बालकों के रक्षक माता पिता भाई आदि नहीं होते, वे बेचारे निराश्रय होकर इधर उधर मारे फिरते हैं। और पेट की अग्नि को शान्त करने के लिये जैसा सहारा मिलता है, उसीका आश्रय ले लेते हैं। ऐसे ही हजारों अनाथों ने अन्न के बिना काल की शरण ली है, या अपने धर्म को तिलांजलि देकर विधर्मियो की शरण ली है। इसलिये उनकी रक्षा शिक्षा के लिये अनाथालय होना अत्यन्त आवश्यक है। एक अनाथालय आगरे में स्थापित हुआ है। यदि उसकी व्यवस्था ठीक हो तो उसे सहायता देकर उन्नत बनाना

चाहिए। किन्तु इस महत्त्व पूर्ण कार्य के लिये इतने में ही सन्तोष न कर लेना चाहिए, बल्कि और २ भी स्थापित कर वास्तविक दयाधर्म का परिचय देना चाहिए। ध्यान रहे कि इन अनाथों की रग २ में जैनधर्म का महत्त्व और प्रेम व्याप्त हो जाय। उनकी शिक्षा ऐसी हो कि वे स्वाश्रयी सदाचारी और समाजसेवी बनें। नये जैन बनाने का यह अच्छा उपाय है।

श्राविकाश्रम

इस उन्नतिशील समय में स्त्रीशिक्षा की कितनी आवश्यकता है ?, इस विषय मे सर्वत्र ऊहापोह हो रहा है। ऐसी अवस्था मे अपना पीछे रहना उचित नहीं कहा जा सकता। हमारी कन्याएँ और बहिनें शिक्षित, सुशील और सहायक बने, नैतिक और धार्मिक उन्नता सीखें, उनका शारीरिक और मानसिक विकाश हो, आरोग्य के और गृहोपयोगी आवश्यक नियमों को जाने, बालकों को शूरवीर बनावे, इत्यादि सब बातों का आधार स्त्रीशिक्षा पर ही निर्भर है। आजकल आयु की कमी, तथा बाल विवाह, वृद्धविवाह आदि कुप्रथाओं के कारण विधवाओं की सख्या बढ गई और बढती जा रही है। उन मे बाल विधवाओं की सख्या भी बहुत है। उनकी स्थिति देख कर किस समाज हितैषी का हृदय विदीर्ण न होगा ? विधवा होने के बाद उनका जीवन निराधार हो जाता है। उनके पालक उनकी पूरी परवाह नहीं करते। अशिक्षित होने से न तो वे नीति और धर्म की रक्षा कर सकती हैं और न

कुरीतियों से बचकर अपना पवित्र जीवन व्यतीत कर सकती हैं। ऐसी अवस्था में उनमें से बहुतों का अधःपात हो जाता है। बहुतेरे उदाहरण तो हम आँखों देखते हैं। अत धर्ममय जीवन बिताने के लिए, शील और सदाचार की रक्षा के लिए शिक्षा की प्राप्ति के लिए श्राविकाश्रम की हर एक प्रान्त में आवश्यकता है। उसमें धार्मिक और नैतिक शिक्षा के साथ २ सीना पिरोना कसीदा काढ़ना आदि जीवननिर्वाह के योग्य हुन्नर सिखाया जाय। तथा समाज की अन्य शिक्षासंस्थाओं के लिए अध्यापिकाएँ और उपदेशिकाएँ तैयार की जायँ।

हुन्नर शाला

मनुष्य के मुख्य दो कार्य हैं- जीवननिर्वाह और आत्मोद्धार। जीवननिर्वाह के पूरे साधन होने पर ही आत्मोद्धार में प्रवृत्ति हो सकती है। फिर बढ़ती हुई गरीबी और बेकारी के ज़माने में व्यवसाय और कला हुन्नर सिखाने की कितनी आवश्यकता है? दूसरी साधारण जातियों के लोग मिहनत मज़दूरी करके अपना निर्वाह कर लेते हैं, लेकिन जैन जाति के लोग वैसा करके अपना निर्वाह नहीं कर सकते। और कई लोग बुद्धि की मन्दता उम्र की अधिकता और विद्या के साधन न मिलने से पूरी शिक्षा नहीं पा सकते, उनके निर्वाह के लिए कला और हुन्नर सिखाने की खास ज़रूरत है। वह हुन्नर या कला ऐसी हो, जिस में आरम्भ ज्यादा न हो और जिससे सुखपूर्वक अपना जीवन बिता सकें। इसी उद्देश्य से

अजमेर में हुनरशाला खोली गई थी, किन्तु समाज के दुर्भाग्य से यह बन्द हो गई है। अब फिर उसके पुनरुद्धार के लिए प्रयास करना चाहिये। उस के अतिरिक्त योग्य २ स्थानो में अथवा हर एक प्रान्तमें, जहां जो हुनर सुभीते से सिखाया जा सके, ऐसे स्थानों में ऐसी हुनर शालाए खोली जावे।

कॉन्फ़रेन्स के एक उत्साही कर्णधार श्रीयुत् दुर्लभजी भाई जौहरी ने जयपुर में "जौहरीशाला" स्थापित कर के मीनाकारी हीरा, मोती आदि जवाहिरात का काम साहित्य के साथ सिखाने का शुभ विचार प्रकट किया था। तदनुसार पन्ने घिसने का काम सिखाना प्रारंभ कर दिया है, व जवाहिरात का साहित्य तैयार हो रहा है, यह प्रशसनीय है। समाज को चाहिए कि ऐसी सस्थाओं को सहायता देकर उत्तेजना दें, और अपनी सन्तान को तथा स्कॉलर्शिप देकर अन्य जैनविद्यार्थियों को शीघ्र भेजकर उनसे लाभ उठावें *।

समाज के प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है "चाहे वह व्यवसायी हो या नौकरपेशा" कि वह अपनी आय में से कुछ हिस्सा अवश्य निकाला करें और उससे अपने यहा कोई उपयोगी सस्था छोटे या बड़े रूप में स्थापित करें, या अपने प्रान्त की संस्थाओं को सहायता किया करें। समाज की शीघ्र उन्नति का यह एक सरल मार्ग है।

---

* हरएक सस्था में धार्मिक शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए।

हमारे गुरु

मित्रो ! अपने परमोपकारी, चारित्रवान्, निर्ग्रन्थ गुरुओं पर हमें गर्व और श्रद्धा है कि वे वीरशासन को दिपावेंगे,-प्रकाशित करेंगे तथा विश्वप्रेम की ध्वजा फहरावेंगे। हमारे गुरुओं ने अपने कुटुम्ब के १०-५ मनुष्यों की रक्षा का भार छोड़ कर लाखों जैनों को धर्म में स्थिर करने और ८४ लाख योनियों के अनन्त जीवों की रक्षा और हित-साधन की जिम्मेवारी अपने हाथ में ली है। ऐसा विशाल उत्तरदायित्व जिन्होंने प्रसन्नता से लिया है, वे हमारे गुरु हैं। यह हमारे लिये गौरव की बात है, और यदि सच पूछा जाय तो सारे संसार की खाक छानने पर भी उनकी जोड़ी का कोई दूसरा त्यागी न मिलेगा।

इन विचक्षण महानुभावों से मेरा नम्र निवेदन है कि वे जिस सम्प्रदाय में आचार्य न हो, उसमें चतुर्विध संघ की अनुमति से आचार्य की स्थापना करें और वे सब आचार्य गुणग्राहक बुद्धि से परस्पर प्रेम का प्रचार करें। पश्चात् सब आचार्य आपस में एक दूसरे की सम्मति मिला कर "मुनिसम्मेलन" करें और उसमें भावी सुधारों की योजना करके धर्मोन्नति और धर्मप्रचार के लिये शीघ्र कटिबद्ध हो जायँ।

बन्धुओ ! मेरी यह विनति आप उन पवित्रात्माओं को अर्ज़ करके योग्य प्रेरणा करें।

ज्ञानप्रचार

ज्ञान आत्मा का गुण है। यह समता सहिष्णुता ऋजुता और दिव्यता पैदाकर हमारा जीवन ज्योतिर्मय बनाता

है। धार्मिक क्रियाओं से आत्मबल शुद्धि और जीवन की दिव्यता प्रगट होती है; किन्तु ज्ञान धार्मिकक्रियाओं के लिए दीपक समान है। आज कल के विज्ञानप्रिय और चमत्कारी समय में जैनों को सब से आगे रहना चाहिए। अपने आगम केवलज्ञानी के वचन हैं। यह मानकर ही सन्तोष न कर लेना चाहिए, बल्कि उसकी वैज्ञानिक सत्य ता संसार के सामने उपस्थित करनी चाहिए। उसके उपाय इस प्रकार हैं—

तत्वशोधकवर्ग— कुशाग्रबुद्धि, शोधनशक्ति और तत्वज्ञान प्रेमियों को तत्वज्ञान के साथ तुलनात्मक पद्धति से अन्यशास्त्रों (विज्ञान शरीरमानस समाज, शास्त्र) का अभ्यास कराने के लिए और स्वाभाविक रुचि वाले गृहस्थ व त्यागी को लेखन, वक्तृत्व, कवित्व, आदि की शक्ति बढ़ाने की सुविधा कर दी जाय। इस विषय में लाखों का खर्च भी निष्फल न होगा। ये लोग जैनतत्व का नवीन ढंग से प्रकाश फैलावेंगे। उपदेश, शिक्षणपद्धति, समाज-सुधार आदि की नयी रीतियाँ बतलाकर नवीन चेतन और उत्साह प्रगट करेंगे।

शिक्षाप्रचारक मण्डल (Education Board)—जनता में शिक्षा की रुचि बढ़ाने के लिए, शिक्षक और शिक्षिकाएँ, तैयार करने के लिए फुर्सत के समय घर बैठे अभ्यास करने की प्रेरणा करने के लिए ऐसे मण्डल की जरूरत है, जो कि भिन्न २ श्रेणियों के अभ्यासक्रम की रचना करके प्रति वर्ष परीक्षा लेने की व्यवस्था करे। यह जैनधर्मप्रवेशक शिक्षक विनीत पण्डित स्नातक आचार्य आदि कक्षाओं में उत्तीर्ण होने

वालों को प्रमाणपत्र पदवी और पुरस्कार देने की व्यवस्था करे।

मासिक पत्र और ट्रेक्ट— जैनतत्त्वज्ञान, जीवनोपयोगी विषय तथा स्त्रियों बालकों और युवाओं को समयधर्म तथा नीतिधर्म की शिक्षा देने के लिए, कुप्रथाओं को दूर करने और आत्मा में शान्त प्रेमरस प्रकट करने के लिए अनुभवी विद्वान् सम्पादक के सम्पादकत्व में एक आदर्श मासिकपत्र शुरू होना चाहिए। इसके सिवाय भिन्न २ विषयों पर अनुभवी विद्वानों द्वारा भिन्न २ भाषाओं में ट्रेक्ट प्रगट करके सस्ती कीमत से या बिना मूल्य बँटवाना चाहिए।

"**जैनगीता**—जैनतत्त्वज्ञान को संक्षेप और सरलता से बताने वाली एक छोटी किताब की जरूरत है, जो जैन फिलासफ़ी का शीघ्र अभ्यास करने वालों को उपयोगी हो सके। ऐसी पुस्तक का अनुवाद संसार की सब भाषाओं में करके सस्ती कीमत में बेचा जाय। इस कार्य में सब जैन फिरकों के अनुभवी विद्वानों की सहायता मिलने की संभावना है।"

ग्रन्थ-प्रकाशन— आजकल जीवन-कलह के भरपूर प्रपंचों से शास्त्राध्ययन की प्रवृत्ति शिथिल होगई है। ऐसी दशा में संस्कृत प्राकृत आदि भाषाओं के पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति का समय कैसे मिल सकता है? ऐसी हालत में लोगों को तत्त्वज्ञान सिखाना हो, धर्म के सन्मुख करना हो और ज्ञानप्रेमी बनाना हो, तो प्राचीन महान ग्रन्थ और सिद्धान्तों का मातृभाषा में अनुवाद कर प्रसिद्ध करना चाहिए। दिगम्बर आचार्यों ने इस विषय

में बहुत कुछ काम किया है। तथा जैसलमेर में "प्राचीन जैन आगमोद्धारक कमेटी" ने प्राचीन शास्त्रभण्डार अभी खोला है, उसमें ताड़पत्र पर भी बहुत से ग्रन्थ मौजूद हैं। वहां पण्डित और लेखक को भेजकर किसी भी ग्रन्थ की दो प्रतियां बनाकर एक प्रति जैसलमेर भण्डार को दी जाय और एक लिखाने वाला ले, ऐसा कमेटी ने नियम रक्खा है । इस तरह यथेष्ट प्राचीन साहित्य पाने का यह सुनहरी अवसर है । इससे लाभ उठाना भी मैं आवश्यक समझता हूं।

मैं विद्वानों से फिर भी प्रेरणा करता हूं कि अपने गौरव बढ़ाने वाले प्राचीन आगम और ग्रन्थों को आधुनिक शैली से मातृभाषा में अनुवाद करके प्रकट करें तो जनता का अधिक उपकार होगा।

धर्म प्रचार

हम लोग आपसी झगड़ों में पड़कर अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं, जब कि आर्यसमाज और ईसाई जैसे समाजों ने थोड़े ही दिनों में आश्चर्यजनक उन्नति कर ली है। इस समय ईसाइयों की संख्या भारतवर्ष में लगभग ५० लाख और समाजियों की करीब २० लाख सुनी जाती है। उधर वह दिनोंदिन बढ़ती जाती है और इधर हमारी संख्या घटती जा रही है। यदि हमारी संख्या इसी रफ्तार से घटती रही तो थोड़े ही दिनों में परिणाम भयंकर होगा। परन्तु यह हो नहीं सकता, क्योंकि सर्वज्ञ का कथन है कि धर्म पांचवे काल के अन्त तक अवशिष्ट रहेगा। इससे मालूम होता है कि हमारी उन्नति अवश्य

बल और कायबल आदि सुख की सामग्री मिली है, वह सब हमारे पूर्व जन्म में की गई करुणापूर्वक सहायता का फल है।

नीति शिक्षा

समाज में जिस प्रकार धर्मप्रचार की जरूरत है, उसी प्रकार नीतिज्ञान प्रचार की भी। नीतिज्ञान न होने से मनुष्य मनुष्यत्व से भी हाथ धो बैठता है। नैतिक शिक्षा सदाचार की जड़ है, और सदाचार मनुष्य जीवन का प्राण। जिस व्यक्ति में सदाचार-हीनता हो, वह मनुष्य होकर भी पशुसमान है। यही बात किसी कवि ने कही है—

मानुष बनते नीति से, नय बिन पशु समान।
इससे मन में नीति को, रखिए चतुर सुजान॥

जिस समाज में सदाचारी व्यक्ति होते हैं, वह समाज गौरवदृष्टि से देखा जाता है। अतः हे मित्रो! सदाचार का प्रसार करने के लिए नीतिविज्ञान की बड़ी भारी आवश्यकता है।

गुण-सन्मान

"गुणियों के गुण दिपाना" यह सम्यक्त्व का अंग है। इससे जनता में गुणग्राहक वृत्ति जागृत होती और गुणी जनों के उत्साह की वृद्धि और विकास होता है। नये नये गुणी जनों की वृद्धि और विकास होने से नैतिक उच्चता और सद्गुणों की व्यापकता होती है। यह गुणसन्मान करने का कार्य कॉन्फरेन्स का है। अतः वह प्रत्येक अधिवेशन के समय सुयोग्य विद्वानों गृहस्थों और साधुओं को योग्य कृतज्ञतासूचक पदवी प्रदान करे। पदवी प्रदान

करने से पहले उस व्यक्ति की सचरित्रता और श्रद्धा जरूर देखी जानी चाहिए। इस तजवीज़ से हम प्रगति करके बहुत उन्नत हो सकेंगे।

महिला-महिमा

स्त्रियों का सुधार, शिक्षा और महिमा यह माता की महत्ता है। स्त्रियों में निडरता, विद्याप्रेम, संस्कृति व्यवस्थाशक्ति, आरोग्यज्ञान स्वाश्रय और सेवाभाव का विकास करना कितना महत्त्वपूर्ण है? यह अब स्पष्ट हो चुका है। स्त्रियों की आत्माओं को हमने अपनी डरपोक और कायरवृत्ति से कुचल दिया है। उन्हें फिर पोषण करके विकसित करना हमारा पहला कर्तव्य है। किं बहुना, हमारे संसारसुख के अभ्युदय की कुंजी, स्त्रियों के सुधार में रही हुई है।

इस अधिवेशन में स्त्रियों ने पुरुषों का जो हाथ बँटाया है, उसे देख कर मेरा हृदय प्रफुल्लित होता है। बहिनों को मेरा आशीर्वाद है कि इसी प्रकार पुरुषों के प्रत्येक कार्य में सहकार देकर अपना मान और गौरव बढ़ावें।

सिकन्दराबाद में सन् १९१३ के अधिवेशन के समय महिलापरिषद् की चौथी बैठक हुई थी, पर उल्लेखनीय कोई कार्य नहीं हुआ है।

बहिनो! सन् १९१३ के बाद तेरह वर्ष का खासा ज़माना गुज़र चुका। मानो राम सीता और पाण्डव द्रौपदी का वनवास समाप्त हुआ है। आप भी बम्बई जैसे उदार और विशाल क्षेत्र में स्त्री-उन्नति की उदार और विशाल योजनाएँ रचकर कर्त्तव्यशील बनो! और भारत की पिछड़ी हुई बहिनों को अपने आदर्श से जागृत करो।

उपसंहार

प्रिय आत्मबंधुओ! और बहिनो! अब मैं अपना व्याख्यान समाप्त करता हूँ। यद्यपि मैं ने आपका बहुत समय लिया है, किन्तु जब आप लोगों ने समाज की सेवा करने का कार्य मुझे सुपुर्द किया, तो मुझे अपना कर्तव्य पालन करना ही चाहिए। मित्रो! मैं ने यथाशक्ति समाज की स्थिति और भावी कर्तव्य आपके समक्ष रक्खा है। आप लोग उस पर यथोचित विचार मनन और प्रगति करके कर्तव्यमें लावें। केवल विचार या विधिज्ञान से कार्य की पूर्णता नहीं हो सकती। प्रभु महावीर ने भी "सम्यग्ज्ञानदर्शन चारित्राणि मोक्षमार्ग" और "ज्ञानक्रियाभ्याम् मोक्षः" इन सूत्रों से ज्ञानपूर्वक क्रिया की आवश्यकता प्रतिपादन की है। अतः आप भी विधिज्ञान श्रद्धा और क्रिया शीलता से समाज देश और धर्म में जागृति फैलाओ। किं बहुना, सांसारिक बन्धनों को क्रमशः दूर कर उच्च तदशा और आत्मशुद्धि पाकर मुक्तात्मा बनो। यह मेरी सदा सर्वथा प्रार्थना है।

अन्तिम मंगल—

क्षेमं सर्वप्रजानां प्रभवतु बलवान् धार्मिको भूमिपालः,
काले काले च सम्यक् समवतु मघवा व्याधयो यान्तु नाशम्।
दुर्भिक्षं चौरमारी क्षणमपि जगतां मा स्म भूज्जीवलोके,
जैनेन्द्रं धर्मचक्रं प्रभवतु सततं सर्वसौख्यप्रदायि ॥ १ ॥

शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!